Page 11 | Page 10

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित



खेल

**आईपीएल : हर्षल पटेल ने बुमराह मलिंगा को भी छोड़ा पीछे, 150 विकेट चटककार...**

देश


**जज भी इंसान ही होते हैं और उनसे गलती हो जाना स्वाभाविक है : जस्टिस अभय एस ओका**



मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, शतभिषा, विक्रम संवत् 2082 • औरंगाबाद • बुधवार • 21 मई 2025 • वर्ष 27 • अंक 159 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 95,020 | ₹ 97,000 |

## आज का इतिहास

**1991 :** भारत के पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी की हत्या तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में आत्मघाती हमलावर द्वारा की गई थी।

**1929 :** भारत की पहली एयर कार्गो सेवा तत्कालीन कलकत्ता (अब कोलकाता) और बागडोगरा के बीच शुरू।

## न्यूज बाइट्स

### स्वस्थ विश्व के निर्माण के लिए कमजोर लोगों के स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत: प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली (ए.)।** नयी दिल्ली 20 मई (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को जिनेवा में विश्व स्वास्थ्य सभा के 78वें सत्र को वीडियो कांफ्रेन्स से संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ विश्व का निर्माण इस बात पर निर्भर करता है कि हम सबसे कमजोर लोगों के स्वास्थ्य की देखभाल कितनी अच्छी तरह से करते हैं। श्री मोदी ने इस वर्ष के थीम 'स्वास्थ्य के लिए एक विश्व' का उल्लेख करते हुए इस बात पर जोर दिया कि यह वैश्विक स्वास्थ्य के लिए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है। उन्होंने वर्ष 2023 में विश्व स्वास्थ्य सभा में अपने संबोधन को याद करते हुए 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ दुनिया का भविष्य समावेश, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर करता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समावेश भारत के स्वास्थ्य सुधारों के मूल में है। उन्होंने दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत का जिक्र करते हुए कहा कि यह 58 करोड लोगों को मुफ्त उपचार की सुविधा प्रदान करती है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सौगात

# मुख्यमंत्री ने 1002 करोड़ की 1327 योजनाओं का किया शिलान्यास

- सड़क-नाला, पार्क, स्ट्रीट लाइट सबका होगा निर्माण, पटना स्मार्ट सिटी का भी शुभारंभ

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड द्वारा कार्यान्वित मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के अंतर्गत 1002 करोड़ रुपए की लागत की 1327 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलान्यास किया। इस अवसर पर पटना के गांधी मैदान स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पटना स्मार्ट सिटी परियोजना अंतर्गत ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन के एकीकरण एवं स्वचालन योजना का भी बटन दबाकर उद्घाटन किया। इस एकीकरण योजना के प्रारंभ होने से पटना शहर अंतर्गत जलनिकासी हेतु बने ड्रेनेज पम्पिंग स्टेशनों की निगरानी कंट्रोल रूम से की जा सकेगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा तैयार की गई लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। मुख्यमंत्री ने विकास योजनाओं पर आधारित मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के विवरणिका का विमोचन किया।

कार्यक्रम में नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह तथा पटना नगर निगम के आयुक्त अनिमेष पराशर ने योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों में विकास को तीव्रता प्रदान करने हेतु जुलाई, 2024 में मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना कार्यान्वित की गयी है। इसके अंतर्गत राज्य के शहरी क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं का विकास यथा जलनिकासी की व्यवस्था, सड़कों का निर्माण एवं जीर्णोद्धार, पार्कों का निर्माण, तालाबों/ घाटों का निर्माण एवं सौन्दर्गीकरण जैसी योजनाएं शामिल हैं। योजनाओं की प्राथमिकता के निर्धारण हेतु संबंधित जिला के प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिलास्तरीय संचालन समिति का गठन किया गया है। चयनित योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु बुडको को कार्य एजेंसी बनाया गया है। 2024-25 में कुल 400 करोड़ रुपये की राशि सभी जिलों को नगर निकायों की जनसंख्या के आधार पर आवंटित किया जा चुका है। राज्य के सभी 38 जिलों में कुल 1 हजार 327 योजनाओं का चयन किया गया है जिसकी प्राक्कलित राशि लगभग 1002 करोड़ रूपये है। इसके अंतर्गत अब तक उत्तर बिहार के लिए कुल 624 योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है जिनमें सड़क निर्माण हेतु 211, नाला निर्माण हेतु 97, सड़क-सह-नाला निर्माण हेतु 215, पार्क निर्माण हेतु 8, स्ट्रीट लाईट हेतु 56 एवं अन्य 37 योजनाएं शामिल हैं। इसी प्रकार दक्षिण बिहार के लिए कुल 703 योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गयी हैं जिनमें सड़क निर्माण हेतु 199, नाला निर्माण हेतु 84, सड़क-सह-नाला निर्माण हेतु 317, पार्क निर्माण हेतु 10, स्ट्रीट लाईट हेतु 26 एवं अन्य 67 योजनाएँ शामिल हैं।



### शहरी विकास योजना में 1327 काम तय

यह योजना जुलाई 2024 में शुरू हुई थी, ताकि शहरों में सड़क, नाला, पार्क, घाट और तालाब जैसी सुविधाएं बेहतर की जा सकें। इस योजना के तहत बिहार के सभी 38 जिलों में कुल 1327 काम होंगे, जिनके लिए पहले ही 1002 करोड़ रुपए स्वीकृत किए जा चुके हैं। उत्तर बिहार के लिए 624 और दक्षिण बिहार के लिए 703 योजनाएं पास की गई हैं। इनमें सड़क बनाने, नाले बनाने, सड़क और नाले दोनों साथ बनाने, पार्क और स्ट्रीट लाइट लगाने जैसे काम शामिल हैं।

बड़े पैमाने पर अफसरों का फेरबदल

# बिहार में 12 आईएएस, छह आईपीएस, 36 एसडीओ एवं आठ डीडीसी का हुआ तबादला

निज संवाददाता | पटना

चुनावी साल में बिहार में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। राज्य सरकार ने मंगलवार को 12 आईएएस और 36 बिहार प्रशासनिक सेवा (बिप्रसे) के अधिकारियों का तबादला किया है। बेगूसराय, भोजपुर, समस्तीपुर समेत 8 जिलों में नए डीडीसी नियुक्त किए गए हैं। बेतिया, मुंगेर और भागलपुर में नए नगर आयुक्तों की तैनाती हुई है। राज्य के 36 अनुमंडलों में नए एसडीओ की तैनाती हुई है। इसके साथ ही बिहार सरकार ने 6 आईपीएस अधिकारियों का भी ट्रांसफर कर दिया। तबादले में इन आईपीएस की तैनाती ईओयू, निगरानी, एससीआरबी, एसएसजी, बी-सैप में की गई है। भोजपुर की डीडीसी डॉ अनुपमा सिंह को स्वास्थ्य विभाग में संयुक्त सचिव बनाया गया है। जहानाबाद, भोजपुर, समस्तीपुर, कैमूर, बक्सर, बेगूसराय, सुपौल और मधेपुरा में नए डीडीसी बनाए गए हैं। वहीं आईएएस डॉ. प्रीति को जहानाबाद, गुंजन को भोजपुर, शैलजा पांडेय को समस्तीपुर, सूर्य प्रताप सिंह को कैमूर, प्रवीण कुमार को बेगूसराय, आकाश चौधरी को बक्सर, सारा अशरफ को सुपौल, अनिल बसाक को मधेपुरा का डीडीसी बनाया गया है। आईएएस शुभम कुमार को भागलपुर, शिवाक्षी दीक्षित को मुंगेर और लक्ष्मण तिवारी को बेतिया का नगर आयुक्त बनाया गया है।

### 36 अनुमंडलों में नए एसडीओ तैनात

अविनाश कुमार- बक्सर सदर, केशव आनंद- नीमचक बथानी (गया), स्वतंत्र कुमार सुमन- रजौली (नवादा), अनिल कुमार- गोपालगंज सदर, विकास कुमार- बेतिया सदर, मनीष कुमार झा- बेनीपुर (दरभंगा), चंदन कुमार झा- मधुबनी (सदर) , अनिश कुमार- फुलपरास (मधुबनी), किशन कुमार- दलसिंहसराय (समस्तीपुर), श्रीयांश तिवारी- सहरसा सदर, आलोक राय- सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा), धीरज कुमार सिन्हा- निर्मली (सुपौल), अभिषेक रंजन- बायसी (पूर्णिया), अनुपम- धमदाहा (पूर्णिया), त्रिलोकी नाथ सिंह- मनिहारी (कटिहार), विकास कुमार- भागलपुर सदर, सौरव कुमार- जमुई, धनंजय कुमार- खगड़िया सदर, तरणिजा- बलिया (बेगूसराय), पंकज कुमार घोष- उदाकिशुनगंज (मधेपुरा), प्रभाकर कुमार- लखीसराय, प्रभात कुमार- बिक्रमगंज (रोहतास), चंदन कुमार - बाढ़ (पटना), अमित कुमार पटेल- हिलसा (नालंदा), नीलेश कुमार - डेहरी ऑन सोन (रोहतास), मनीष कुमार- रक्सौल (पूर्वी चंपारण), संदीप कुमार- रोसड़ा (समस्तीपुर), रंजीत कुमार रंजन- फारबिसगंज (अररिया), प्रमोद कुमार- बनमनखी (पूर्णिया), शारंग पाणि पांडेय- बेनीपट्टी (मधुबनी) राज कुमार - बांका अभिषेक कुमार - त्रिवेणीगंज (सुपौल), कुमार अभिषेक- मुंगेर सदर, गौरव कुमार - पुपरी (सीतामढ़ी), अभिषेक कुमार - मसौढ़ी (पटना)

### आईपीएस अधिकारियों का हुआ तबादला

आईपीएस राजीव रंजन को राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो का एसपी बनाया गया है। राकेश कुमार सिन्हा को निगरानी अन्वषण ब्यूरो में एसपी, पंकज कुमार को आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) में एसपी, अनंत कुमार राय को सहायक पुलिस महानिरीक्षक यातायात, मनीष कुमार सिन्हा को विशेष सुरक्षा दल तो राजेश कुमार को बीसैप-16 में नई जिम्मेदारी दी गई है।

## इंटरमीडिएट परीक्षा का अंक पत्र बिहार बोर्ड ने जिला शिक्षा कार्यालय में भेजा

**पटना (नि.सं.)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बिहार बोर्ड) ने इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 का अंक पत्र संबंधित जिले के जिला शिक्षा कार्यालय में भेज दिया है। बोर्ड ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) को पत्र लिखा है। बोर्ड ने कहा है कि अंक पत्र के साथ औपबंधिक प्रमाण पत्र और माइग्रेशन (प्रवजन) और क्रॉस लिस्ट भी संबंधित जिले के जिला शिक्षा कार्यालय में भेज दिया गया है। बोर्ड ने कहा है कि संबंधित जिले के प्लस टू स्तर के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान के प्राचार्य स्वयं या अपने प्रतिनिधि को भेजकर अंक पत्र आदि डीईओ कार्यालय से प्राप्त कर लेंगे। बोर्ड ने कहा है कि अंक पत्र प्राप्त करने के बाद उसका मिलान जरूर कर लेंगे। यदि किसी पैकेट में किसी दूसरे शिक्षण संस्थान के छात्र-छात्रा का दस्तावेज प्राप्त हो जाता है तो उसे जिला शिक्षा कार्यालय में अविलंब जमा कराएंगे।

बाढ़ की तैयारी को लेकर सीएम नीतीश कुमार ने की उच्चस्तरीय बैठक, बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों पर हुई चर्चा

# आपदा पीड़ितों की मदद करना राज्य सरकार की प्राथमिकता : सीएम

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को संभावित बाढ़ और सुखाड़ को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मुख्य सचिवालय स्थित सभा कक्ष में आयोजित इस बैठक में जिलों के डीएम और एसपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से शामिल हुए। बैठक में बाढ़ राहत के लिए नाव, पॉलिथिन शीट, दवाएं, पशुचारा, सामुदायिक रसोई, सूखा राशन, बाढ़ आश्रय स्थल, जिला आपात संचालन केंद्र जैसी व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बताया कि इस साल जून में सामान्य से कम वर्षा हो सकती है, जबकि जुलाई से सितंबर के बीच सामान्य वर्षापात होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर सामुदायिक रसोई की व्यवस्था की सराहना राष्ट्रीय स्तर पर होती रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा पीड़ितों की मदद राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बाढ़ और सुखाड़ की स्थिति से निपटने के लिए पहले से पूरी तैयारी रखें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि तटबंधों की समय पर मरम्मत हो जानी चाहिए। पीने के पानी और इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित हो। फसल क्षति पर किसानों को सहायता मिले। सड़कों की मरम्मत समय पर हो जाए। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों और सचिवों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने जिलों में जाकर बैठक करें, वस्तुस्थिति की जानकारी लें और उसी आधार पर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2007 और 2008 की बाढ़ तथा कोसी त्रासदी से मिली सीख के आधार पर राज्य ने आपदा प्रबंधन में सुधार किया है। उन्होंने बताया कि 2016 से बाढ़ पीड़ित परिवारों को 6 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाती थी, जिसे 2023 में बढ़ाकर 7 हजार रुपये कर दिया गया। मृतकों के परिजनों को 4 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाती है।

राजधानी पटना में ड्रेनेज को लेकर बने कमांड कंट्रोल सिस्टम का भी सीएम ने शिलान्यास और निरीक्षण किया। इस बैठक में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित जल संसाधन, ऊर्जा, स्वास्थ्य, पथ निर्माण, पशु संसाधन, योजना, कृषि सहित कई विभागों के मंत्री और अधिकारी शामिल थे। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और मौसम विभाग के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।



### केंद्र से 11000 करोड़ की राशि बिहार के लिए स्वीकृत

इन योजनाओं में 115 योजना भारत और 58 योजना नेपाल में प्रस्तावित हैं। नेपाल क्षेत्र में बाढ़ से बचाव के लिए 85 करोड़ की राशि बिहार सरकार खर्च कर रही है। केंद्र सरकार की ओर से भी इस साल केंद्रीय बजट में 11000 करोड़ की राशि बिहार के बाढ़ प्रबंधन को लेकर स्वीकृत की गई है।

# पंचायतों में 26 से 28 तक अभियान चलाकर बनाया जायेगा आयुष्मान कार्ड

निज संवाददाता | पटना

राज्य के सभी पंचायतों में 26, 27 और 28 मई को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड बनेगा। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि इसको लेकर मुख्य सचिव के स्तर से सभी जिलाधिकारियों को दिशा-निर्देश भेजा गया है। मंत्री मंगलवार को बापू टॉवर के सभागार में आयुष्मान भारत : प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत नव सूचीबद्ध 68 निजी अस्पतालों के पदाधिकारियों-चिकित्सकों के उन्मुखीकरण सह कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अस्पतालों में आ रहे वैसे मरीज जो आयुष्मान कार्ड की पात्रता रखते हैं, उन्हें खोजकर कार्ड बनवाएं।

जानकारी दी कि वर्ष 2018 में शुरू हुई आयुष्मान योजना में अब-तक राज्य में 1173 अस्पताल सूचीबद्ध हो चुके हैं। इनमें 587 निजी और 586 सरकारी अस्पताल हैं। छह वर्षों में योजना के तहत 20.5 लाख लोगों को इलाज मुहैया कराया गया। इस पर अब तक 2670 करोड़ खर्च हुए हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य के अंदर 1000 करोड़ रुपये से गरीबों का इलाज किया गया। बिहार में अब-तक 3.75 करोड़ आयुष्मान कार्ड बने हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि हर गरीब को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्राप्त हो और इसी उद्देश्य से इस योजना की शुरुआत की गई। उसी क्रम में प्रदेश में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में गरीबों और वंचितों को योजना के तहत लाभ मिल रहा है। अबतक 70 वर्ष से अधिक उम्र के कुल 2.33 लाख पात्र लाभुकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बना है। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव मनोज कुमार सिंह, राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत, शैलेश चंद्र दिवाकर आदि उपस्थित थे।

## बिहार में 7279 विशेष शिक्षकों की होगी नियुक्ति, आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट

- पहली से पांचवीं कक्षा के 5,534 तथा छठी से आठवीं के 1,745 शिक्षक होंगे नियुक्त

निज संवाददाता | पटना

राज्य के सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में 7,279 विशेष शिक्षकों की नियुक्ति होगी। इनमें पहली से पांचवीं कक्षा के 5,534 तथा छठी से आठवीं के 1,745 शिक्षक नियुक्त किए जाएंगे। इच्छुक अर्हत्ताधारी अभ्यर्थियों को प्रथम समव्यवहार में अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्षों की छूट देय होगी। विशेष शिक्षकों की नियुक्ति बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से होगी।

## खिलाड़ियों को मिलेगी ओलंपिक वाली सुविधा, सीएम बनाएंगे आठ खेल गांव

निज संवाददाता | पटना

बिहार के लोगों को खेल के प्रति जागरुक करने के लिए नीतीश सरकार की ओर से कई प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नीतीश सरकार ने एक और अहम फैसला लिया है। जिसके तहत राज्य के 8 प्रमंडलों में खेल गांव बनाया जाएगा। वहीं राजधानी पटना में 100 एकड़ में राज्य का सबसे बड़ा खेल गांव बनेंगे। इन खेल गांवों में ओलंपिक स्तर की सुविधाएं दी जाएगी। सहरसा और पूर्णिया में जल्द ही निर्माण कार्य शुरु होगा।

दरअसल, खेल प्रतिभाओं को निखारने और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को तैयार करने के उद्देश्य से बिहार सरकार राज्य के सभी प्रमंडलों में खेल गांव बनाने जा रही है। इस दिशा में आठ प्रमंडलों में भूमि चिह्नित कर ली गई हैय़ जबकि सहरसा और पूर्णिया में खेल गांव निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है।

### प्रमंडलों में तैयारी तेज

दरभंगा में जमीन की पहचान हो चुकी है, हस्तांतरण की प्रक्रिया चल रही है। भागलपुर के तिलका मांझी विश्वविद्यालय की जमीन प्रस्तावित है जिसकी एनओसी की प्रक्रिया जारी है। मुजफ्फरपुर में इंजीनियरिंग कॉलेज की जमीन चिन्हित है वहां भी एनओसी की प्रक्रिया चल रही है। गया और मुंगेर में जमीन चिन्हित कर आगे की कार्रवाई प्रगति पर है। वहीं छपरा में पूर्व में चिह्नित जमीन अनुपयुक्त पाई गई जिसके कारण जिला प्रशासन नए स्थल की तलाशी कर रही है।

कैसे बचें अगलगी से

बिहार सरकार

आग से घर, खेत, खलिहान, जान-माल आदि की भारी क्षति होती है, जिसे नीचे दी गई सावधानियों को अपनाकर रोका जा सकता है-

- दिन का खाना सुबह 9 बजे से पहले एवं शाम में 6 बजे के बाद बनाएँ।
- खाना बनाने के बाद चूल्हे की आग को पूरी तरह से बुझा दें।
- रसोई घर की छत ऊँची रखें।
- आग बुझाने के लिए बाल्टी में पानी भर कर रसोई के पास रखें।
- दीपक (दीया), लालटेन, मोमबत्ती को ऐसी जगह रखें, जहाँ आग लगने की संभावना न हो।
- शार्ट सर्किट से बचाव के लिए बिजली की वायरिंग की समय-समय पर मरम्मत कराते रहें।
- उत्सव के दौरान घर में लगे पंडाल अथवा टेंट के पास से बिजली का तार न ले जाएँ।
- जलती हुई माचिस की तिली अथवा अधजली बीड़ी एवं सिगरेट पीकर इधर-उधर ना फेंकें।
- जहाँ भी सामूहिक भोजन इत्यादि का कार्य हो रहा हो, वहाँ पर दो से तीन ड्रम पानी अवश्य रखें।
- भोजन पकाने का कार्य तेज हवा में न करें।
- खाना बनाते समय हमेशा सूती कपड़ा ही पहनें।

यदि आप आग की चपेट में आ जाएँ तो दिये गए चित्रों के अनुसार आग को बुझाएँ




आग लगने की स्थिति में तुरंत कॉल करें- फायर ब्रिगेड 101

साथ-ही

प्रशासन को तुरंत सूचित कर उन्हें आग बुझाने में सहयोग करें।

आपदा नहीं हो भारी यदि पूरी हो तैयारी

आपात स्थिति में संपर्क करें

राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र (SEOC)
दूरभाष: (91) 0612-2294204 / 205
टॉल फ्री नं.: 1070, मो.नं.: 7070290170

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
(आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार)

हेल्प लाईन 101 112

डी-ब्लॉक, 5वाँ तल, सरदार पटेल भवन, नेहरू पथ, पटना- 800 023, दूरभाष: +91(0612) 2547232, वेबसाइट: www.bsdma.org, ईमेल: info@bsdma.org

PR No.- 003208 (Disaster)D. 2025-26

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बकरी फार्म की जमीन पर कब्जे को लेकर फायरिंग, पांच आरोपी धराए

**मानपुर**। एसएस कॉलोनी स्थित बकरी फार्म की जमीन पर कब्जे को लेकर हुई गोलीबारी के मामले में पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में मौर्या घाट पंचायतिया अखाड़ा निवासी मो. अमानुल्लाह का बेटा मो. कमरान, भेजा निवासी आनंदी चौधरी का बेटा श्रवण चौधरी, गणेश मालाकार का बेटा दीपु मालाकार, रतन चौधरी का बेटा रंजीत चौधरी और विजय पासवान का बेटा प्रकाश पासवान शामिल हैं। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से छह मोबाइल, 24 हजार 500 रुपए नकद और एक क्रेटा वाहन जब्त किया। एसडीपीओ सुनील कुमार पाण्डेय ने बताया कि आरोपियों के सीता कुण्ड बाईपास के पास होने की सूचना मिली थी। इसके बाद थानाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी, एसएआई शशि भूषण प्रसाद और एसआई रविराज ने घेराबंदी कर सभी को पकड़ा। गिरफ्तारी के बाद इलाके में कई तरह की चर्चाएं हैं। कुछ लोगों का कहना है कि आरोपियों को झारखंड के चौपारण से पकड़ा गया। कुछ लोगों का मानना है कि पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई की। ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि घटना की रात पुलिस पांच गाड़ियों के साथ श्रवण चौधरी के घर पहुंची थी। पुलिस ने आरोपियों को हर हाल में पकड़ने की बात कही थी। पूछताछ के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। घटना 17 मई को हुई थी। भदेजा पंचायत स्थित फल्गु नदी किनारे 17 एकड़ में फैले बकरी फार्म की जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में जमकर फायरिंग हुई थी। मौके पर पहुंची पुलिस को 315 बोर के पांच खाली खोखे मिले थे। थानाध्यक्ष की लिखित तहरीर पर दोनों पक्षों के 20 लोगों को नामजद किया गया है। अपर थानाध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद ने कहा कि फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी होगी।

### चाणक्य स्कॉलरशिप परीक्षा : चयनित छात्रों को एक लाख रुपए तक की मिलेगी स्कॉलरशिप

**गया**। मगध ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, गया ने पटना के दयानंद +2 स्कूल, मीठापुर में चाणक्य स्कॉलरशिप परीक्षा-2025 का आयोजन किया। इस परीक्षा में हजारों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा का उद्देश्य नर्सिंग और फार्मेसी जैसे कोर्सों में प्रवेश के लिए योग्य छात्रों का चयन करना था। यह परीक्षा मगध ग्रुप के तहत संचालित संस्थानों में नामांकन के लिए थी। इनमें मगध पैरामेडिकल एंड नर्सिंग कॉलेज, गया, चाणक्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन, पटना, डॉ. त्रिशूलधारी पांडेय मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, नालंदा और विवेकानंद पैरामेडिकल एंड नर्सिंग कॉलेज, गया शामिल हैं। परीक्षा में छात्रों का उत्साह और आत्मविश्वास साफ नजर आया। बिहार के कोने-कोने से आए छात्रों ने इसमें भाग लिया। चयनित छात्रों को एक लाख रुपए तक की स्कॉलरशिप दी जाएगी। यह राशि फीस माफी, छात्रावास सुविधा और अन्य शैक्षणिक सहायता के रूप में दी जाएगी। इसका मकसद मेधावी और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को बेहतर शिक्षा देना है। ताकि वे स्वास्थ्य सेवा, नर्सिंग और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। संस्था के चेयरमैन राजेश पांडेय ने कहा कि ग्रामीण और शहरी छात्रों को समान अवसर देना संस्था का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही युवाओं को सशक्त बनाकर देश के विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा सकती है। परीक्षा के सफल आयोजन में शिक्षकों, कर्मचारियों और स्वयंसेवकों की अहम भूमिका रही। अभिभावकों ने भी इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा छात्रों को आगे बढ़ने का मजबूत मंच देती है। परीक्षा का परिणाम जल्द ही संस्था की वेबसाइट और सोशल मीडिया पर जारी किया जाएगा। मगध ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स भविष्य में भी इस तरह की छात्रवृत्ति परीक्षाएं आयोजित करता रहेगा।

### एमडीएम के चावल की कालाबाजारी में विशिष्ट शिक्षक व रसोइया पर केस

**फतेहपुर**। मध्य विद्यालय, फतेहपुर से एमडीएम चावल की कालाबाजारी के मामले में विशिष्ट शिक्षक संजीत कुमार और रसोइया जीतेश कुमार के खिलाफ फतेहपुर थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम के संज्ञान में मामला आने के बाद की गई। डीएम के निर्देश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने आदेश जारी किया। इसके आधार पर प्रखंड पी. एम. पोषण योजना के साधनसेवी राजीव रंजन ने एफआईआर दर्ज कराई। एफआईआर में कहा गया है कि संजीत कुमार और जीतेश कुमार का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें दोनों को विद्यालय से एमडीएम चावल बोरा पलटी कर टेम्पो पर लोड करते देखा गया। वीडियो सामने आने के बाद डीएम ने इसे गंभीरता से लिया। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को कार्रवाई का निर्देश दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेश पर दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई। साथ ही शिक्षक संजीत कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि एमडीएम साधनसेवी के आवेदन पर एफआईआर दर्ज की गई है। इसमें दोनों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। मामले की जांच जारी है।

### मंत्री श्रवण कुमार और सांसद कौशलेंद्र कुमार ने किया उद्घाटन

**बिहारशरीफ**। बेरोजगार युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से श्रम संसाधन विभाग, के तत्वावधान में जिला नियोजनालय, नालंदा द्वारा सोमवार को राजगीर के मेला मैदान में नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार एवं सांसद कौशलेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मेले में कुल 18 नियोजकों ने भाग लिया।

पूर्व रेलवे

**ई–निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/25/34, दिनांक:** 19.05.2025, "प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक", पूर्व रेलवे, फेयरली प्लेस, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता–700001 द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि : (1); 12250001;** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी–6938 के अनुरूप 60 केजी रेल के लिए एचवीएन–66 इंसुलेटिंग लाइनर; रु.149960, **निविदा खुलने की तिथि:** 03.06.2025, **समय:** 13.30 बजे, **(2); 11251023;** यॉ डैंपर; रु.1248370, **(3); 15255013ए;** न्यूनतम 2500 केजी क्षमता के शेड एवं लिफ्टिंग मैकेनिज्म के साथ एएमसी सहित सीएनसी सरफेस व्हील लेद की आपूर्ति, संस्थापन एवं आरंभ करना आदि; रु.1831450, **निविदा खुलने की तिथि:** 04.06.2025, **समय:** 13.30 बजे [क्रम सं. 2 एवं 3 हेतु], **(4); 22251041;**इंज. पिपरासिलिन 4 ग्रा. + टैजोबैक्टम 500 मिग्रा.; रु.0, **निविदा खुलने की तिथि:** 05.06.2025, **समय:** 13.30 बजे, **(5); 21251463;** ब्रेक सिलिंडर आदि के लिए होज पाइप; रु.109730, **निविदा खुलने की तिथि:** 06.06.2025, **समय:** 13.30 बजे, **(6); 11251025;** प्राइमरी वर्टिकल डैंपर; रु. 731950, **(7); 11251839;** सेकंडरी वर्टिकल डैंपर;रु. 524470, **(8); 19251833;** एयर फ्लो इंडिकेटर के साथ गेज कॉम्प्लेक्स आदि; रु.110250 **(9); 20251954;** एयर स्प्रिंग सस्पेंशन सिस्टम के साथ एम/कोच की एक्सल बॉक्स गाइड व्यवस्था के लिए हेलिकल स्प्रिंग; रु. 1459550, **निविदा खुलने की तिथि:** 09.06.2025, **समय:** 13.30 बजे [क्रम सं. 6 से 9 हेतु], **(10); 10255034;** बुल गियर 107 टीथ; रु.103740 **(11); 10255035;** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. एसकेडीपी–3474 के तहत बुल गियर 72 टीथ गियर; रु.107330 **(12); 21241356ए;** बीओएक्सएनएचल के लिए बोगी सेंटर पिवॉट बॉटम असेंबली आदि; रु.342420, **निविदा खुलने की तिथि:** 12.06.2025, **समय:** 13.30 बजे [क्रम सं. 10 से 12 हेतु], **(13); 10245039;** मेन कम्प्रेसर 1750/1745 एलपीएम; रु.1176530 **(14); 20241829बी;** ट्रैक्शन मोटर टाइप 253 बीडब्ल्यू एवं 4601 एजेड के लिए मॉडिफाइड फैन चेंबर (3.15 मिमी मोटा प्लेट); रु.108320 **(15); 20251882;** एक्सल गाइड हेलिकल स्प्रिंग; रु. 226800 **(16); 20251883;** हेलिकल स्प्रिंग सेंटरलेस; रु.603640, **निविदा खुलने की तिथि:** 16.06.2025, **समय:** 13.30 बजे [क्रम सं. 13 से 16 हेतु],**(17); 10255023;**डब्ल्यूएपी7 लोको के लिए हेलिकल स्प्रिंग; रु.281890, **निविदा खुलने की तिथि:** 18.06.2025, **समय:** 13.30 बजे, **(18); 19251683;** एलिमेंट फिल्टर आदि; रु.639290, **निविदा खुलने की तिथि:** 25.06.2025, **समय:** 13.30 बजे, **(19); 10255020;** डब्ल्यूएपी5 के लिए गियर बॉक्स केस (मशीन्ड); रु.211080, **निविदा खुलने की तिथि:** 27.06.2025, **समय:** 13.30 बजे, **(20); 10251057;**मैकेनिज्म असेंबली को छोड़कर पैंटोग्राफ कम्प्लीट; रु.326270, **निविदा खुलने की तिथि:** 30.06.2025, **समय:** 13.30 बजे, **(21); 10251024;** एल.ई.डी. आधारित फ्लैशर लाइट सिस्टम आदि की खरीद; रु. 214050, **निविदा खुलने की तिथि:** 01.07.2025, **समय:** 13.30 बजे, **(22); 10251015;** माइक्रोप्रोसेसर आधारित इलेक्ट्रॉनिक स्पीड इंडिकेटर; रु.934390, **निविदा खुलने की तिथि:** 08.07.2025, **समय:** 13.30 बजे **(23); 10255033;** सस्पेंशन ट्यूब (एमएसयू) का सेट; रु.203750, **निविदा खुलने की तिथि:** 10.07.2025, **समय:** 13.30 बजे, **(24); 10251025;** सिंगल इंटरप्टर वैक्यूम सर्किट ब्रेकर; रु.1140640, **निविदा खुलने की तिथि:** 15.07.2025, **समय:** 13.30 बजे, **(25); 10251021;** सस्पेंशन ट्यूब रोलर बेयरिंग (जीडब्ल्यूई); रु. 523840, **निविदा खुलने की तिथि:** 07.08.2025, **समय:** 13.30 बजे, **(26); 10252007;** ब्रेक गियर अरेंजमेंट; रु. 494410, **निविदा खुलने की तिथि:** 18.08.2025, **समय:** 13.30 बजे, **निविदा मूल्य:** रु. 0 [क्रम सं. 1 से 26 हेतु] । **टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।
STORES-11/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, भारत सरकार के विभिन्न राज्यों के नव-नियुक्त 26 प्रशिक्षु अधिकारी प्रशिक्षण के अंतर्गत पटना दौरे पर

निज संवाददाता। पटना




केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के विभिन्न राज्यों के नव-नियुक्त 26 प्रशिक्षु अधिकारी (वैज्ञानिक-'ख') उनके एक वर्षीय ILTC प्रशिक्षण के अंतर्गत देश के विभिन्न भूजलीय क्षेत्रों के अध्ययन के दौरे के क्रम में बिहार की भूजलीय स्थिति और भूजल सम्बंधित विभिन्न आयामों के अध्ययन के लिए एक सप्ताह (18-24 मई 2025) की अवधि के लिए केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य-पूर्वी क्षेत्र, पटना में सोमवार को आए। केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य-पूर्वी क्षेत्र, पटना के क्षेत्रीय निदेशक, राजीव रंजन शुक्ला ने प्रशिक्षु अधिकारियों का स्वागत किया गया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें नालंदा और गया में केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड द्वारा किये गए और वर्तमान में चल रहे विभिन्न गतिविधियों को दिखाया जाएगा। नालंदा और गया जिले लघु जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा निर्मित कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं को दिखाया जाएगा। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार सरकार द्वारा निर्मित फ्लोराइड रिमूवल प्लांट और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी प्रशिक्षुओं को दिखाया जाएगा। भूजलीय आयामों के अध्ययन के उद्देश्य से राजगीर स्थित गर्म कुण्ड का भ्रमण प्रशिक्षुओं को कराया जाएगा। फील्ड अध्ययन के दौरान कोऑर्डिनेटर और वरिष्ठ भूजल वैज्ञानिक आलोक कुमार सिन्हा एवं सतेन्द्र कुमार द्वारा इन्फिल्टरेशन टेस्ट, भूजल वैज्ञानिक डॉ सोमवीर सिंह और रितिक दास द्वारा भूभौतिक सर्वेक्षण भी कराया जाना है। वरिष्ठ भूजल वैज्ञानिक सोनम तथा खशबू आनंद द्वारा प्रशिक्षु अधिकारियों को ए. न. कॉलेज परिसर मे लगे डिजिटल वाटर लेवल रीकॉर्डर के विषय मे बताया जाएगा। इसके अतिरिक्त भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और बिहार मौसम सेवा केंद्र ,पटना में प्रशिक्षु अधिकारियों को जल उपयोग दक्षता, कृषि में भूजल उपयोग के सर्वोत्तम प्रबंधन पद्धतियाँ, भूमि और जल उत्पादकता में वृद्धि तथा मौसम विज्ञान पर भी प्रशिक्षण दिया जाएगा । पंकज कुमार, वैज्ञानिक-'घ' द्वारा बिहार की भूजलीय परिस्थिति पर एक व्याख्यान दिया गया। इन प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण की नोडल अधिकारी आलोक कुमार सिन्हा, वैज्ञानिक-'घ' ने इस दौरे में प्रशिक्षण के विभिन्न विषयों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री की कार्यशैली पर उठाए सवाल

निज संवाददाता। गया

गया के गुरुआ विधानसभा क्षेत्र में रविवार को तेजस्वी यादव पहुंचे। क्षेत्रीय विधायक विनय कुमार के पिता व मगध सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष उमेश कुमार वर्मा की प्रतिमा का अनावरण पूर्व डिप्टी सीएम और राजद नेता तेजस्वी यादव ने किया। इस मौके पर इन्होंने मंच से नीतीश सरकार पर हमला बोला। गुरुआ हाई स्कूल परिसर में आयोजित जनसभा में तेजस्वी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कार्यशैली और मानसिक स्थिति पर सवाल उठाया। कहा अब मुख्यमंत्री सिर्फ 2005 से पहले की बातें दोहराते हैं। उन्हें न अपनी सरकार के उप मुख्यमंत्रियों के नाम याद रहते हैं न युवाओं की पीड़ा याद रहती है। वे आदरणीय हैं, लेकिन अब शासन संभालने की स्थिति में नहीं हैं।

**प्रतियोगी परीक्षाओं के फॉर्म निशुल्क होंगे:** तेजस्वी ने युवाओं को लेकर कई बड़े ऐलान किए। कहा महागठबंधन की सरकार बनी, तो प्रतियोगी परीक्षाओं के फॉर्म निशुल्क होंगे। परीक्षा केंद्र तक आने-जाने का भाड़ा भी दिया जाएगा। पेपर लीक की घटनाओं पर सख्ती होगी और समय पर परीक्षा कराई जाएगी। उन्होंने NDA पर तंज कसते हुए कहा कि फॉर्म की फीस बढ़ाकर युवाओं पर बोझ डाल दिया गया। रोजगार मांगने वालों को लाठियों से जवाब दिया जा रहा है।

**कानून-व्यवस्था पर भी घेरा:** तेजस्वी ने बिहार की कानून-व्यवस्था को भी आड़े हाथों लिया। कहा राज्य में अपराधियों को खुला संरक्षण मिल रहा है। लूट, अपहरण, हत्या और बलात्कार आम हो चले हैं। हर दिन 200 राउंड गोलियां चलती हैं। लेकिन सरकार आंख मूंदे बैठी है। इस दौरान मंच पर विधायक विनय कुमार समेत कई राजद नेता मौजूद थे। प्रतिमा अनावरण के बहाने तेजस्वी ने अपने भाषण से बिहार की राजनीति में 2025 के चुनावी संकेत दे दिए।

## रोज 200 राउंड गोलियां चल रही : तेजस्वी यादव

निज संवाददाता। गया

बोधगया में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कानून-व्यवस्था, महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर राज्य-केंद्र सरकार दोनों को घेरा। कहा कि राज्य में रोज 200 राउंड गोलियां चल रही है, कहीं-कहीं तो अपराधी ही पुलिस का एनकाउंटर कर रहे हैं। ब्लॉक से लेकर जिला मुख्यालय तक हर स्तर पर भ्रष्टाचार फैला है। तेजस्वी ने दावा किया कि बिहार की हालत इतनी बिगड़ चुकी है कि पलायन, बेरोजगारी और गरीबी में राज्य देश में नंबर वन हो गया है। मुख्यमंत्री को उन्होंने अचेता अवस्था में बताया और तंज कसा कि आलम यह है कि उन्हें अपने 2 मंत्रियों के नाम तक अब याद नहीं रहते। पारा मिलिट्री के जवानों और अफसरों को शहीद का दर्जा मिलेः महंगाई के मुद्दे पर तेजस्वी ने कहा कि हम मां-बहनों के खाते में 2500 डलवाकर रहेंगे। सरकार को इस मसले पर घुटने टेकने पर मजबूर कर देंगे। उन्होंने केंद्र सरकार से यह भी मांग की कि सीमा पर मारे जा रहे पारा मिलिट्री के जवानों और अफसरों को शहीद का दर्जा दिया जाए। वो भी देश के लिए मरते हैं, सरकार को सम्मान देना ही चाहिए। इस बार हमें भरपूर बहुमत मिलेगाः तेजस्वी ने 2020 के विधानसभा चुनाव को लेकर भी पुराना दर्द दोहराया। कहा कि पिछली बार भी जनता ने बहुमत हमें ही दिया था। कहीं 50, कहीं 100 वोट से हमारे प्रत्याशी को हराया गया। 7-8 सीटें मिली होतीं तो तस्वीर बदल जाती। इस बार की तैयारी पर उन्होंने साफ कहा कि हम सतर्क हैं। उनकी तिकड़मबाजी नहीं चलने देंगे। जनता इस बार हमें भरपूर बहुमत देने जा रही है।

## परिचय समारोह में सामूहिकता और उत्तरदायित्व निभाने पर जोर दिया

निज संवाददाता। नालंदा

पूज्य तपस्वी श्री जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर, राजगीर में नव पदस्थ उप प्रधानाचार्य रामजी प्रसाद सिन्हा के सम्मान में एक परिचय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की शिक्षिका संगीता दास द्वारा उप प्रधानाचार्य का परिचय प्रस्तुत करते हुए की गई। इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी अभय पोद्दार ने पुष्पगुच्छ और अंग वस्त्र भेंट कर उप प्रधानाचार्य का स्वागत किया। समारोह में विद्यालय के सभी आचार्यों का औपचारिक परिचय कराया गया। उप प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में संगठनात्मक ढांचे, सामूहिक जिम्मेदारी और सकारात्मक सहभागिता की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था की व्यवस्था तभी प्रभावी बनती है जब प्रत्येक व्यक्ति अपने दायित्व को समझते हुए उसे निभाए। उन्होंने विद्यालय में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी, खेलकूद प्रतियोगिताएं, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों की सहभागिता की सराहना की।

## अंडर-16 : नालंदा ने शेखपुरा को 75 रनों से हराया

**बिहारशरीफ**। श्यामल सिन्हा अंडर-16 वन डे ट्रॉफी के मगध जोन के तहत सोमवार को नालंदा और शेखपुरा के बीच बड़ी दरगाह एनसीए मैदान में मैच खेला गया। इस मैच में नालंदा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शेखपुरा को 75 रनों से पराजित किया। टॉस जीतकर नालंदा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 37.4 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 167 रन बनाए। कप्तान राजगुरु ने बेहतरीन अर्द्धशतक (55 रन) लगाया, जबकि अगस्त्य ने 32, रोहित ने 26 और प्रियांशु ने 16 रन जोड़े। शेखपुरा के सचिन ने प्रभावशाली गेंदबाजी करते हुए 32 रन देकर 5 विकेट झटके, वहीं सन्नी और गौरव ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में खेलने उतरी शेखपुरा की टीम 40.2 ओवर में महज 92 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से आकाश और पुष्कर ने 19-19, अंकित ने 18 और शिवम ने 15 रन बनाए। नालंदा के गेंदबाजों ने उम्दा प्रदर्शन किया, लक्की ने 12 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि तेज प्रताप, पवन और अजीत ने दो-दो विकेट चटकाए। लक्की को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए "मैन ऑफ द मैच" चुना गया। मैच में अम्पायर की भूमिका राजेश कुमार और परवेज़ मुस्तफा ने निभाई, जबकि स्कोरर रहे क्षितिज प्रियदर्शी और कुंदन कुमार। इस अवसर पर नालंदा जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, सचिव गोपाल सिंह, पूर्व सचिव सैयद जावेद इकबाल, कोषाध्यक्ष मनोरंजन कुमार, शेखपुरा संघ के पूर्व सचिव गंगा यादव, मीडिया प्रभारी संतोष पांडेय, नालंदा के अंडर-16 कोच दीपक प्रसाद, सहायक कोच विकास मयूरश्वर, विक्रम सोलंकी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## प्रबुद्ध नागरिक मंच ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**बिहारशरीफ**। प्रबुद्ध नागरिक मंच के प्रतिनिधिमंडल ने शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने शहरवासियों को हो रही कठिनाइयों पर नगर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। सचिव शिव सत्य प्रभाकर ने बताया कि शहर में कई ऐसे कार्य हैं जो लंबे समय से अधूरे पड़े हैं और जिनके कारण आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की धीमी गति के कारण नागरिकों को सुविधा के बजाय असुविधा झेलनी पड़ रही है।

कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)
Email:- nphussainabad@gmail.com
ज्ञापांक– 499 / दिंनाक– 20,05,2025

आम सूचना

अपर अभियान निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य निदेशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक– 328, दिनांक– 06.12.2022 के आलोक में पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत संचालित किये जाने वाले पूर्व में Urban Health and Welness Center/आयुष्मान आरोग्य मंदिर के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सक के चयन हेतु दिनांक– 04.06.2025 को नगर पंचायत हुसैनाबाद में अपराहन 03:00 बजे साक्षात्कार / Walk-In-Interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक चिकित्सक जो निम्नलिखित अहर्ता रखते हों, वे अपना Bio- Data कार्यालय के ई–मेल nphussainabad@gmail.com पर दिनांक–02,06,2025 तक भेज कर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। इसकी विवरणी निम्नवत् हैः–

| क्रम सं0 | विवरणी | आवश्यक शर्तें |
|---|---|---|
| 1 | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 2 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 3 | उम्र सीमा | अधिक्तम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा। |
| 4 | मानदेय | रु0 63000/– (तिरसठ हजार रुपये मात्र) |
| 5 | कुल रिक्तियां | 02 (दो पद) |
| 6 | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 7 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जायेगी। | |
| 8 | Walk-In-Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 9 | कार्यदिवस झारखण्ड सरकार के द्वारा मान्य सभी कार्य दिवस | |

नोटः– विस्तृत जानकारी हेतु इस कार्यालय के नोडल पदाधिकारी के सम्पर्क सूत्र– 9835206770 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रशासक,
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 353047 District (25-26)_D

कार्यालय जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू
(महात्मा गाँधी नरेगा कोषांग)
Phone No. 06562-224077,224033
E-mail- drdapalamu2019@gmail.com

महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) अन्तर्गत सृजित विभिन्न पदों के रिक्त पद के विरूद्ध संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु दावा/आपत्ति संबंधी सूचना

सरकार के प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 4729 दिनांक 04.06.2007, नियुक्ति सेवा शर्त्त कर्त्तव्य नियमावली 2007, संकल्प संख्या 6440 दिनांक 17.07.2012 नियुक्ति सेवा शर्त्त कर्त्तव्य (संशोधन), नियमावली, 2012 एवं संकल्प संख्या ज्ञापांक 848 दिनांक 21.03.2017 नियुक्ति सेवा शर्त्त कर्त्तव्य (संशोधन), नियमावली के आलोक में महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधियिम अन्तर्गत संचालित योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु पलामू जिले में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक, कम्प्यूटर सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक के रिक्त पद पर पूर्णतया संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु दिनांक 13.12.2023 से 02.01.2024 तक विभागीय पोर्टल http://applyrdd.jharkhand.gov.in पर online आवेदन प्राप्त किये गये हैं।

उक्त पदों के online प्राप्त आवेदन की स्क्रुटनी करने के उपरांत पलामू जिले के वेबसाईट www.palamu.nic.in पर अपलोड किया गया है। यदि आवेदक को प्रारंभिक सूची में किसी प्रकार की टंकण त्रुटि ज्ञात होती है तो आवेदक अपना दावा/आपत्ति उप विकास आयुक्त–सह–अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, पलामू को लिखित आवेदन मनरेगा कोषांग, डी0आर0डी0एस0, पलामू में दिनांक 03.06.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक दे सकते है। उक्त तिथि के उपरान्त कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नही की जायेगी।

उपायुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक, पलामू

PR 352975 (District)25-26*D

झारखण्ड सरकार
जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा

अतिअल्पकालीन ई–निविदा सं0– ZP/GARHWA/01/2025-26
भवन निर्माण मद

1. कार्य का नाम :– (राशि रूपये में)

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि | आईडेन्टीफिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | खरौंधी | ग्राम–करिवाडीह में पंचायत भवन, करिवाडीह का निर्माण। | 9989000.00 | 10000.00 | 199800.00 | 9 माह | ZP/GARHWA/01/2025-26/GR-01 |
| 2 | भवनाथपुर | ग्राम–पंडरिया में पंचायत भवन, पंडरिया का निर्माण। | 9989000.00 | 10000.00 | 199800.00 | 9 माह | ZP/GARHWA/01/2025-26/GR -02 |

| | |
|---|---|
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–23.05.2025 |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की तिथि :– 23.05.2025 से दिनांक–31.05.2025 |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय–02.06.2025 को अपराह्न 3:00 बजे |
| 4 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा। |
| 5 | ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– मो0 नं0–8789191801 |
| 6 | ई–निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा। |
| 7 | परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी। |
| 8 | निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी। |
| 9 | निविदादाता को UCAN Registration की छाया प्रति अपलोड करना अनिवार्य है। |
| 10 | भवन प्रमण्डल एवं जिला परिषद से निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं। |
| 11 | निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई0 भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी। |
| | विस्तृत जानकारी के लिए Website :- www.Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है। |

PR 353069 (Urban Development)25-26*D

जिला अभियंता जिला परिषद्, गढ़वा

पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना संख्या
CAO-GLP-DLF-MEW-ECR-01-25

**(1) कार्य का नाम एवं स्थान:** Annual Maintenance of 132 KV, 3 phase, double circuit Transmission line from Mashrakh GSS to 132/33 KV MRS at Diesel Locomotive Factory Marhowra for 03 (Three) years. **(2) कार्य का अनुमानित लागत:** Rs.24,37,947.64 **(3) निविदा फॉर्म कि कीमत:** Rs.0.00 **(4) आवस्यक बयाना राशि:** Rs.48,800.00 **(5) निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने कि तारीख एवं समय:** निविदा प्रस्ताव जमा करने कि प्रारम्भिक तारीख दिनांक 29.05.2025 निविदा खुलने कि तारीख एवं समय दिनांक 12.06.2025 को 15:00 बजे। **(6) वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण कि जानकारी प्राप्त कि जा सकती है:** पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in. वेबसाईट पर देखा जा सकता है। **(7) पता एवं जानकारी:** मुख्य प्रसासनिक अधिकारी का कार्यालय/ग्रीनफील्ड लोकमोटिव प्रोजेक्ट/पहला तला/रेल परियोजना कार्यालय/दानापुर, जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगोल, पोस्ट खगोल, जिला–पटना, पिन 801105

उप मुख्य विदूत इंजीनियर/जीईएलएफ/डीएमएच
ग्रीनफील्ड लोकमोटिव प्रोजेक्ट, पूर्व मध्य रेल, दानापुर, पटना
पीआर/0273/डीएनआर/ईएलईसीटी/टी/25–26/36

पूर्व रेलवे

शुद्धिपत्र

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल द्वारा पूर्व में प्रकाशित **ई–निविदा सूचना सं.: ओ/एसी/टी/17 से 22/25–26 (खुली), दिनांक 14.05.2025** के संबंध में शुद्धिपत्र। **(1) निविदा केस सं. ओ–एसी–टी–19–25–26 के कार्य का नाम** "आसनसोल मंडल के अधिकार क्षेत्र में ठेकेदार के निजी पोर्टल (2 अदद) का उपयोग करते हुए अन्य सहायक कार्यों के साथ 15.800 टीकेएम सीटीआर (पी) के लिए खुली निविदा" के स्थान पर **"आसनसोल मंडल के अधिकार क्षेत्र में अन्य सहायक कार्य के साथ ठेकेदार के निजी पीक्यूआरएस मशीन सेट द्वारा सीटीआर (पी) 15.800 टीकेएम के लिए खुली निविदा"** पढ़ा जाना चाहिए। (2) **निविदा केस सं. ओ–एसी–टी–20–25–26 के निविदा का मूल्य** रु.2,60,86,038.63 के स्थान पर **रु. 2,60,95,586.53** पढ़ा जाना चाहिए। इसी अनुसार, **निविदा केस सं. ओ–एसी–टी–20–25–26 की बयाना राशि** रु.2,80,400/– के स्थान पर **रु.2,80,500/–** पढ़ी जानी चाहिए। अन्य नियम व शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
ASN-512025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**ई–निविदा सूचना सं. : एसआईजी_डब्ल्यू _5 _पॉलिसी, दिनांक** 19.05.2025, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं.1, ई–निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_25–26_13_ओटी, दिनांक: 15.05.2025, कार्य का नाम:** मालदा टाउन–गौड़ मालदा स्टेशनों के बीच आईबीएस का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 3,41,32,497.28, **बयाना राशि:** रु. 3,20,700/–, **क्रम सं.2, ई–निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_25–26_14_ओटी, दिनांक : 16.05.2025, कार्य का नाम:** अकबरनगर–सुलतानगंज स्टेशनों के बीच महेशी हॉल्ट में आईबीएस का प्रावधान । **निविदा मूल्य:** रु. 2,89,69,415.36, **बयाना राशि:** रु. 2,94,900/– **क्रम सं.3, ई–निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_25–26_15_ओटी, दिनांक : 16.05.2025, कार्य का नाम:** धुलियानगंगा–निमतीता स्टेशनों के बीच बासुदेबपुर हॉल्ट में आईबीएस का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 3,27,41,238.60, **बयाना राशि:** रु. 3,13,700/–**क्रम सं.4, ई–निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी _25–26_16_ओटी, दिनांक : 16.05.2025, कार्य का नाम:** मिर्जाचौकी–पीरपैंती शाखा के बीच अम्मापाली हॉल्ट में आईबीएस का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 3,43,72,563.20, **बयाना राशि:** रु. 3,21,900/– **ई–निविदा जमा देने की तिथि और समय :** दिनांक 23.05.2025 से 06.06.2025 को 11.00 बजे तक (क्रम सं. 1 से 4 प्रत्येक हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट:** वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** और सूचना पट: वरिष्ठ डीएसटीई का कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा।
MLD-63/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सऊदी में फंसे भारत के दो दर्जन से अधिक मजदूर :कंपनी ने 8 महीने से रोका वेतन

## परिवार ने सरकार से लगाई मदद की गुहार

**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज से सऊदी अरब गए दो दर्जन से अधिक भारतीय मजदूर पिछले आठ महीने से वहां फंसे हुए हैं। इनमें मांझा प्रखंड के कविलाशपुर गांव निवासी इम्तेयाज आलम के बेटा शाह आलम भी शामिल हैं। शाह आलम के परिजनों को जब से इसकी जानकारी मिली, तब से उनका रो-रोकर बुरा हाल है। शाह आलम के परिजनों ने बताया कि %अगले ईद के बाद उसकी शादी होने वाली थी। उसे खर्च के लिए पैसे देने था। मकान भी बनवाना था। लेकिन अब वह विदेशियों के चंगुल में फंस गए है। शाह आलम की वतन वापसी के लिए उनके परिवार के लोग सरकार और जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे है।

## पांच साल से सउदी में कर रहे काम

शाह आलम पांच साल पहले सऊदी अरब में सेंडन इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड में काम करने गए थे। उनके परिवार वाले घर बनाना और कर्ज चुकाना चाहते थे। कुछ पैसे कमाने के बाद उसने अपना घर बनावाया। कर्ज के कारण वह पिछले पांच साल से घर नहीं आया। इसी बीच पिछले आठ महीने से उसे और उसके साथ काम करने वाले लोगों का वेतन बंद हो गया।

दो महीने बीतने के बाद कंपनी ने जब पैसे देने से इनकार कर दिया, तब मजदूरों ने इसका विरोध किया। बावजूद उसे वेतन नहीं मिला। देखते ही देखते आठ महीने बीत गए। अब कंपनी मजदूरों को घर भी नहीं भेज रही है, ना ही उसे बढ़िया खाना दे रही है। चावल और दाल खाकर किसी तरह जीवन गुजार रहे है। इसके बाद उसने वीडियो बनाकर भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

## एंबेसी से भी नहीं मिल रही मदद

शाह आलम ने बताया कि वह पांच साल से सऊदी अरब में रह रहे है। लेकिन पिछले आठ महीने से वेतन को रोक दिया है। खाना पीना भी अच्छा से नहीं दिया जा रहा हैं। वहीं कब घर आने देगा इसकी कोई गारंटी नहीं है। ईद बाद उसकी शादी होनी थी। इसके लिए छुट्टी का आवेदन दिया था, लेकिन छुट्टी मंजूर नहीं हुई। सोचा था कि घर बनाएंगे, क्योंकि घर नहीं था। किसी से कर्ज लिए थे, उसे भरना चाहता था। कहा कि एंबेसी से भी बात हुई, लेकिन एंबेसी भी कुछ नहीं कर रही है।



## ईद के बाद होनी थी शादी

पिता इम्तेयाज आलम ने बताया कि बेटे को गए हुए 5 साल और 5 महीना हो गया। लेकिन पिछले आठ महीने से वेतन को रोक दिया है। खाना पीना भी अच्छा से नहीं दिया जा रहा हैं। कब आने देंगे कोई गारंटी नहीं है। ईद बाद उसका शादी होने वाला था। पहले शादी के लिए छुट्टी लगाया था, लेकिन छुट्टी नहीं मिला था। सोचा था कि घर बनाएंगे क्योंकि घर नहीं था। किसी से कर्ज लिए थे उसे भरना चाहता था। छुट्टी नहीं मिलने के कारण उसकी शादी भी कैंसिल हो गई है।

## सरकार से मदद की लगाई गुहार

मां शायदा खातून ने बताया कि मेरा बेटा किसी तरह यहां आ जाए यहीं चाहती हूं। पांच साल से वह वहीं है। वह घर का इकलौता कमाने वाला है। उसने कहा था कि घर लौटेंगे तो कुछ पैसा हो जाएगा। इसके बाद शादी में घर जाएंगे। ईद बाद शादी थी, लेकिन अब शादी भी कैंसिल हो गई। लड़की के पिता नहीं है, इसलिए हम लोग उससे शादी कराना चाहते थे। लेकिन अब तो वह फंस गया, अब शादी कैसे होगी। अगर वह समय से आ जाएगा तो शादी कर दिया जाएगा। सरकार से हाथ जोड़कर बेटा के लिए सरकार से गुहार लगा रही हूं कि मेरे बेटे को वापस बुला दिया जाए।

### 1994 में हुई थी कंपनी की स्थापना

बता दें कि सऊदी अरब में सेंडन इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड में बिहार व यूपी के 300 से अधिक श्रमिक काम कर रहे है। श्रमिकों द्वारा एक वीडियो शेयर कर कहा, गया है कि भारतीय दूतावास से भी मदद नहीं मिल पा रही है। इन श्रमिकों ने भारतीय दूतावास से भी मेल व फोन के माध्यम से कई बार संपर्क किया है। लेकिन अब तक कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला है। मजदूरों का कहना है कि अगर जल्द मदद नहीं मिली तो उनकी स्थिति और खराब हो सकती है। बता दें कि सेंडन इंटरनेशनल एक निर्माण से संबंधित संबद्ध सेवाओं की कंपनी है,जो तेल, गैस,उर्वरक,बिजली व परिवहन जैसे क्षेत्रों में काम करती है। कंपनी की स्थापना 1994 में हुई थी और इसका मुख्यालय यानबू,सऊदी अरब में है।

### सऊदी में फंसे मजदूरों की लिस्ट

फंसे हुए मजदूरों में फतेहपुर निवासी छ्गुंर चौहान के बेटा दिलीप कुमार चौहान, दहीभत्ता निवासी महंथ प्रसाद के बेटा शलेश कुमार ,मांझा गढ़ धमापाकड़ निवासी बैजनाथ साह, बालेपुर बथुआ निवासी,लाल बाबू सिंह के बेटा ओमप्रकाश ,एकडंगा भगवानपुर निवासी रामसरन सिंह के बेटा बलिंदर सिंह और मांझा प्रखंड के कबिलासपुर निवासी मो.इम्तेयाज़ आलम के बेटा शाह आलम, राजेंद्र नगर मोहल्ले के शैलेश कुमार चौहान के अलावा कई अन्य लोग शामिल है।

### वापस बुलाने की प्रक्रिया का प्रयास जारी

श्रम अधिक्षक सुबोध कुमार ने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार जो विदेश में फंसे हुए लोग हैं उनके बारे में नियोजन का पता लगाना था। जिन्हें नियोजक का पता लगाया गया और विभाग को सूचित कर दिया गया है। वापस बुलाने की प्रक्रिया की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### फ्लाई ओवर के डायवर्सन के पास मानक का अनुपालन नहीं



**पटना, एजेंसी।** पटना-गया-डोभी फोरलेन हाईवे को न्यू बाइपास से जोड़ने के लिए फ्लाई ओवर का निर्माण चल रहा है। यह बाइपास से नत्थुपुर के बीच मिसिंग लिंक रोड के हिस्से पर है। इस डायवर्सन से रोजाना सैकड़ों गाड़ियां गुजरी रही हैं। यहां पर तय मानक का अनुपालन नहीं होने से आने-जाने वाले यात्री धूल से परेशान हैं। एनएचएआई के अधिकारियों के मुताबिक निर्माण एजेंसी को तय मानक का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया है। इसका अनुपालन नहीं होने पर निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई होगी। इस 127 किमी फोरलेन के निर्माण से पटना से गया आने-जाने वाले लोगों को बड़ी सुविधा मिली है। लेकिन, पटना से सटे बाइपास से नत्थुपुर के बीच 2.8 किमी लंबे मिसिंग लिंक रोड के हिस्से चलने वाले निर्माण कार्य के कारण परेशानी है। 5500 करोड़ की लागत से बनने वाले फोर लेन हाईवे तीन जिलों से होकर गुजर रहा है। इनमें पटना, जहानाबाद और गया जिला शामिल हैं। इसकी कुल लंबाई 127 किमी है।

### महिला संवाद में 16 हजार आकांक्षाओं का हुआ निराकरण

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता जिले में अब तक 1500 स्थानों पर महिला संवाद हो चुका है। इसमें तीन लाख से ज्यादा महिलाएं शामिल हुई हैं। इसमें उनकी छोटी-छोटी समस्याएं दर्ज कर डीएम के माध्यम से विभागों में भेजी जा रही हैं। डीएम के नेतृत्व में जन आकांक्षाओं के निवारण के लिए लगातार समीक्षा की जा रही हैं। अब तक 16 हजार आकांक्षाओं का निवारण हो चुका है। इसमें पेंशन शौचालय, आवास, आंगनबाड़ी जैसी समस्याएं प्रमुख हैं। महिला संवाद में विभिन्न प्रखंडों में अलग-अलग ग्राम संगठनों में महिलाओं से आकांक्षाएं ली जा रही हैं। अधिकतर आकांक्षाएं गांव में बैंक, सड़क, सोलर लाइट, सोख्ता, नल जल, लाइब्रेरी, विवाह भवन, सामुदायिक भवन, जीविका भवन महिला सुरक्षा आदि की हैं। बोचहा प्रखंड की देवगन पंचायत के आदर्श जीविका महिला ग्राम संगठन में आयोजित महिला संवाद में ग्राम संगठन की कुंती देवी ने कहा कि जीविका से जुड़ने के बाद अब कर्ज के लिए साहूकार के पास नहीं जाना पड़ता है। अब लोन लेकर अपनी जरूरतें पूरी करते हैं। छोटा-मोटा रोजगार और खेती-किसानी करते हैं। उन्होंने सरकार से चार किलो की जगह प्रति व्यक्ति दस किलो राशन की मांग रखी। वहीं, अन्य दीदियों ने कहा कि मनरेगा में मजदूरी किए हैं और करना चाहते हैं पर मनरेगा में मजदूरी बहुत कम मिलती है। मजदूरी बढ़ाकर पांच सौ रुपए कर देना चाहिए। महिलाओं ने कहा कि गांवों में कुछ स्थान सुरक्षित नहीं हैं। यहां सुरक्षा के लिए पुलिस की व्यवस्था होनी चाहिए।

### आशा कार्यकर्ता का पांच दिवसीय हड़ताल शुरु

**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ, ऐक्टू के निर्णयानुसार मानदेय प्रोत्साहन राशि में वृद्धि सहित अन्य मांगों की पूर्ति के लिए 20 से 24 मई, 2025 तक हड़ताल पर रहने की सूचना रेफरल अस्पताल प्रभारी को दी है। माया कुमारी, अध्यक्ष द्वारा दिए पत्र में कहा गया है, वर्ष 2023 में 32 दिवसीय हड़ताल के क्रम में आशा कार्यकर्ता, फैसिलेटरों के मासिक मानदेय राशि 1000 रुपये को बढ़ाकर 2500 रुपये करने का निर्णय लिया गया था। दो वर्ष बीत जाने के बाद भी इसे लागू नहीं किया गया है। इस समझौते की बढ़ी हुई राशि को कम से कम 10,000 रुपये के साथ लागू की जाए। इसके साथ ही विभिन्न कार्यों के लिए वर्षों पूर्व तय राशि में केंद्र सरकार के द्वारा करीब 10 साल में कोई पुनरीक्षण बढ़ोत्तरी नहीं की गई है।

# केंद्रीय प्रयोगशाला ने पहली बार शुरू की निर्माण स्थलों पर मिट्टी जांच

**पटना, एजेंसी।** भवन निर्माण विभाग में गुणवत्तापूर्ण निर्माण को बढ़ावा देने के लिए स्थापित किए गए केंद्रीय प्रयोगशाला ने पहली बार निर्माण स्थलों पर मिट्टी की जांच शुरू कर दी है। औरंगाबाद के हसपुरा में निर्माण स्थल पर मिट्टी की जांच शुरू की गई है। यह पहला मौका है जब विभाग की विशेषज्ञ जांच टीम ने मिट्टी की गुणवत्ता का परीक्षण विभागीय स्तर पर शुरू किया है। सचिव कुमार ने सोमवार को इसे महत्वपूर्ण बताया और कहा कि विभाग स्तर पर जांच होने से न केवल खर्च बल्कि समय की भी बचत होगी। यह प्रयोगशाला निर्माण क्षेत्र में गुणवत्ता के नए मानक स्थापित करेगी। अब मिट्टी और अन्य निर्माण सामग्रियों की जांच समयबद्ध और विभागीय स्तर पर ही संभव हो सकेगी, जिससे निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बढ़ेगी। सामग्रियों की जांच के लिए अभियंताओं की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि यह प्रयोगशाला न केवल भवन निर्माण विभाग के लिए, बल्कि अन्य विभागों के लिए भी संरचनाओं की गुणवत्ता जांच में सहयोगी होगी। प्रयोगशाला में 55 से अधिक आधुनिक यंत्रों का उपयोग किया जा रहा है, जो पुरानी, निर्माणाधीन और भविष्य की संरचनाओं के गहन परीक्षण को सक्षम बनाएंगे। यह प्रयोगशाला बिहार में निर्माण क्षेत्र में तकनीकी उत्कृष्टता और गुणवत्ता के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। भविष्य में यह अन्य क्षेत्रों में भी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मालूम हो कि भवन निर्माण मंत्री जयंत राज एवं विभाग के सचिव कुमार रवि ने हाल ही में प्रयोगशाला का उद्घाटन किया था। इससे पहले निर्माण सामग्रियों की गुणवत्ता जांच निजी एजेंसी द्वारा की जाती थी। एजेंसी द्वारा सामग्रियों की जांच कराने से रिपोर्ट में देरी एवं मानक में बार-बार बदलाव करना पड़ता था।

# दरभंगा में चाचा-भतीजा पर जानलेवा हमला

## शादी समारोह से लौटते समय हमलावरों ने घेरकर मारा, आपसी रंजिश में वारदात को दिया अंजाम

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा में शादी समारोह से लौट रहे चाचा-भतीजा पर जानलेवा हमला हुआ है। आपसी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया है। घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घटना बड़गांव थाना क्षेत्र के हलगांव चौक के पास की है।

घायलों की पहचान अकबरपुर बैंक निवासी बरकत अली और भतीजे मो. सुहेब के तौर पर हुई है। बरकत अली ने बताया कि मो. शहनवाज की शादी से देर रात घर लौट रहा था। रास्ते में ऑटो सवार रफीउद्दीन, मो. अजीमुद्दीन, नौशाद, मो. मुस्तफा और कलीमुद्दीन ने



बाइक रोक लिया। सभी सहरसा जिले के रहने वाले हैं। गांव का नाम पूछकर अजीमुद्दीन ने कहा कि इसको आज मार डालो।

रफीउद्दीन ने धारदार हथियार से सिर पर वार कर लहूलुहान कर दिया। मुस्तफा ने मेरे भतीजे पर लोहे के रॉड से हमला किया। उसके मुंह के खून निकलने लगा। मेरे जेब से जबरन 5600 रुपए निकाल लिया। धमकी देते हुए कहा कि पुलिस में शिकायत करोगे तो जान से मार देंगे। इस बीच गांव का एर युवक बाइक से वहां पहुंचे। जिसे देखते ही हमलावर भाग गए।

### आपसी रंजिश में किया हमला

बरकत अली ने आगे कहा कि मो. नियामत की बेटी को लेकर दोनों पक्षों में पारिवारिक विवाद है। इसी रंजिश में हमला किया गया। हमलावर कह रहे थे कि अकबरपुर बैंक के किसी भी व्यक्ति को देखो तो मार डालो। ग्रामीणों ने हमलोगों को अस्पताल में भर्ती कराया।

### जांच में जुटी पुलिस

पीड़ित ने बड़गांव थाने में आवेदन देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, थानाध्यक्ष कल्पना कुमारी ने बताया कि आवेदन मिला है। जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# मुजफ्फरपुर में गैंगरेप का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## शिवहर में रिश्तेदार के घर छिपकर रह रहा था, पैसा लेने घर पहुंचा था



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर पुलिस ने गैंगरेप मामले में मुख्य आरोपी मनीष को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने जेल भेज दिया है। घटना के बाद शिवहर भाग गया था। वहां रिश्तेदार के घर छिपकर रहा था। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि पैसों की कमी के कारण सोमवार को घर आ रहा है। इनपुट के आधार पर पुलिस ने उसे रामपुर हरि चौक के पास घेर लिया। आरोपी भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पुलिस ने पीछा करके उसे पकड़ लिया।

**आरोपियों ने वीडियो किया था वायरल:** इस मामले में पहले ही 2 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। आरोपियों ने पीड़िता को धमकी दी थी कि अगर किसी को बताया तो वीडियो वायरल कर देंगे। पीड़िता ने अपनी मां को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। इसकी जानकारी मिलते ही आरोपियों ने वीडियो वायरल कर दिया। ग्रामीण एसपी विद्या सागर ने बताया कि तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। स्पीडी ट्रायल चलाकर जल्द से जल्द आरोपियों को सजा दिलाएंगे।

**क्या है पूरा मामला :** 13 मई को रामपुर हरि थाना क्षेत्र में एक लड़की रात दो बजे घर के बहार शौच के लिए निकली थी। गांव के ही मिथुन कुमार, राजा कुमार और मनीष कुमार जबरन लड़की को उठाकर बसवारी में ले गए। बारी-बारी से तीनों ने रेप किया। इसका वीडियो भी बना लिया। युवती को धमकी दिया कि अगर किसी को बताया को वीडियो वायरल कर देंगे। लड़की ने घर पहुंचकर मां को पूरी बात बताई। इसके बाद मां ने थाने में लिखित आवेदन दिया।



# जहां था कचरा, वहां 2 एकड़ में बन रहा मॉल:देश के सभी राज्यों के होंगे लोकल और जीआई प्रोडक्ट

**पटना, एजेंसी।** पटना को एक और मॉल की सौगात मिलने वाली है। इस मॉल में देश के सभी 28 राज्यों के लोकल और जीआई उत्पाद उपलब्ध होंगे। इस शॉपिंग मॉल को ऐसी जगह पर बनाया जा रहा है, जहां पहले कचरा प्वाइंट था। दरअसल, पटना के घने आबादी वाले इलाके पाटलिपुत्र पानी टंकी के पास जहां पहले कचरे का अंबार था, उसे शिफ्ट करने के बाद अब मॉल बनाने की कवायद तेज हो गई है। इस शॉपिंग मॉल को लगभग 2 एकड़ की जमीन पर तैयार किया जाएगा। यहां कश्मीर के पश्मीना शॉल से लेकर कोल्हापुरी चप्पल और दार्जिलिंग की चाय भी मिलेगी। इसके लिए मॉल में हर राज्य का अलग-अलग सेक्शन बनाया जाएगा।

**पटना नगर निगम ने जमीन के लिए दे दी एनओसी :** पटना नगर निगम के नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने कहा कि इस इलाके में वर्षों से गार्बेज डंपिंग के लिए सेकेंडरी प्वाइंट था। सभी बड़ी गाड़ियां आती थी और फिर यहां से कचरे को लोड करके रामचक बैरिया ले जाया जाता था। पटना नगर निगम का ट्रांसफर स्टेशन हर एक अंचल में प्रस्तावित है, जो अब यहां से हटकर दीघा में बनाया जा रहा है। इस जगह पर एकता मॉल प्रस्तावित है। यह निगम बोर्ड की बैठक में निर्णय लिया गया था। इसका निर्माण उद्योग विभाग कर रहा है। पटना नगर निगम ने जमीन के लिए एनओसी दे दिया है।

**कचरे के दुर्गंध से परेशान थे लोग :** पाटलिपुत्र पानी टंकी के पास रह रहे लोगों को अब कचरे की दुर्गंध से राहत मिली है। कचरे के दुर्गंध से लोग परेशान रहते थे। इससे काफी बीमारियां फैल रही थी। मोहल्ले में डेंगू से हर साल फैलता था। कई लोग यहां से अपना घर छोड़कर चले गए थे। खासकर बारिश के समय में कचरा, पानी के साथ घर में घुस जाता था। इस ओपन डंपिंग यार्ड होने से यातायात भी प्रभावित होती थी और एक्सीडेंट के मामले भी सामने आते थे।

**पटना के 6 इलाकों में ट्रांसफर स्टेशन का होगा निर्माण :** वहीं, पटना नगर निगम के नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने पिछले साल ही पाटलिपुत्र पानी टंकी के पास ट्रांसफर स्टेशन के निर्माण के लिए निविदा निकाली थी। ट्रांसफर स्टेशन की मदद से साइंटिफिक चीज को हैंडल की जाती है। कंपैक्टर मशीन में कचरा डाला जाता है और फिर वह अंदर ही अंदर गाड़ी में लोड होकर चला जाता है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत पटना शहर में 6 ट्रांसफर स्टेशन बनाने की स्वीकृति मिली है। इसके बन जाने से ओपन डंपिंग एरिया नहीं रहेगा।

# जेपीयू में पीजी परीक्षा फॉर्म की तिथि जारी:26 मई से 5 जून तक भरे जाएंगे सेकंड और फोर्थ सेमेस्टर के फॉर्म

**छपरा, एजेंसी।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय (जेपीयू), छपरा ने पीजी परीक्षा फॉर्म भरने की तिथियां जारी कर दी हैं। सेकेंड सेमेस्टर (2022-24) और फोर्थ सेमेस्टर (2021-23) के लिए फॉर्म भरने की प्रक्रिया 26 मई से शुरू होगी। इसकी अंतिम तिथि 5 जून है। छात्रों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट से फॉर्म डाउनलोड करना होगा।

फॉर्म में विवरण भरने के बाद पूर्व परीक्षाओं के अंक पत्र, प्रवेश पत्र और पंजीयन प्रमाण पत्र लगाने होंगे। विभाग से सत्यापन के बाद निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। सेकेंड सेमेस्टर में सैद्धांतिक विषयों का शुल्क 700 रुपए और प्रायोगिक विषयों का 900 रुपए है। फोर्थ सेमेस्टर में




सैद्धांतिक विषयों के लिए 1000 रुपए और प्रायोगिक विषयों के लिए 1100 रुपए शुल्क निर्धारित है।

यह प्रक्रिया जेपीयू से जुड़े सभी कॉलेजों के छात्रों पर लागू होगी। इनमें राजेंद्र कॉलेज, जगदम कॉलेज, रामजयपाल कॉलेज, जेपीएम कॉलेज, डीएवी कॉलेज, नारायण कॉलेज, कमला राय कॉलेज और नंदलाल सिंह कॉलेज शामिल हैं। परीक्षा में भौतिकी, रसायन शास्त्र, गणित, जूलॉजी, बॉटनी, हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू समेत कई विषयों के छात्र शामिल होंगे। छपरा, सीवान और गोपालगंज जिलों से करीब पांच हजार छात्र परीक्षा में भाग लेंगे। परीक्षा विभाग ने सभी छात्रों से समय पर फॉर्म जमा करने की अपील की है।

### मुजफ्फरपुर जंक्शन पर एक चोर गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर जंक्शन पर रेल पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान 2 मोबाइल बरामद हुआ है। आरोपी की पहचान अहियापुर थाना क्षेत्र के अंकित कुमार(20) के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक सोमवार को निरीक्षण मनीष कुमार के नेतृत्व में स्टेशन पर जांच अभियान चल रहा था। इस दौरान रिजर्वेशन काउंटर पर कुछ लोग चोर-चोर चिल्लाने लगे। रेल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए यात्री का मोबाइल चोरी कर भाग रहे युवक को खदेड़कर पकड़ लिया। आरोपी ने बताया कि एक मोबाइल अभी चोरी किया हूं, दूसरा पहले ही चोरी किया था। पूछताछ के बाद पुलिस ने यात्री सोनू का मोबाइल लौटा दिया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### प्रेम में उलझा युवक, परिजन चिंतित

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र में अंधरवारी का एक युवक का प्रेम प्रसंग अधेड़ उम्र की महिला के साथ होने पर परिजन परेशान हैं। युवक को परिजनों द्वारा लाख समझाने बुझाने पर भी वह अधेड़ महिला से शादी करने की जिद पर अड़ा हुआ है। इसको लेकर डीएवी स्कूल के समीप हाइवोल्टेज ड्रामा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक अंधरवारी गांव का है और अधेड़ महिला सती स्थान मोहल्ले की है। युवक के माता-पिता और बहनों का रो-रो कर बुरा हाल है। युवक के पड़ोसियों ने बताया कि अधेड़ महिला युवक के दूर के रिश्तेदार है और अपने बाल-बच्चों की शादी कर चुकी है। वहीं युवक की शादी कहीं और तय हो गई थी, किंतु युवक द्वारा तय शादी तोड़ दिया गया और अधेड़ महिला के साथ शादी करने का निर्णय लिया गया। बताया जाता है कि युवक ईंट भट्ठे पर मजदूरी कर अपना गुजर बसर करता है। लोगों ने कहा कि भले ही कानूनी के नज़र में यह कोई जुर्म नहीं है, किंतु समाज के लिए इस प्रकार का रिश्ता कलंक से कम नहीं है, जिसका भुक्तभोगी भविष्य में दोनों को भुगतना पड़ेगा। वहीं परिजन द्वारा अधेड़ महिला पर जादू टोना करने का भी आरोप लगाया जा रहा है। हंगामा बढ़ता देख युवक और अधेड़ महिला थाना जा पहुंची। इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि दोनों के परिजनों आपस में बातचीत कर रहे हैं।

### एसटीएफ और पुलिस को बड़ी सफलता

**नवादा (नि.सं.)।** जिले की उग्रवाद प्रभावित सिरदला पुलिस व बिहार एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली है। निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन को उड़ाने वाले आरोपी और हार्डकोर नक्सली को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 2016 में निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन उड़ाने का आरोप है। पुलिस ने नक्सली को जहानाबाद से गिरफ्तार किया है। कार्रवाई को पुलिस की बड़ी सफलता मानी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिरदला पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। टीम ने जहानाबाद जिले के कल्पा थाना क्षेत्र के धुरिया गांव से हार्डकोर नक्सली लाल बाबू यादव को गिरफ्तार किया। रजौली एसडीपीओ गुलशन कुमार और सिरदला थानाध्यक्ष मोहन कुमार की अगुवाई में टीम ने यह ऑपरेशन चलाया। लाल बाबू यादव पर 3 नवंबर 2016 को निर्माणाधीन खुरीहर रेलवे स्टेशन उड़ाने का आरोप है। इस मामले में सिरदला थाना में कांड संख्या 264/16 दर्ज किया गया था। पुलिस ने इस केस में 63 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया था। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि आरोपी से विशेष पूछताछ की जा रही है। आरोपी को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बता दें इसके तीन दिनों पूर्व इसी मामले फरार चल रहे तीन नक्सलियों को एसटीएफ के सहयोग से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका था।

### स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन शिविर

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में मंगलवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नवीन कुमार की देखरेख में चार महिलाओं का सफलतापूर्वक बंध्याकरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार और आशुतोष कुमार ने महिलाओं का रक्त, मूत्र एवं अन्य जरूरी जांचें कीं, ताकि बंध्याकरण प्रक्रिया सुरक्षित ढंग से पूरी की जा सके। शिविर में एएनएम स्वर्णलता कुमारी, संगीता कुमारी, फार्मासिस्ट मिथिलेश कुमार एवं परिचारी आशिक आलम ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। स्वास्थ्य केंद्र की ओर से बताया गया कि यह अभियान महिलाओं में जनसंख्या नियंत्रण और स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

### युवक की डूबकर हुई मौत

**नवादा (नि.सं.)।** जिले के ऐतिहासिक शीतल जल प्रपात ककोलत दोस्तों के साथ स्नान करने आये युवक की डूबने से मौत हो गयी। मृतक अपनी मां का एकलौता पुत्र था। पिता की मौत पन्द्रह वर्ष पूर्व हो गयी थी। बताया जाता है कि गया जिला मटिहानी गांव के स्व. संतोष चौधरी का पुत्र 19 वर्षीय प्रिंस कुमार अपने दर्जन भर दोस्तों के साथ टेम्पो से ककोलत जलप्रपात स्नान करने आया था। ककोलत में अत्यधिक भीड़ व भोजन बनाने की व्यवस्था नहीं रहने के कारण पास के तीन किलोमीटर दूर अमझर झरना के पास चला गया। दोस्तों ने भोजन बनाना शुरू किया। अपने दोस्तों को स्नान करने की बातें कह वह झरना के पास चला गया। तैरना नहीं जानते हुए वह गहरे गड्ढे में प्रवेश कर गया। कुछ देर बाद वापस नहीं लोटने पर दोस्तों को शक हुआ तथा डूब रहे दोस्त को बाहर निकाला। सूचना वन विभाग के कर्मचारियों को दी गयी लेकिन किसी से मदद नहीं मिलने पर उसे वहां से थाली थाना के पास लाया गया लेकिन वहां से भी किसी प्रकार की मदद नहीं मिलने पर ई रिक्शा से गोविंदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। लेकिन तबतक अधिक देर होने के कारण रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। चिकित्सकों के मृत घोषित करते ही पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के बाद दोस्तों के हवाले कर दिया। स्थानीय लोगों का मानना है कि वनकर्मियों व पुलिस द्वारा अगर त्वरित सुविधा उपलब्ध करायी जाती तो संभवतः एकलौते पुत्र की जान बचाई जा सकती थी।

### 6 लोग शराब के नशे में गिरफ्तार

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर एक बोलोरो पर सवार 6 लोगों को नशे में गिरफ्तार किया गया। साथ ही लोगों के पास से शराब बरामद किया गया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर उत्पाद बलों के सहयोग से झारखंड की ओर से आने वाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है। बीते दिन जन के क्रम में उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार एवं एएसआई रमेश कुमार सिंह ने रजरप्पा से आ रही बोलोरो संख्या बीआर21जी2413 की जांच की गई। जांच के दौरान सवार कुल 6 लोगों के शराब पिए होने का शंका हुआ। वहीं सभी लोगों की जांच ब्रेथ एनलाइजर मशीन से लिए जाने पर सभी के शराब पिए होने की पुष्टि हुई। वहीं जब लोगों से पूछताछ की गई तो बताया कि वे लोग झारखंड से ही शराब पीकर आ रहे थे। वहीं बोलोरो की जांच किए जाने पर 750 एमएल चलाई शराब बरामद किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब एवं बोलोरो को लेकर सभी 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों की पहचान पटना जिले के शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के एमन बिगहा गांव निवासी कामेश्वर राम के पुत्र शशिरंजन कुमार, रणधीर राम के पुत्र शशि कुमार, स्व. सुरेश प्रसाद के पुत्र संजीव कुमार, राम बाबू सिंह के पुत्र पवन सिंह, विपिन राम के पुत्र चंदन कुमार एवं राजेंद्र प्रसाद के पुत्र प्रदीप कुमार के रूप में हुई है। वहीं दूसरी ओर झारखंड की ओर से आ रहे जय गुरुदेव ट्रेवल्स संख्या बीआर06पीई7931 पर सवार पश्चिम बंगाल के दमदम थाना क्षेत्र निवासी मनोज कुमार के पुत्र चंदन कुमार को 750 एमएल वाले विदेशी शराब का एक बोतल बरामद किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब एवं बोलोरो के अलावे गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही कहा कि गिरफ्तार लोगों को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### गृहरक्षक भर्ती में 419 अभ्यर्थी सफल

**नवादा (नि.सं.)।** जिले में गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन के लिए आज दिनांक 20.05.2025 को शारीरिक दक्षता की जाँच परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा के लिए कुल 1400 अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र निर्गत किया गया था, जिनमें से 1016 उम्मीदवार परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा की प्रथम चरण में आयोजित 1600 मीटर दौड़ में कुल 523 उम्मीदवार सफल घोषित किए गए। इन सफल अभ्यर्थियों की ऊँचाई एवं सीना की माप की गई, जिसमें निर्धारित मानदंडों को पूर्ण नहीं करने के कारण 55 उम्मीदवार असफल घोषित किए गए। द्वितीय चरण में कुल 468 योग्य उम्मीदवारों ने ऊँची कूद, लंबी कूद एवं गोला फेंक जैसी शारीरिक दक्षता की गतिविधियों में भाग लिया।

### शुभम राज की मौत पर जताया दुःख

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)।** विगत सप्ताह सड़क दुर्घटना में मौत के शिकार हुए नावाडीह गांव निवासी व वार्ड सदस्य संजू देवी एवं सुवील चौरसिया के एकलौते पुत्र शुभम राज के सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो जाने के बाद मंगलवार को उनके स्वजनों से मिलने नेता प्रतिपक्ष व पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने घटना पर दुःख जताते हुए मृतक के परिवार को सांत्वना प्रदान किया। उन्होंने कहा कि मृतक के परिवार के प्रति उनकी एवं पार्टी की संवेदनाएं हैं। उन्होंने मृतक की बहन की शादी एवं पढ़ाई लिखाई में हर सम्भव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। मौके पर स्थानीय विधायक मोहम्मद कामरान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# दलित परिवार पलायन को मजबूर

**निज संवाददाता | नवादा**



एक ओर जहां सरकार भूमिहीन दलित परिवार को जमीन देकर बसाने की तैयारी चल रही है, वहीं दूसरी ओर दबंगों के भय से दलित परिवार गांव छोड़कर पलायन को मजबूर है। नवादा में दबंगों द्वारा दलितों पर अत्याचार किया जा रहा है। जिससे दलित (पासवान) समाज के 10 घरों के लोग पलायन पर मजबूर है। दर्जनों महिलाओं एवं युवाओं ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि उनके ढेवरी गांव के हीं बहुसंख्यक बरई जाति के लोगों द्वारा उनकी बहन -बेटियों पर टेढ़ी नजर रहती है, इतना हीं नहीं जाति सूचक गाली देकर युवाओं के साथ मारपीट भी किया जाता है। हत्या और इज्जत का ख्याल करते हुए लोग गांव छोड़कर पलायन को मजबूर हो रहे हैं। हिसुआ थानाक्षेत्र के ढेवरी गांव में 10 घर की दलित बस्ती में रह रहे पासवान समाज के लोग काफी भयभीत और डरे सहमे हैं। बताया गया कि युवाओं के साथ बेवजह मारपीट, महिलाओं के साथ छेड़छाड़, छींटाकशी और घर पर चढ़कर गाली-गलौज किए जानें तथा उठा लेने की धमकी दिए जानें के बाद अनहोनी के भय से महिलाएं अपने युवा लड़के -लड़कियों को रात में दूसरे जगह भेज देते हैं, ताकि उनके साथ कुछ अनहोनी न हो। अगर सरकार और जिला प्रशासन ध्यान नहीं दिया तो हमलोग गांव छोड़कर पलायन कर जाएंगे। बीते 06 मई को शादी समारोह के तिलक कार्यक्रम में दबंगों ने दबंगई दिखाते हुए जमकर बवाल काटा, जहां शादी में डांस कर रही महिलाओं के साथ भी छेड़छाड़ किया गया और विरोध करने पर मारपीट कर कई लोग को जख्मी कर दिया गया। जिसमें आशिक कुमार नामक युवक, जो पुलिस की तैयारी कर रहे थे उनके साथ मारपीट कर पैर तोड़ दिया वहीं 08 वर्षीय एक बच्ची का सिर भी फोड़ दिया। इस बाबत हिसुआ थाना में आशिक कुमार ने 248/25 प्राथमिकी दर्ज कराकर 05 लोग शरद कुमार, दीपक कुमार, मोहित कुमार, सत्यनारायण कुमार, प्रिंस कुमार को अभियुक्त बनाया। लेकिन प्राथमिकी होने के बाद विरोधियों द्वारा काउंटर मुकदमा 249/25 दर्ज करा दिया गया। स्थानीय दलित समुदाय के लोग रंजू देवी सीता देवी, मीणा देवी, संगीता देवी, गोपाल पासवान, प्रमोद पासवान, श्रवण पासवान शोमा देवी, बेबी देवी, गौतम पासवान, रामाशीष पासवान, सिया देवी सीमा देवी राजेश पासवान, बलिराम पासवान, सुरेन्द्र पासवान, सुबोध पासवान, सुरेन्द्र पासवान, रामवृक्ष पासवान रामबली पासवान, ललन पासवान, अखिलेश पासवान, सरगुन पासवान, राहुल पासवान, पप्पू पासवान, गांधी पासवान, बालकेशवर पासवान, आनंदी पासवान, विश्वनाथ पासवान समेत कई लोगो ने कहा हम अब गांव छोड़ने पर मजबूर हैं। दबंग लोगो द्वारा लगातार दलितों को डराया और धमकाया जा रहा है, जिससे हम सभी भयभीत है। '06 मई को जब मारपीट और छेड़छाड़ की घटना का सूचना मिला, तो पुलिस गांव जाकर मामला शांत कराया, इस बाबत दोनों पक्षों द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। हालांकि आशिक कुमार के आवेदन पर एक आरोपित दीपक कुमार पिता प्रेमन प्रसाद चौरसिया को गिरफ्तार कर जेल भेजा है, शेष के विरुद्ध छापेमारी की जा रही है। पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है।

## महाप्रबंधक ने विभागाध्यक्षों के साथ की समीक्षा बैठक

**निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)**



पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने आज मुख्यालय हाजीपुर में विभागाध्यक्षों, मंडलों के मंडल रेल प्रबंधकों एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल क्षेत्र में यात्रियों की सुविधा और आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े विभिन्न कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में छत्रसाल सिंह ने रेलवे के हर क्षेत्र में नई तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया ताकि जनता की अपेक्षाओं को पूरा करते हुए बेहतर और प्रभावी सेवाएं प्रदान की जा सकें। उन्होंने कहा कि गाड़ियों का समय-पालन, आधारभूत संरचना का विकास और विस्तार, अमृत भारत स्टेशनों के कार्यों में तेजी लाना, माल लदान, राजस्व में वृद्धि, स्वच्छता और कर्मचारियों के कल्याण को प्राथमिकता दी जाएगी। महाप्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समयबद्ध तरीके से योजनाओं को लागू करें और यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक व आधुनिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास करें। बैठक में रेलवे के विभिन्न विभागों की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की गई और आने वाले महीनों के लिए ठोस योजनाएं बनाई गईं। इस प्रकार यह बैठक पूर्व मध्य रेल के विकास और सुधार के लिए एक निर्णायक कदम साबित हुई, जो आने वाले समय में रेल सेवा को और बेहतर बनाएगी।

## पुलिस ने 51 बोतल विदेशी शराब व 39 केन बियर किया जब्त

**निज संवाददाता | वारिसलीगंज (नवादा)**

वारिसलीगंज पुलिस ने गुप्त सूचना पर मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे नगर क्षेत्र के बलवापर तथा रेलवे स्टेशन के बीच स्थित एक गौशाला से भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त कर थाना लाया गया। छापेमारी अभियान में एस आई अभिषेक कुमार, पीटीसी लोकेश कुमार, मो. मंजर धुनीयां समेत पुलिस बल शामिल थे। बताया गया कि गया से किऊल की ओर जा रही ट्रेन शराब को लाकर गौशाला में रखा गया था जिसकी गुप्त सूचना प्राप्त हुई। तत्काल छापेमारी के दौरान 51 बोतल विदेशी शराब के साथ 39 के बियर जब्त किया गया। बताया गया कि जब्त शराब में आर एस नामक शराब का 7.50 एम एल का 44 बोतल के अलावा ब्लंडर स्प्राइट का चार, मैजिक मूवमेंट का तीन बोतल के साथ 39 के बियर जब्त किया गया। जब्त शराब से संबंधित कारोबारियों की पहचान करने में पुलिस जुटी हुई है। मामले से संबंधित प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## लिपिक अजय कुमार को श्रद्धांजलि



**निज संवाददाता | नवादा**

समाहरणालय परिसर में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय गोविन्दपुर में कार्यरत लिपिक अजय कुमार के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि गहरे दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि प्रखंड कार्यालय गोविन्दपुर में कार्यरत लिपिक अजय कुमार का दिनांक 19 मई 2025 को दुखद निधन हो गया। यह जानकारी उनके पुत्र रजनीश कुमार के माध्यम से दिनांक 20.05.2025 को प्राप्त हुई। अजय कुमार के निधन से समाहरणालय परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। वे एक कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं मिलनसार कर्मचारी थे। उनके जाने से विभाग ने एक समर्पित कर्मी को खो दिया है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और शक्ति प्रदान करें। समाहरणालय, नवादा के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की ओर से स्वर्गीय अजय कुमार की स्मृति में समाहरणालय परिसर में 02 मिनट का मौन रखकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की गयी।

## चौकीदार की नियुक्ति से रजौली वासियों को मिली जाम से निजात, सिखा रहे यातायात का नियम

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



मुख्यालय स्थित बजरंगबली चौक पर लगने वाले भयंकर जाम से निजात दिलाने को लेकर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार द्वारा एक चौकीदार की नियुक्ति की गई। चौकीदार की नियुक्ति के बाद रजौली वासियों का आवागमन सामान्य हो गया है। वहीं पुलिस द्वारा इस प्रकार की व्यवस्था से आमलोगों में खुशी है। ड्योढी निवासी निशांत सिंह उर्फ मोंटी सिंह ने बताया कि बजरंगबली चौक पर बाईपास, ब्लॉक, बाजार एवं अस्पताल आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पहले रजौली में इतना भीड़भाड़ नहीं हुआ करता था, किंतु अब रजौली का विकास अतितिव्र गति से हो रहा है। इसलिए लोग गांव को छोड़ शिक्षा एवं रोजगार के उद्देश्य से रजौली में ही जमीन खरीदकर मकान बनाकर रहने लगे हैं। उन्होंने कहा कि पहले प्रत्येक शुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट में जितनी भीड़ हुआ करती थी, अब प्रत्येक दिन ऐसा नजारा देखने को मिलता है। साथ ही कहा कि बजरंगबली चौक इतना ज्यादा व्यस्त हो गया है कि थोड़ी सी यातायात नियमों की लापरवाही में लोग घंटों तक जाम में फंसे रहते हैं। लोगों को जाम की समस्या से निजात दिलाने को लेकर थानाध्यक्ष का बेहतरीन पहल है। वहीं आशा संगीता देवी ने बताई कि बजरंगबली चौक पर लगने वाले जाम के कारण महज 200 मीटर की दूर पर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में मरीजों को एंबुलेंस से जाने में दो घंटे से भी अधिक का समय लग जाया करता था। वहीं चौकीदार मनोज कुमार उर्फ पंडित की प्रतिनियुक्ति के बाद बजरंगबली चौक पर लगे हाईमास्ट लाइट के चारों ओर बैठकर सब्जी बेचने वालों को हटाया गया, ताकि बाइक एवं अन्य वाहनों को आनेजाने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो। वहीं दूसरी नाबालिग टोटो चालक पुलिस को चौराहे पर खड़ा देख उल्टे पैर भाग रहे हैं। साथ ही लहरियाकट स्टाइल में तेज रफ्तार बाइक चलाने वाले भी सतर्क होकर गलियों से गुजरते दिख रहे हैं। आमलोगों ने पुलिस की इस पहल पर खुशी जताई है। वहीं चौकीदार मनोज कुमार द्वारा मंगलवार को पूरे दिन वाहन चालकों को यातायात का पाठ

## निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में पहुंचे 150 लोग 18 मरीजों का होगा मोतियाबिंद का ऑपरेशन

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



प्रखंड स्थित इंटर विद्यालय रजौली के बाबूलाल भवन में जय प्रकाश नारायण हॉस्पिटल के सौजन्य से मंगलवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।इस दौरान रजौली एवं आसपास के विभिन्न गांवों से 150 लोगों के आंखों का जांच किया गया। जांच के बाद कुल 18 मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए, जिन्हें ऑपरेशन की सलाह दी गई। वहीं शिविर के आयोजक अश्विनी कुमार ने बताया कि समय पर मोतियाबिंद का इलाज नहीं किए जाने पर लोगों के आंखों से रौशनी तक जा सकती है। साथ ही बताया कि शिविर में रजौली एवं आसपास के क्षेत्र के महिला-पुरुष समेत दर्जनों बुर्जुग ने अपना जांच करवाया। इस दौरान 18 लोगों के आंखों में मोतियाबिंद पाया गया, जिसे ऑपरेशन की सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि उनका अस्पताल गयाजी जिले के वजीरगंज के समीप सहिया गांव के समीप जय प्रकाश नारायण अस्पताल है, जहां लगभग 200 स्वास्थ्यकर्मी काम करते हैं। इसी अस्पताल में मोतियाबिंद के मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन कर दवाई और काला चश्मा दिया जाता है। इस लाभ के लिए मरीजों को अपना आधार कार्ड, मोबाइल नंबर और आयुष्मान कार्ड लेकर जाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि उक्त अस्पताल द्वारा विभिन्न जगहों पर निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। जांच शिविर में मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को अस्पताल अपने वाहन से अस्पताल ले जाती है और पुनः इलाज के बाद छोड़ जाती है। इससे गरीब और लाचार लोगों को काफी मदद मिल जाती है।

## इंजीनियरिंग का कमाल,नालों में पानी नहीं जाने से सड़क पर जलजमाव से लोग परेशान

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**

मुख्यालय क्षेत्र के एनएच-20 के किनारे सड़क निर्माण कंपनी द्वारा बेहतरीन इंजीनियरिंग द्वारा लंबी नाले का निर्माण किया गया है, ताकि ओभरब्रिज और सड़क पर बारिश का पानी जमा ना हो। किंतु वास्तविकता है कि नाले निर्माण के दौरान बरती गई अनियमितताओं के कारण बारिश पानी नाले में नहीं जाकर सड़कों के किनारे ही इकट्ठा होकर रह जा रहा है। इससे राहगीरों और आसपास के दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सड़कों पर तेज रफ्तार से गुजरते वाहन कीचड़युक्त छींटे उड़ाते जाते हैं, जिसका शिकार राहगीर हो रहे हैं। ऐसा दृश्य एनएच-20 के किनारे स्थित साउथ सीटी इंटरनेशनल स्कूल से बायपास तक देखने को मिलता है। दुकानदार सनोज कुमार कहते हैं कि उनका मोटर पार्ट्स का दुकान है, जलजमाव के कारण लोग हमारे दुकान आने से कतराते हैं। सड़क पर जलजमाव होने से दुकानदारी काफी प्रभावित हुई है। वहीं रजौली कैंटीन सह होटल के संचालक ने बताया कि सड़क पर जलजमाव से उनके यहां लोग शादी और पार्टी के कमरे के बुकिंग को कैंसिल कर दे रहे हैं। फोरलेन निर्माण करने वाली कंपनी के द्वारा बरती गई अनियमितताओं की सजा हम दुकानदारों को मिल रही है। इस समस्या से निजात दिलाने को लेकर दर्जनों दुकानदारों द्वारा स्थानीय प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। साथ ही एनएचएआई द्वारा जारी टोल फ्री नंबर पर शिकायत भी दर्ज कराई है।

## बाल संसद के गठन के लिए विद्यालय में हुआ गुप्त मतदान

**निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)**



कौआकोल प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बरौन बाजितपुर में मंगलवार को युवा लोकतंत्र का जीवंत स्वरूप देखने को मिला। जहां विद्यालय में बाल संसद के गठन के लिए विभिन्न पदों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कार्य संपन्न किए गए। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि गठन प्रक्रिया के तहत हुए मतदान में विद्यालय के शिक्षक व चुनाव करने में सहयोगी की भूमिका निभा रहे रणधीर कुमार, दिनेश प्रसाद, शम्भू कुमार, संतोष कुमार, निर्मला कुमारी एवं रूबी कुमारी की मौजूदगी छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। वहीं इस निर्वाचन प्रक्रिया ने युवा पीढ़ी को लोकतांत्रिक मूल्यों और चुनावी प्रक्रिया से अवगत कराया। बाल संसद का गठन के लिए गुप्त मतदान की प्रक्रिया अपनायी गयी। भारतीय चुनाव प्रक्रिया के अनुसार बच्चों ने विभिन्न पदों के लिए अपना नामांकन किया। इसके उपरांत वोटिंग की प्रक्रिया करायी गयी। जानकारी के अनुसार छह पदों के लिए चुनाव सम्पन्न कराए गए। प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री, जल एवं कृषि मंत्री, विज्ञान एवं पुस्तकालय मंत्री, खेल एवं संस्कृति मंत्री तथा सुरक्षा मंत्री पद के लिए 17 छात्र उम्मीदवारों के बीच मतदान कराए गए। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि बुधवार को मतगणना के बाद नई गठित कमिटी का शपथ ग्रहण कराया जाएगा एवं उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों से अवगत कराया जाएगा।

## सिंचाई विभाग कार्यालय एकमात्र रात्रि प्रहरी के भरोसे संचालित, 15 वर्षों से नवादा से किया जा रहा मॉनिटरिंग

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**

नगर पंचायत स्थित रजौली व गोविंदपुर का लघु सिंचाई विभाग का अनुमंडल कार्यालय अवस्थित है, जो बीते 15 वर्षों से रख-रखाव के अभाव में ढह रहा है। अवर प्रमंडल पदाधिकारी लघु सिंचाई का अनुमंडल कार्यालय एकमात्र रात्रि प्रहरी विजय सिंह के भरोसे चल रहा है। रात्रि प्रहरी अपने कार्य के साथ-साथ से सहायक अभियंता तक का कार्य करते हैं। वहीं रजौली व गोविंदपुर प्रखंड क्षेत्र के किसानों को किसी भी प्रकार के नहर से संबंधित या अन्य लघु सिंचाई का कार्य कराना होता है, तो वे रात्री प्रहरी ही करते हैं एवं विभाग के वरीय अधिकारीगण नवादा में रहकर एयर कंडीशन के ठंडे हवा का मजा लेते हैं। किसानों का कहना है कि जितना लघु सिंचाई विभाग कैंपस में ह्यूम पाइप बेकार हो रहा है, उसे अगर कहीं फुल पुलिया व नाला एवं नहर में उपयोग कर दिया जाए, तो सरकार को राजश्व भी प्राप्त हो जाएगा और बर्बाद हो रहे ह्यूम पाइप उपयोग में भी आ जाएगा। इस संबंध में अवर प्रमंडल पदाधिकारी लघु सिंचाई अनुमंडल के सहायक अभियंता मुजफ्फर साबा से पूछे जाने पर बताया कि विगत कई वर्षो से रजौली का कार्यालय नवादा में ही संचालित किया जा रहा है। अगर किसानों को किसी प्रकार का जरूरत होता है, तो वह लिफाफा में अपना आवेदन भर कर रात्री प्रहरी को देते हैं और रात्रि प्रहरी के द्वारा आवेदन को नवादा पहुंचाया जाता है। उसके बाद किसानों का कार्य किया जाता है। जबकि लघु सिंचाई विभाग का भवन इतना जर्जर है, जो कभी भी गिरकर ढहने से बड़ा हादसा हो सकता है। इस संबंध में रात्रि प्रहरी विजय सिंह ने बताया कि कार्यालय में रात्रि क्या दिन में भी रहने में डर लगता है। कार्यलय के अगल-बगल इतना ज्यादा झारी व गंदा कचरा है, जो किसी भी समय कोई विषैले जीव-जंतु घुसकर कार्यालय में बैठे लोगों को अपना शिकार बना सकता है। इसलिए कार्यालय के बाहर पेड़ के नीचे ही बैठकर ड्यूटी करना पड़ता है। इस संबंध में लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता ने बताया कि भवन निर्माण के लिए विभाग को लिखा गया है, जो काफी दिनों के बाद नवादा जिला मुख्यालय का लघु सिंचाई विभाग के भवन का निर्माण के लिए आया है। अब देखना यह है कि रजौली लघु सिंचाई अनुमंडल कार्यालय को कब तक नया भवन मिल जाता है।रात्री प्रहरी ने बताया कि कार्यालय के इर्द-गिर्द पेयजल व शौचालय का कोई सुविधा नहीं है, जिससे पानी पीने के लिए व शौचालय के लिए काफी दूर जाना होता है। गर्मियों के दिनों में कार्यालय में आने वाले किसानों को पानी पीने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। वहीं लघु सिंचाई विभाग के जेई रौशन कुमार ने कहा कि किसानों का कोई भी काम होने पर नवादा से ही किया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि लघु सिंचाई विभाग रजौली में सिर्फ शोभा का वस्तु बना हुआ है। सुशासन बाबू के राज्य में भी अधिकांश कार्यालय कागजों पर ही चल रहा है। जब एक रात्री प्रहरी ही गोबिंदपुर व रजौली का लघु सिंचाई विभाग चला रहा है, तो आखिर पदाधिकारीयों को किस चीज का वेतन दिया जा रहा है यह सोचनीय विषय है। लघु सिंचाई विभाग के सुचारू ढंग से नहीं खुलने के कारण सभी नहर व पइन के भूमि को भूमाफियाओं द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। भूमाफिया भी जानते हैं यहां पर कोई भी विभाग के लोग नहीं रहते हैं। किसी भी तरह से नहर व पइन के भूमि को लूटकर मकान निर्माण कराया जा रहा है। यदि इस प्रकार की स्थिति रही, तो आने-वाले समय में लोगों को पइन व नहर कागजों पर ही मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### 144.72 करोड़ की लागत से कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय बनेगा

**आरा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पटना से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए भोजपुर जिले को कई बड़ी सौगातें दीं। आरा में 144.72 करोड़ की लागत से बनने वाले कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय का कार्यारंभ किया गया। साथ ही जगदीशपुर अनुमंडल में संयुक्त कृषि भवन और आरा में चंदवा-धरहरा बांध पर सड़क निर्माण का शिलान्यास भी किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 'बिहार कृषि' मोबाइल एप की शुरुआत की और खरीफ महाभियान 2025 का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर पूर्व कृषि मंत्री सह आरा विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने योजनाओं की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री का आभार जताया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भोजपुर समाहरणालय सभागार और जगदीशपुर अनुमंडल कार्यालय में किया गया। इसमें जिलाधिकारी तनय सुलतानिया, जिला कृषि पदाधिकारी शत्रुघ्न साहू, सहायक निदेशक उद्यान दिवाकर भारती समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। वहीं जगदीशपुर में एसडीएम संजीत कुमार, प्रभारी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सुजाता कुमारी, कृषि समन्वयक संजीत राय, अजय पांडेय, कृष्ण, हरी भूषण, राजीव कुमार सैनी और आशीष रंजन मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने चंदवा-धरहरा बांध पर सड़क निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। इसकी लागत करीब 31 करोड़ रुपए होगी। इससे ग्रामीण इलाकों में आवागमन आसान होगा।

### पेमेंट गेटवे बनेगा, ताकि सुरक्षित हो पैसा

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अंगीभूत और संबद्ध कॉलेजों में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम सत्र, 2025-29 के सेमेस्टर वन में दाखिला के लिए 24 मई को पोर्टल खुलेगा। एडमिशन को लेकर ऑनलाइन आवेदन का पोर्टल सोमवार को नहीं खुला। सोमवार को विश्वविद्यालय के पोर्टल पर किन-किन कॉलेजों की किन-किन विषय में मान्यता है इसकी सूची अपलोड करने की प्रक्रिया की गई। नोडल पदाधिकारी डॉ धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एडमिशन के लिए इस बार अलग पेमेंट गेटवे बनाए जाने की भी योजना है,ताकि एडमिशन का पैसा एक जगह सुरक्षित रह सकें। इस मामले पर बैंक से बात की गई है। इस गेटवे में एडमिशन शुल्क और पंजीयन का शुल्क लिया जाएगा। पिछले वर्ष हुए नामांकन का शुल्क अब तक कॉलेजों को वितरित नहीं किया जा सका है। इस वर्ष ऐसी स्थिति न हो इसके लिए कई तकनीक पर कार्य कर पोर्टल खोला जायेगा।इस बार कॉलेजों की संख्या 75 के करीब है। जबकि सीट एक लाख पांच हजार है।

### श्मशान विकास समिति की नई कार्यकारिणी गठित

**आरा**| गौसगंज श्मशान विकास समिति की मासिक आम सभा में नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। बैठक की अध्यक्षता उपेन्द्र सिंह ने की। संचालन सचिव उर्मेश सिंह ने किया। अधिवक्ता विजेता विजय वर्धन और विनय किशोर सिंह ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए नाम प्रस्तावित किए। सर्वसम्मति से पुष्पेंद्र सिंह को फिर से अध्यक्ष चुना गया। सुशील कुमार पंडित को कोषाध्यक्ष और उमेश सिंह को सचिव पद पर अगले पांच वर्षों के लिए निर्विरोध चुना गया। प्रकाश सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया। अनिल कुमार को सह सचिव, रंजीत कुमार को उपकोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में समिति के 11 सदस्यों का भी मनोनयन किया गया। गांगी श्मशान घाट के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित हुए।

### राकेश की हत्या पर भड़का राजद नेता

**आरा**| पटखौली गांव में शादी समारोह के दौरान नाच-गाने में हुए विवाद में राकेश रजक की हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद सोमवार को राजदका प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचा। नेतृत्व पूर्व विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष विजयेंद्र यादव ने किया। उन्होंने कहा कि नौजवान की हत्या से दुखी हैं। अपराधी किसी भी जाति या धर्म का हो, बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करें। नीतीश और मोदी सरकार में कानून व्यवस्था खत्म हो चुकी है। जिला परिषद सदस्य रविंद्र रजक और सोनू रजक ने कहा कि दलित समाज असुरक्षित है। प्रशासन तुरंत कार्रवाई करे। जिला परिषद उपाध्यक्ष लाल बिहारी सिंह और युवा राजद जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि राकेश की हत्या से पूरा राजद परिवार दुखी है।

### आसा के जनसुराज में विलय होने पर जताई खुशी

**बक्सर**| आप सबकी आवाज "आसा" पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रामचन्द्र प्रसाद सिंह के द्वारा आसा पार्टी का विलय जनसुराज पार्टी में करने के निर्णय का आसा पार्टी के प्रदेश महासचिव रवि रंजन तिवारी ने स्वागत किया है। रवि रंजन तिवारी ने कहा कि सुशासन के रचनाकार आरसीपी सिंह के सीएम फेस हो जाने से जहां बिहार में राजनीतिक सुनामी आ गया है। वहीं विरोधी दलों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। रवि रंजन तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अपने शिकंजे में लेकर जनाधार विहीन कर परजीवी नेताओं ने पूरे बिहार को चौपट कर रखा है। रवि रंजन तिवारी ने कहा कि राजनीतिक और सांगठनिक अनुभव वाले आरसीपी सिंह तथा रणनीतिक अनुभव वाले प्रशांत किशोर मिलकर बिहार का नये सिरे से नवनिर्माण करेंगे।

### चौसा रेलवे स्टेशन के पास से वृद्ध का शव बरामद

**बक्सर।** चौसा रेलवे स्टेशन के समीप 78 ए समपार और कर्मनाशा पुल के बीच ख़िलाफ़तपुर गांव के पास बनारपुर पुलिया के निकट सोमवार की दोपहर एक वृद्ध का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की पहचान राजपुर थाना क्षेत्र के देवढ़िया गांव निवासी 65 वर्षीय शिव मुनि साह के रूप में की गई है। माना जा रहा है कि वह किसी ट्रेन से यात्रा कर रहे थे और असंतुलित होकर गिरने से उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना मुफस्सिल थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर शिनाख्त की कार्रवाई शुरू की। कुछ ही देर में मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि हो सकता है कि शिव मुनि साह ट्रेन से कहीं जा रहे थे या लौट रहे हो, लेकिन उन्हें भी इस दुर्घटना की सटीक जानकारी नहीं है कि हादसा कब और कैसे हुआ। पुलिस सूत्रों की मानें तो प्रथम दृष्टया लगता है कि मृतक ट्रेन से गिरकर हादसे का शिकार हुए हैं।

### भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष का निधन

**ब्रह्मपुर**| प्रखंड के देवकुली गांव निवासी भाजपा के युवा मोर्चा उपाध्यक्ष रविकांत दुबे उर्फ विक्की दुबे (40) का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। प्राप्त सूचना के अनुसार रविवार की रात उनका निधन कोलकाता में हुआ। जैसे ही इस बात की सूचना मिली पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। रविकांत एक हसमुख और मिलनसार प्रवृत्ति के व्यक्ति और युवाओं के चाहते थे। उनके निधन से समाज में एक ऐसा जगह रिक्त हो गया, जिसकी भरपाई करना संभव नहीं है। भाजपा जिला प्रवक्ता दीपक पांडेय, जदयू नेता रोहित ओझा, ब्रह्मपुर नगर मंडल अध्यक्ष बृजेश चौबे, भाई सुशील ओझा, डॉ हरिशंकर चौबे, संतोष मिश्रा, महेश पांडेय व पिंटू सिंह आदि ने गहरा शोक प्रकट किया है।

### रोको टोको अभियान में 28 अभियुक्त गिरफ्तार

**बक्सर**| जिले में अलग अलग इलाकों से पिछले 24 घंटे में कुल 28 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार डकैती कांड में 5, दहेज हत्या में 1, शराब के सेवन में 11, शराब बरामदगी में 7 वारंट में 4 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वहीं पुलिस के द्वारा जगह-जगह वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया गया। जिसमें 2 लाख 18 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। पुलिस ने पिछले 24 घंटे में 20 वारंट का निष्पादन किया गया। बता दें कि एसपी शुभम आर्य के निर्देश पर जिले में शाति व्यवस्था बनाए रखने को जांच अभियान चल रहा है।

### गोढ़ना-गौरैया स्थान की गली में नाले का पानी बना मुसीबत, बदबू से लोग परेशान

**आरा।** गोढ़ना रोड में गौरैया स्थान की एक गली में नाली का गंदा पानी महीनों से सड़क पर बह रहा है। इससे मोहल्ले के लोगों को भारी परेशानी हो रही है। गली में चलना मुश्किल हो गया है। बदबू और जलजमाव से लोग परेशान हैं। बच्चों और बुजुर्गों का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासी कीर्ति ओझा ने बताया कि यह गली मंगलम फैशन के बगल में है। यहां लगातार गंदा पानी बह रहा है। कई बार नगर निगम से शिकायत की गई। अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# बक्सर जिले में टूटी नल-जल योजना की पाइपलाइन

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के जगदीशपुर पंचायत में नल-जल योजना लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। वार्ड नंबर 10 में पिछले एक महीने से पाइपलाइन टूटी हुई है। पीने का पानी सड़कों पर बह रहा है।

**90 घरों में नल से नहीं आ रहा पानी, 43 बार दर्ज हुई शिकायत:** बताया गया की जगदीशपुर के कुल्हड़िया गांव में 400 से अधिक परिवार रहते हैं। मार्च से 90 घरों में नल से पानी नहीं आ रहा है। ग्रामीणों ने अब तक 43 बार शिकायत दर्ज कराई है। पीएचईडी विभाग के अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया।

**लोग पीने के पानी के लिए परेशान:** ग्रामीण संतोष केशरी ने बताया कि गांव के अधिकतर लोग मजदूर और किसान हैं। लोग पीने के पानी के लिए परेशान हैं। गांव के चापाकल का लेयर भाग गया है। उपेंद्र कुमार नाम के ग्रामीण ने बताया कि ऑनलाइन मेल और वॉट्सऐप पर



फोटो भेजने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**आंदोलन की दी चेतावनी:** अप्रैल में जिलाधिकारी ने नल-जल और चापाकल की मरम्मत के लिए टोल फ्री नंबर जारी किया था। इसका भी कोई असर नहीं हुआ। अब राहगीर सड़क पर बह रहे पानी में साइकिल और पैर धो रहे हैं। लेकिन घरों तक पीने का पानी नहीं पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी

♦ **एक महीने से सड़कों पर बह रहा पानी, 43 शिकायतों के बाद भी नहीं हुई मरम्मत**

दी है। महिलाएं भी इस आंदोलन में शामिल होंगी। उनका कहना है कि सार्वजनिक योजनाओं के लिए आवाज उठाना उनका अधिकार है। वे नेशनल हाईवे जाम करने की तैयारी कर रहे हैं।

**ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश:** ग्रामीणों ने कहा यह केवल जगदीशपुर या कुल्हड़िया गांव की कहानी नहीं है। पूरे बक्सर जिले में ऐसी ही स्थिति अधिकतर जगह बनी हुई है। नल-जल योजना फेल है। लेकिन यह पहला जिला है। जहां के विभागीय अधिकारी खुद को, जिलाधिकारी से बड़ा समझते है। लोकतंत्र में आंदोलन जनता का अधिकार है।

## सड़क हादसे में चापाकल मिस्त्री की मौत

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के एक युवक की यूपी में मौत हो गई। मृतक की पहचान राजपुर थाना क्षेत्र के जैतपुरा गांव निवासी सोनू कुमार(35) के रूप में हुई है। बताया गया कि वह उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के जमनिया थाना क्षेत्र में निजी काम से गए थे। वापसी के दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के समय सोनू ने हेलमेट पहन रखा था। लेकिन टक्कर इतनी जोरदार थी की सिर पर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची उत्तर प्रदेश पुलिस ने शव की पहचान होने पर इसकी सूचना परिजनों को दी। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर परिजन भी बिना समय गंवाए बक्सर से यूपी के जमानिया पहुंच गए। वहीं पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि वह अपने पिता सुभाष राय के इकलौते पुत्र थे। वे चापाकल मिस्त्री का काम कर अपने परिवार



♦ **काम की तलाश में यूपी गए थे, तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर**

का भरण पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी और एक छोटी बेटी है। वे अपने बूढ़े माता-पिता की भी देखभाल करते थे। घटना की जानकारी मिलते ही जैतपुरा गांव में शोक छा गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से परिवार को आर्थिक मदद और न्याय दिलाने की मांग की है।

## बिरजू हत्याकांड में एक और आरोपी किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर पुलिस बिरजू हत्याकांड में 1 और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इससे पहले सोमवार को मनोज यादव और प्रमोद यादव की गिरफ्तारी हुई थी। दोनों पर साजिश रचने का आरोप है। पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया गया है। हत्याकांड में शामिल शूटर का पता लगाया जा रहा है। रविवार को घर के पास अपराधियों ने बिरजू को गोलियां से भून दिया था। मृतक के पिता सुदामा राम ने 6 लोगों के खिलाफ नामजद FIR दर्ज कराई थी। घटना टाउन थाना क्षेत्र के अंबेडकर कॉलोनी की है।

**मृतक के बड़े भाई को मारने आए थे बदमाश:** जानकारी के मुताबिक, 'मृतक के बड़े भाई अपराधी है और मर्डर केस में जेल जा चुका है। मृतक के पिता सुदामा प्रसाद ने बताया, 'मेरा बड़ा बेटा वीर इलाके में हो रहे देसी और



विदेशी शराब की तस्करी का विरोध करता है। इसकी वजह से पांच महीने पहले बदमाशों ने वीर को जान से मारने की धमकी भी दी थी। बदमाश बड़े बेटे को मारने आए थे, लेकिन छोटे को गोली मारी दी।' सुदामा राम ने बताया कि 2022 में मोती टोला निवासी सुशील यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में उनके बड़े बेटे वीरा कुमार को आरोपी बनाया गया था। उसी विवाद में बिरजू की हत्या हुई है। मोती टोला निवासी सुधीर यादव, अमित यादव, मनोज यादव, प्रमोद यादव, सोनू यादव और जिलेन्ध्र यादव ने साजिश रचकर उसे मार डाला।

## हादसे के बाद इलाजरत मरीजों का बसपा नेता ने लिया हालचाल



**ब्रह्मपुर**| 16 मई को रात्रि मे बारात की गाड़ी भरियार जाने के क्रम मे रामगढ़ एवं ऊपरी ग्राहथा के बीच ब्रह्मपुर एनएच-922 पर बारात की गाड़ी का संतुलन बिगड़ जाने के कारण बहुत बडा हादसा हुआ था। जिसमे 3 लोगो की मौत हो गई। एवं एक सात साल की बच्ची तथा दो महिला का इलाज पीएमसीएच पटना मे चल रहा है। बसपा प्रभारी महावीर यादव ने पीएमसीएच पटना मे जाकर उनके बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर, मेडिकल स्टॉफ एवं परिजनों से मिले। दुख की इस घड़ी मे परिजन को हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया।

# फाइलेरिया से पीड़ित युवक ने फंदे से लटककर की आत्महत्या

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के राजपुर गांव में मंगलवार सुबह एक युवक ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर लिया। मृतक की पहचान अशोक पांडेय के बेटे निशांत पांडेय(19) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार उसने अपने कमरे में फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया।

**बीमारी के कारण परेशान था परेशान:** मृतक के परिजनों ने बताया कि निशांत लंबे समय से फाइलेरिया से पीड़ित था। इस बीमारी के कारण उसका एक पैर बुरी तरह सूज गया था। उसका कई जगह इलाज कराया गया। लेकिन कोई सुधार नहीं होने से वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा था। बीमारी के कारण उसे रोजमर्रा की गतिविधियों में



भी कठिनाई होती थी। बताया कि सोमवार रात तक निशांत ने परिवार के साथ सामान्य बातचीत की थी। मंगलवार सुबह जब वह देर तक कमरे से बाहर नहीं निकला, तो परिजन चिंतित हुए। दरवाजा खटखटाने पर कोई जवाब नहीं मिला। खिड़की से झांककर देखा गया तो निशांत का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी।

♦ **परिजन बोले-लंबे इलाज के बाद भी राहत नहीं मिलने से था परेशान**

सूचना पर पहुंची राजपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेज दिया गया है।

**मानसिक तनाव के कारण आत्महत्या की आशंका:** थानाध्यक्ष ने बताया कि मानसिक तनाव को आत्महत्या का प्राथमिक कारण माना जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल जांच से स्थिति और स्पष्ट होगी। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।

# अनदेखी जयप्रकाश नारायण बस अड्डे पर यात्रियों के लिए बुनियादी सुविधाएं नहीं

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर बाइपास रोड स्थित अंतरराज्यीय जयप्रकाश नारायण बस अड्डे को जीर्णोद्धार का इंतजार है। वर्षों पुराना बस अड्डा आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। बस अड्डा परिसर में यात्री सुविधाओं का घोर आभाव है। यहां तक की बुनियादी सुविधाएं भी यात्रियों को मयस्सर नहीं हो रही हैं। बस अड्डा परिसर में जगह-जगह पर बड़े-छोटे गड्ढे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि बरसात के मौसम में पानी भर जाता है। परिसर का जमीन कहीं भी समतल नहीं है। वाहन पर चढ़ने व उतरने के क्रम में यात्री फिसल कर गिर जाएं या फिर उनके पैर में मोच आ जाए कहना मुश्किल है। फिलहाल गर्मी के मौसम में धूल उड़ने से परेशानी हो रही है। अब जब बरसात शुरू होगी तब जलजमाव से आमजनों को परेशानी होनी




तय है। हर साल नगर परिषद को लाखों रुपये का राजस्व देने के बावजूद यहां सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं है। ऐसे में हिचकोले मारती हुई बसें आती-जाती हैं। यहां एकमात्र चापाकल है, वह भी निजी कंपनी द्वारा लगाई गई। इसके साथ हीं सरकारी शौचालय का भी आभाव है। चापाकल खराब होने पर आपस में चंदा जुटाकर बनवाते हैं। सरकारी एक भी यूरिनल नहीं है। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को होती है। परिसर का फर्श, सुविधा से लैस प्रतीक्षालय, फर्श निर्माण, शौचालय, यूरिनल और स्टॉफ रूम बनवाने की आवश्यकता है। पड़ाव सड़क खराब यहां बस पड़ाव सड़क खराब है। पेयजल की व्यवस्था नहीं है। यहां यात्रियों को ठहरने व बैठने की जगह नहीं है। इसके कारण यात्रियों को परेशानी होती है। - भरत, दुकानदार 10 दिनों में जमीन समतल करने को लेकर कार्य शुरू हो जाएगा इस सबंध में नगर परिषद के ईओ आशुतोष गुप्ता ने बताया कि लगभग 10 दिनों के अंदर जमीन समतल करने को लेकर कार्य शुरू हो जाएगा। यात्री शेड बनवाने को लेकर टेंडर हो चुका है। जल्द हीं कार्य शुरू होगा। इसके साथ हीं अन्य यात्री सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। जीर्णोद्धार कार्य कागजों पर सिमटा बस पड़ाव सुविधाहीन है। पानी व बैठने की सुविधा नहीं है। परिसर में बड़ा बड़ा गड्ढा है। यात्रियों को बस पकड़ाने के लिए ई रिक्शा आती है,तो पलट जाती है। कई बार जीर्णोद्धार करने की बात कही गई बस कागजों पर सिमट कर रह जाती है। - बबलू, सोहनीपट्टी बैठने की जगह नहीं जय प्रकाश बस पड़ाव का जीर्णोद्धार होना काफी जरूरी है। पुरे परिसर की ढलाई होनी चाहिए। चापाकल की कमी है। जिससे यात्रियों को परेशानी होती है। पुराना यात्री शेड है लेकिन बैठने की जगह नहीं है। फर्श खराब है।

## डुमरी कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य की सड़क हादसे में मौत

निज संवाददाता। बक्सर

डुमरांव में सड़क हादसे में डीके मेमोरियल कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य की मौत हो गई। हादसे में तीन अन्य प्रोफेसर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना अनुमंडल कार्यालय के पास अकालुपुर गांव के डुमरांव राजवाहा मार्ग पर हुई। मृतक की पहचान बिहटा थाना क्षेत्र के काब गांव के निवासी कपिलमुनी शर्मा के रूप में हुई है। सोमवार की दोपहर सभी प्रोफेसर कॉलेज के शासकीय निकाय गठन की बैठक में जाने के लिए स्कॉर्पियो से यात्रा कर रहे थे। जर्जर पुलिया पार करते समय गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गई।

**घायलों को हायर सेंटर किया रेफर:** घायलों में एमवी कॉलेज बक्सर के प्रभारी प्राचार्य प्रो. डॉ. पीके सिन्हा, डुमरी कॉलेज के प्रो. रामकुमार सिंह और डॉ. छोटक कुमार शामिल हैं। तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद अनुमंडलीय अस्पताल



से उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया। घायलों का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। घायल प्रो. राम कुमार सिंह चक्की थाना क्षेत्र के छोटका लहना गांव से और डॉ. छोटक कुमार डुमरी गांव से हैं। डॉ. छोटक इलाके में अंग्रेजी के प्रतिष्ठित शिक्षक माने जाते हैं। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम राकेश कुमार, स्थानीय विधायक डॉ. अजित कुमार सिंह और डुमरांव थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने प्रभारी प्राचार्य के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## आरा में आज 2 घंटे तक बिजली कटेगी

निज संवाददाता। आरा

आरा के पुरानी पुलिस लाइन GIS और जापानी PSS से आज सुबह 8 से 10 बजे तक बिजली की सप्लाई ठप रहेगी। इस दौरान पश्चिमी रेलवे गुमटी के पास भूमिगत केबल, जर्जर तार और पोल को ठीक किया जाएगा। बिजली से संबंधित कोई भी समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए कनीय अभियंता ने उपभोक्ताओं से जरूरी काम समय से निपटा लेने की अपील की है। मेंटेनेंस का काम पूरा होते ही बिजली बहाल कर दी जाएगी।

**इन इलाकों में कटेगी बिजली:** सिंडिकेट फीडर के पुरानी पुलिस लाइन, नाला मोड़, चौधरियाना, सिंडिकेट, तरी मुहल्ला, आम्रपाली मार्केट, आर्य समाज और एम.पी.बाग में सप्लाई बाधित रहेगी। टाउन थाना फीडर के डी. ई.ओ. ऑफिस, एस. पी ऑफिस, नगर निगम, सिविल कोर्ट, एम.पी. बाग, बाबू बाजार, टाउन थाना, शाहिद भवन, महावीर टोला, पार्क-भय्यू



के इलाकों में बिजली कटेगी। पकड़ी फीडर के डॉ. ईशा, मदन जी के हाता, मालती हॉस्पिटल, सदर एसडीओ आवास के आसपास बिजली नहीं रहेगी। मौलाबाग फीडर के गायत्री मंदिर, एस. बी. कॉलेज, कब्रिस्तान, व्यास केशव प्रेस, शांति नगर, न्याय नगर के आसपास के इलाकों में मेंटेनेंस का काम होगा। मझौवां फीडर के अफीमी कोठी, मझौवां, महिला थाना, कृष्णा नगर बांध। आरा शहरी फीडर सं-3 के संकट मोचन नगर, चंदवा मोड़, मौलाबाग, न्यू पुलिस लाइन। आरा शहरी फीडर सं-4 के हरी जी के हाता, जज कोठी मोड़, के.जी. रोड, क्लब रोड, बी.डी.ओ. ब्लॉक और बजाज शोरूम।

# 'भारत ने पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों को किया खत्म'

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के बड़हरा विधानसभा के भाजपा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। जिसमें बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले में भारत के 26 लोगों की मौत हो गई। जिसके बाद 7 मई की रात पीओके में मौजूद आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत एयरस्ट्राइक किया गया। भारत ने पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों को सटीक रूप से नष्ट किया। जिसमें भारत के सैन्य ताकतों ने पाकिस्तान में 100 किलोमीटर तक घुसकर 100 से अधिक आतंकवादियों



को मार गिराया। राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर 100 प्रतिशत सफल रहा और राफेल के साथ उड़ान भरने वाले हमारे सभी बहादुर पायलटों ने आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया, बिना किसी नागरिक को कोई नुकसान पहुंचाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था अगर वहां से गोली

♦ **भाजपा विधायक राघवेंद्र प्रताप बोले- ऑपरेशन सिंदूर 100 प्रतिशत रहा सफल**

आएगी, तो यहां से गोला जाएगा। हम घुसकर मारेंगे और मिट्टी में मिला देंगे।

**22 देशों के नेताओं से पीएम ने किया था सीधा संपर्क:** राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस युद्ध के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से लड़ने के लिए 22 देशों के नेताओं से सीधे संपर्क किया और सभी देशों ने भारत का समर्थन किया। विधायक ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी यूसुफ अजहर और हाफिज मोहम्मद जमील भी मारे गए। लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी मुजस्सर उर्फ अबू जिंदाल भी मारा गया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पीरपैंती रेलवे स्टेशन का भव्य कायाकल्प



पीरपैंती स्टेशन - विकास से पहले




पीरपैंती स्टेशन - अमृत भारत योजना के तहत विकास के बाद






निज संवाददाता। पीरपैंती

भारतीय रेलवे की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हाल ही में बिहार के भागलपुर जिले में स्थित पीरपैंती रेलवे स्टेशन में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। एनएसजी-5 श्रेणी में वर्गीकृत पीरपैंती स्टेशन, पूर्व रेलवे क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, जहाँ यात्रियों की बढ़ती माँगों को पूरा करने के लिए आधुनिक बुनियादी ढाँचे को अपग्रेड करना ज़रूरी था। पुनर्विकास की प्रमुख विशेषताएँ अमृत भारत स्टेशन योजना के पहले चरण के अंतर्गत, पीरपैंती स्टेशन के लिए 18.93 करोड़ के पुनर्विकास कार्यों को मंज़ूरी दी गई है। इस व्यापक कार्य योजना में सिविल, इलेक्ट्रिकल, सिग्नलिंग और दूरसंचार (एस एंड टी), साइनेज, लिफ्टों की स्थापना और रूफ प्लाजा के साथ 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का विकास शामिल है। इसके अतिरिक्त, स्टेशन की कार्यक्षमता और दृश्य सौंदर्य को बढ़ाने के लिए अलग-अलग आगमन और प्रस्थान ब्लॉक, पैदल यात्री मार्ग, आकर्षक मूर्तियां, मानक आंतरिक सज्जा और सौंदर्यपूर्ण प्रकाश व्यवस्था के साथ एक आधुनिक अग्रभाग(फसाड) को भी शामिल किया गया है।

**पुनर्विकास के तहत निम्नलिखित प्रमुख सुविधाएँ प्रदान की गई हैं:**

- सौंदर्यपूर्ण प्रकाश व्यवस्था के साथ एक आधुनिक अग्रभाग का निर्माण।
- प्रथम श्रेणी और द्वितीय श्रेणी के प्रतीक्षालय, एक आरक्षित लाउंज, एक कार्यकारी लाउंज और एक महिला प्रतीक्षालय का विकास।
- कंकोर्स क्षेत्र और आगमन खंड का पूर्ण निर्माण।
- यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए परिसंचारी क्षेत्र का विकास।
- गतिशील यात्री सूचना के लिए बड़े आकार की इनडोर और आउटडोर वीडियो दीवारों की स्थापना।
- स्टेशन नेविगेशन को सुव्यवस्थित करने के लिए व्यापक साइनेज का कार्यान्वयन।
- सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए दिव्यांगजन-अनुरूप बुनियादी ढाँचे का प्रावधान।

स्टेशन का डिज़ाइन और इंटीरियर स्थानीय कला और आस-पास के ऐतिहासिक स्मारकों से प्रेरित है, जो आधुनिक वास्तुकला को क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत के साथ जोड़ता है। यह मिश्रण पीरपैंती स्टेशन को एक अलग पहचान प्रदान करता है, जो बिहार की समृद्ध परंपराओं को दर्शाता है। पीरपैंती रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए आधुनिक बुनियादी ढांचे के माध्यम से यात्री अनुभव को बढ़ाने के लिए भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

# प्राचार्य पद के लिए चयनित सभी अभ्यर्थियों की काउंसलिंग

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर प्राचार्य पद के लिए चयनित शिक्षकों की काउंसलिंग 19 मई यानी सोमवार को होगी। कुलपति प्रो. संजय कुमार ने इसकी जानकारी दी। बताया कि अभ्यर्थियों को जरूरी दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही लॉटरी में शामिल होने की पात्रता तय करेगा। इस महीने में ही इन प्राचार्यों की नियुक्ति कॉलेजों में कराई जाएगी। राजभवन ने प्रतिनिधि के नाम की घोषणा कर दी है। जिनकी उपस्थिति में निर्धारित प्रक्रिया को पूरी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा अनुशंसित प्राचार्यों की नियुक्ति लॉटरी से की जाएगी। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और रिकॉर्डेड होगी। राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल. चोंग्थू ने पत्र भेजकर विश्वविद्यालय को यह जानकारी दी है। राजभवन सचिवालय ने निर्देश जारी किए हैं कि कॉलेजों की सूची अंग्रेजी वर्णक्रम में तैयार की जाएगी।


## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER. MINOR IRRIGATION DIVISION, GARHWA

**e-Procurement Tender Notice**

**Two Envelope System**

**Tender Reference No:- WRD/MID/GARHWA/B.D./S.L.I.-01/2025-26**

**Letter No:- 318Date:-19.05.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of AdhouraSolar Lift Irrigation Scheme, Village- Adhoura, Panchyat- Kushdand, Block-Nagar Untari, Distirct- Garhwa |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,10,53,600=00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | **Rs. 10,000=00**only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | **Rs. 1,11,000=00** only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publicationof Tender on website (**http://jharkhandtenders.gov.in**) | Date: 02.06.2025 ,Time -04.00PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submissionof Tender on Website | Date: - 1806.2025, Time:-04.00PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:-02 .0 6.2025,Time -4.00 PM<br>Last Date:- 18.06.202 5,Time :- 4.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date: - 19.06.202 5,Time:-04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | ExecutiveEngineer Minor Irrigation Division Garhwa |
| 12 | (a) Contact No. of e-Procurement Officer( (b) E-mail of e-Procurement Officer | 8789558294<br>eemidgarh-cemr -jhr@nic.in |
| 13 | Help line No. of e-Procurement Cell | 0651-2214784 |

**Note:-** Estimated Cost may Decrease or Increase

➢ Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps (**AC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.

➢ **Only e-Tender will be accepted.**

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Garhwa**

**PR 352992 Minor Irrigation (25-26)D**

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER. MINOR IRRIGATION DIVISION, GARHWA

**e-Procurement Tender Notice**

**Two Envelope System**

**Tender Reference No:- WRD/MID/GARHWA/B.D./S.L.I.-04/2025-26**

**Letter No:- 321 Date:-19.05.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of HartaSolar Lift Irrigation Scheme, Village- Harta, Panchyat- Fakiradih, Block- Bhandariya, Distirct- Garhwa |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,10,76,600=00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | **Rs. 10,000=00**only (non- refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | **Rs. 1,11,000=00**only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publicationof Tender on website (**http://jharkhandtenders.gov.in**) | Date: 02.06.2025,Time- 04.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submissionof Tender on Website | Date: - 18.06.2025,Time :- 04.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 02.06.2025,Time-4.00PM<br>Last Date:-18.06.2025,Time:-4.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date:-19.06.2025, Time:- 04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation DivisionGarhwa |
| 12 | (a) Contact No. of e-Procurement Officer<br>(b) E-mail of e- Procurement Officer | 8789558294<br>eemidgarh- cemr_jhr@nic.in |
| 13 | Help line No. of e-Procurement Cell | 0651-2214784 |

**Note:-** Estimated Cost may Decrease or Increase

➢ Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/A registered manufacturers/ Company/Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps (**AC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.

➢ **Only e-Tender will be accepted.**

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Garhwa**

**PR.NO.353001 Minor Irrigation(25-26):D**


## बिहार सरकार

**उत्पाद न्यायालय, अनुमण्डल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी-सह-पीठासीन पदाधिकारी, औरंगाबाद**

(मद्यनिषेध कोर्ट–1)

**अतिआवश्यक सूचना**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद द्वारा निम्नलिखित वाहन मालिकों/भूमि मालिकों/संबंधितों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत पुलिस/उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में आपके वाहन को जप्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है। वादी नोटिस प्राप्त करने के बावजुद उपस्थित नहीं हुए है जिसके कारण उत्पाद अधिहरण वाद में अग्रेत्तर कार्रवाई में विलम्ब हो रहा है साथ ही साथ सभी वाहन मालिकों को मद्यनिषेध अधिनियम 2022 की नियम 12(क) के तहत वाहन स्वामी से प्रपत्र IVमें आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति/वाहन का नवीनतम बीमाकृत मूल्य का 10% या पाँच लाख के अन्दरपेनाल्टी के भुगतान पर जप्त वाहन एवं नियम 12(ख)के तहत भू–स्वामी से प्रपत्र V में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति के भुगतान पर जप्त/सिल परिसर को छोड़ने का प्रावधान है, जिसकी सुनवाई की तिथि 09.06.2025 में निर्धारित की गई है।

उत्पाद अधिहरण वाद में सुनवाई की तिथि–**09.06.2025** को निर्धारित की गयी है।

**अधिहरण हेतु वाहन/भूमि की सूची निम्न प्रकार है :-**

| क्र0सं0 | उत्पाद अधिहरण वाद संख्या | थाना काण्ड सं0/उत्पाद संख्या | वाहन स्वामी/भूमि स्वामी का पूर्ण पता | जप्त वाहन का निबंधन सं0/भूमि का खाता, प्लॉट संख्या | सुनवाई की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वाद सं0–24/2024 | खुदवॉं थाना काण्ड संख्या 02/24 | वाहन मालिक चन्दन कुमार, पिता–महेन्द्र राम, सा0–मलवा, थाना–खुदवॉं, जिला–औरंगाबाद। | मोटर साईकिल पैसन प्रो<br>Reg no- BR26J-6994<br>Chassis no- --------------<br>Engine no- ---------------- | 09.06.2025 |
| 2. | वाद सं0–30/2024 | नरारीकला खुर्द थाना काण्ड संख्या 105/23 | वाहन मालिक उपेन्द्र शर्मा, पिता–रामशंकर शर्मा, सा0–पटनवा खुर्द, पो0+थाना–इन्द्रपुरी, जिला–रोहतास। | प्लेटिना मोटर साईकिल ,<br>Reg no- BR26S-7590<br>Chassis no- MD2A76AX6LPD07079<br>Engine no- PFXPLD30242 | 09.06.2025 |
| 3. | वाद सं0–37/2024 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या 25/24 | वाहन मालिक रिजवान खान, पिता अखलास खान, सा0–राजाबजार शाम, थाना+जिला–पटना | टाटा इंडिगो कार<br>Reg no- BR01BC-8055<br>Chassis no- MAT607161AWK44698<br>Engine no- 4751PT14KZYP87241 | 09.06.2025 |
| 4. | वाद सं0–40/2024 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या 123/23 | वाहन मालिक संतोष कुमार, पिता मुनारिक राम, सा0+पो0–पेउर, थाना–साहर, जिला–आरा | बजाज डिसकभर मोटरसाइकिल<br>Reg no- BR03H-8389<br>Chassis no- MD2DSPAJJUPA55159<br>Engine no- JBUBUA64579 | 09.06.2025 |
| 5. | वाद सं0–42/2024 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या 72/24 | वाहन मालिक सुजाता कुमारी, पिता युधनाथ पासवान, सा0–चमन विगहा, थाना–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद | होण्डा मोटर साइकिल<br>Reg no- BR26H-7630<br>Chassis no- ME4JC586DT152727<br>Engine no- JC8E3185759 | 09.06.2025 |
| 6. | वाद सं0–44/2024 | ओबरा थाना काण्ड संख्या 504/23 | वाहन मालिक अभिषेक कुमार, पिता धनुधर सिंह, सा0–कतेसर, थाना–पटना, जिला–पटना | हिरो ग्लैमर मोटर साईकिल<br>Reg no- BR01DR-9619<br>Chassis no- MBLIARO24JGD50105<br>Engine no- JA06ERJGD59770 | 09.06.2025 |
| 7. | वाद सं0–43/2024 | ओबरा थाना काण्ड संख्या 132/24 | वाहन मालिक रामविनय सिंह, पिता रामनन्द सिंह, सा0–मरवतपुर, थाना–खुदवॉं, जिला–औरंगाबाद | हिरो पैशन प्रो<br>Reg no- BR26F-6160<br>Chassis no- MBLHA10AWDHDO8444<br>Engine no- HA10ENDHD33060 | 09.06.2025 |
| 8. | वाद सं0–46/2024 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या 69/24 | वाहन मालिक विकास कुमार, पिता उमा शंकर प्रसाद, सा0–तरवन्ना नौवतपुर पटना, पो0–पटना थाना–पटना, जिला–पटना | बजाज प्लसर<br>Reg no- BR01EA6757<br>Chassis no- MD2A11CY9JRH43291<br>Engine no- DHYRJH63845 | 09.06.2025 |
| 9. | वाद सं0–47/2024 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या 674/23 | वाहन मालिक विकस कुमार, पिता प्रदीप साव, सा0–रेपुरा, पो0–एकौनी, थाना–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद | हिरो स्पलेन्डर मोटर साईकिल<br>Reg no- BR02AH0648<br>Chassis no- MBLHAR075HHC00762<br>Engine no- HA10AGHHC00724 | 09.06.2025 |
| 10. | वाद सं0–29/2024 | माली थाना काण्ड संख्या 10/24 | वाहन मालिक श्रवण कुमार, पिता उमेश सिंह, सा0–वार्ड, नं0–09, मोहनपुर, थाना–मुफसिल, जिला–बेगुसराय | टेम्पु<br>Reg no- BR09PA-5237<br>Chassis no- MD2A25BY6KWG14949<br>Engine no- AZYWKG97640 | 09.06.2025 |
| 11. | वाद सं0–60/2024 | ओबरा थाना काण्ड संख्या 491/23 | वाहन मालिक अमन कुमार, पिता विनोद सिंह, सा0–जियादीपुर, थाना–ओबरा, जिला–औरंगाबाद | साईकिल<br>KSC NIE पि साईकिल फ्रेम संख्या–22E910185 | 09.06.2025 |
| 12. | वाद सं0–48/2024 | ओबरा थाना काण्ड संख्या 132/24 | वाहन मालिक रामविनय सिंह, पिता रामनन्दन सिंह, सा0–मरबतपुर, थाना–खुदवॉं, जिला–औरंगाबाद | पैशन प्रो<br>Reg no-BR26F6160<br>Chassis no- MBLHA10AWDHD08444<br>Engine no- HA10ENDHD33060 | 09.06.2025 |
| 13. | वाद सं0–49/2024 | ओबरा थाना काण्ड संख्या 504/23 | वाहन मालिक अभिषेक कुमार, पिता धनुधर सिंह, सा0–कतेशर अनीशाबाद, थाना–पटना, जिला–पटना | ग्लैमर मोटर साईकिल<br>Reg no-BR01DR9619<br>Chassis no- MBLJAR024JGD50105<br>Engine no- JA06ERJGD59770 | 09.06.2025 |
| 14. | वाद सं0–54/2024 | ओबरा थाना काण्ड संख्या 293/23 | वाहन मालिक सुनील कुमार, पिता स्व0 सोहराई प्रसाद, सा0–दानापुर गोला रोड गजाधर चौक, जिला–पटना | स्कुटी मोटर साईकिल<br>Reg no-BR01CL-8038<br>Chassis no- ME4JC504EF7134229<br>Engine no- JF50E72134260 | 09.06.2025 |
| 15. | वाद सं0–59/2024 | ओबरा थाना काण्ड संख्या 49/23 | वाहन मालिक अभियुक्त सिंह अरविन्द, पिता विशुनपत प्रसाद, सा0–घटारो, पो0–धनवां, थाना–ओबरा, जिला–औरंगाबाद | हिरो हुण्डा मोटर साईकिल<br>Reg no-BR-2L-4197<br>Chassis no- MBLHA10EJAHC13015<br>Engine no- HA10EAAHC13200 | 09.06.2025 |
| 16. | वाद सं0–81/2024 | नरारीकला खूर्द थाना काण्ड संख्या 56/24 | वाहन मालिक रामजी सिंह, पिता बेलभन्द्र सिंह, सा0–घिरी विगहा, थाना–माली, जिला–औरंगाबाद | प्लेटिना मोटर साईकिल<br>Reg no-BR26F-9668<br>Chassis no- MD2A18AZ1DRB36049<br>Engine no- DZZRDB35634 | 09.06.2025 |
| 17. | वाद सं0–79/2024 | ओबरा थाना काण्ड संख्या 385/24 | वाहन मालिक सत्येन्द्र चौधरी, पिता रामप्यार चौधरी, सा0–नवनेर, पो0–डिहरा, थाना–ओबरा, जिला–औरंगाबाद | स्पेलण्डर प्लस मोटर साईकिल<br>Reg no-BR26U-5969<br>Chassis no- MBLHAW119MHF63973<br>Engine no- HA11EVMHF5033 | 09.06.2025 |
| 18. | वाद सं0–77/2024 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या 502/24 | वाहन मालिक रविन्द्र प्रसाद गुप्ता, पिता–विशम्भर गुप्ता, सा0–ब्रहमपुरा, थाना–मधुबनी, जिला–मधुबनी | ट्रक<br>Reg no-BR06GA4495<br>Chassis no- MAT455212C8B07009<br>Engine no- 4975P67BXY611675 | 09.06.2025 |
| 19. | वाद सं0–72/2024 | ओबरा थाना काण्ड संख्या 116/24 | वाहन मालिक शशिकान्त कुमार, पिता–पूर्णानन्द प्रसाद, सा0–दुजरा बुद्धा कॉलोनी, जिला–पटना | यामाहा एफ०जेड०<br>Reg no-BR01AS-5478<br>Chassis no- MBLHAW086LHA64461<br>Engine no- HA10AJLHAF7008 | 09.06.2025 |
| 20. | वाद सं0–66/2024 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड संख्या 267/24 | वाहन मालिक उदय राम, पिता–महेश राम, सा0–जमुहार, थाना–तिलौथु, जिला–रोहतास | पैशन प्रो मोटर साईकिल<br>Reg no-BR24V-6195<br>Chassis no- MBLHAR181HHL01169<br>Engine no- HA10AGHHL31292 | 09.06.2025 |
| 21. | वाद सं0–62/2024 | छाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड संख्या 278/24 | वाहन मालिक सुरेन्द्र कुमार, पिता–लाल बाबु, ग्राम+पो0–कारा, थाना–ओबरा, (बिहार) | महिन्द्र मोटर साईकिल<br>Reg no-BR02AC-8783<br>Chassis no- MCDKG1B14F1F9796<br>Engine no- UPEFF010719 | 09.06.2025 |
| 22. | वाद सं0–83/2024 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड संख्या 335/24 | वाहन मालिक विजय कुमार सिंह, पिता–भीम सेन सिंह, सा0–धनारी, पो0–विजौली, थाना–औरंगाबाद, जिला–औरंगाबाद | पैशन प्रो मोटर साईकिल<br>Reg no-BR26M-1379<br>Chassis no- MBLHAR180HHA89609<br>Engine no- HA10A0HHA73837 | 09.06.2025 |
| 23. | वाद सं0–71/2024 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड संख्या 253/24 | वाहन मालिक सुभाष कुमार, पिता–रामनन्दन रजवार, ग्राम–सरौती, पो0–रामपुर चौरा, जिला–अरवल | प्लेटिना मोटर साईकिल<br>Reg no-BR56B-5834<br>Chassis no- MD2A76AY1JRB59725<br>Engine no- PFYRJB29410 | 09.06.2025 |
| 24. | वाद सं0–67/2024 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड संख्या 267/24 | वाहन मालिक पंकज कुमार गुप्ता, पिता–विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता, ग्राम–शेखपुरा भगत गली, जिला–पटना | पैशन प्रो मोटर साईकिल<br>Reg no-BR01EI-4133<br>Chassis no- MBLHAW013khh22338R18<br>Engine no- | 09.06.2025 |
| 25. | वाद सं0–64/2024 | औरंगाबाद उत्पाद थाना काण्ड संख्या 713/24 | वाहन मालिक मनोज सिंह, पिता–रामविलास सिंह , ग्राम–कतेया, थाना–जम्होर, जिला–औरंगाबाद | टेम्पु<br>Reg no-BR26K5601<br>Chassis no- MCG000JP4K1657372<br>Engine no- S6K8634303 | 09.06.2025 |
| 26. | वाद सं0–65/2024 | औरंगाबाद उत्पाद थाना काण्ड संख्या 800/24 | वाहन मालिक छोटु कुमार, पिता–महेश गोस्वामी, सा0–चेई नवादा, थाना–सलैया जिला–औरंगाबाद | मौजा–चेई नवादा, थाना नं0–793, खाता संख्या–103, प्लॉट सं0–1021, रकवा–9X10 फीट, जमीन | 09.06.2025 |
| 27. | वाद सं0–69/2024 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड संख्या 271/24 | वाहन मालिक इन्दु कुमारी, पिता–रामविलास विश्वकर्मा, पता–सहारतेलपा, पो0–तेलपा, थाना–करपी, जिला–अरवल | पैशन प्रो मोटर साईकिल<br>Reg no-BR56B-2577<br>Chassis no- MBLHAR189HHE00325<br>Engine no- HA10ACHHEG5375 | 09.06.2025 |
| 28. | वाद सं0–07/2024 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या 622/21 | वाहन मालिक भिखनईया देवी, पिता–सुरेश बैठा, सा0–सिन्दुआर टोला झौरी विगहा, थाना–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद | मौजा–सिन्दुआर, थाना नं0–93, खाता संख्या–232, प्लॉट सं0–196, रकवा–0 फीट, जमीन | 09.06.2025 |
| 29. | वाद सं0–11/2024 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या 97/23 | वाहन मालिक ओम पाल कुमार, पिता–मनोज सिंह, सा0–हिच्छन विगहा, थाना–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद | मौजा–शमशेर नगर, खाता संख्या–02, प्लॉट सं0–1447, रकवा–0.36 डी0, | 09.06.2025 |
| 30. | वाद सं0–61/2024 | ओबरा थाना काण्ड संख्या 174/24 | वाहन मालिक गीता देवी, पिता–अंतु डोम, सा0–खराटी विगहा मुसहर टोला, थाना–ओबरा, जिला–औरंगाबाद | मौजा–खराटी, थाना नं0–307, खाता संख्या–77, प्लॉट सं0–1498, रकवा–10X10 फीट, जमीन | 09.06.2025 |
| 31. | वाद सं0–32/2024 | खुदवॉं थाना काण्ड संख्या 18/24 | वाहन मालिक सुधीर कुमार, पिता–ललन सिंह, सा0–चंदा, थाना–खुदवॉं, जिला–औरंगाबाद | मौजा–चंदा, थाना नं0–364, खाता संख्या–35, प्लॉट सं0–3711, रकवा–1/2 जमीन | 09.06.2025 |
| 32. | वाद सं0–16/2024 | ओबरा थाना काण्ड संख्या 444/23 | वाहन मालिक शिवशंकर राम, पिता–स्व0 छेदामी राम, सा0–कदियाही, थाना–ओबरा, जिला–औरंगाबाद | मौजा–खाता संख्या–09 प्लॉट सं0–232, रकवा–25 डी0 जमीन | 09.06.2025 |
| 33. | वाद सं0–09/2024 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या 225/21 | वाहन मालिक ब्रजेश यादव, पिता–विजेन्द्र यादव, सा0–ठाकुर विगहा, थाना–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद | मौजा–अन्छा, खाता संख्या–349, प्लॉट सं0–596, रकवा–25डी0 जमीन | 09.06.2025 |
| 34. | वाद सं0–25/2024 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या 378/23 | वाहन मालिक जगनारायण पासवान, पिता–स्व0 जानकी राम, सा0–केशराडी पासवान टोला, थाना–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद | मौजा–खाता संख्या–358, प्लॉट सं0–216, रकवा–03 एकड़ जमीन | 09.06.2025 |
| 35. | वाद सं0–31/2024 | खुदवॉं थाना काण्ड संख्या 15/24 | वाहन मालिक अजीत रविदास, पिता–रामप्रसाद दास, सा0–चंदा, थाना–खुदवॉं, जिला–औरंगाबाद | मौजा–चंदा, थाना नं0–364, खाता संख्या–11, प्लॉट सं0–3897, रकवा–1/4 जमीन | 09.06.2025 |
| 36. | वाद सं0–76/2024 | खुदवॉं थाना काण्ड संख्या 25/24 | वाहन मालिक अजय साव, पिता–स्व0 चन्द्रदेव साव, सा0–खुदवॉं, थाना–खुदवॉं, जिला–औरंगाबाद | मौजा–खुदवॉं, थाना नं0–370, खाता संख्या–172, प्लॉट सं0–2343, रकवा–08डी0 जमीन | 09.06.2025 |
| 37. | वाद सं0–75/2024 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या 490/20 | वाहन मालिक संजय कुमार, पिता–कृष्णा प्रसाद,अन्य सा0–पुरानी शहरी वार्ड नं0–02, थाना–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद | मौजा–दाउदनगर, थाना नं0–50, खाता संख्या–595, प्लॉट सं0–980, रकवा–05 डी0 जमीन | 09.06.2025 |
| 38. | वाद सं0–74/2024 | ओबरा थाना काण्ड संख्या 131/24 | वाहन मालिक संजय कुमार, पिता–स्व0 कैलाश सिंह, अन्य सा0–कोराईपुर, थाना–ओबरा, जिला–औरंगाबाद | मौजा– कोराईपुर, थाना नं0–308, खाता संख्या–74, प्लॉट सं0–462, रकवा–03 डी0 जमीन | 09.06.2025 |
| 39. | वाद सं0–73/2024 | ओबरा थाना काण्ड संख्या 34/24 | वाहन मालिक यशवंत कुमार, पिता–रामाशीष यादव, सा0–शंकरपुर, टाण्डीपर थाना–ओबरा, जिला–औरंगाबाद | मौजा–शंकरपुर, थाना नं0–289, खाता संख्या–91, प्लॉट सं0–272, रकवा–25 डी0 जमीन | 09.06.2025 |
| 40. | वाद सं0–5/2024 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या 68/23 | वाहन मालिक अज्ञात | हिरो एचडी डीलक्स<br>Reg noUP65DY-3932<br>Chassis no- MBLHAW143LHJ02841<br>Engine no- HA11ESLHJ02955 | 09.06.2025 |
| 41. | वाद सं0–2/2024 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या 367/22 | वाहन मालिक अज्ञात | बोलरो<br>Reg no-BR025-5073<br>Chassis no- MAIWG2GHKC5H45567<br>Engine no- GHC4G75639 | 09.06.2025 |
| 42. | वाद सं0–3/2024 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या 624/23 | वाहन मालिक अज्ञात | होण्डा सिटी कार<br>Reg no DL3CBA-5600<br>Chassis no- MAKGM253CAN103271<br>Engine no- LI5A71205273 | 09.06.2025 |
| 43. | वाद सं0–4/2024 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या 347/23 | वाहन मालिक अज्ञात | सुपर स्पलेण्डर मोटर साईकिल<br>Reg no-UP65DF-2206<br>Chassis no- MBLJAR039J9H50562<br>Engine no- JA05EGJ9GI9485 | 09.06.2025 |
| 44. | वाद सं0–55/2024 | एन0टी0पी0सी0, खैरा थाना काण्ड संख्या 17/24 | वाहन मालिक अज्ञात | एवन साईकिल | 09.06.2025 |

अतः आप अथवा वाद से संबंधित कोई अन्य व्यक्ति, जिनका कोई हित निहित हो उपर्युक्त निर्धारित तिथि को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे अथवा आपके उपस्थित नहीं होने पर एक पक्षीय सुनवाई कर नियमानुसार वाद का निष्पादन कर दिया जाएगा।

**अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी–सह–पीठासीन पदाधिकारी, उत्पाद न्यायालय नं0 – 1, औरंगाबाद**

**PR. No. 00 3855 (Excise) 2025-26**

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# बस और बाइक की भीषण टक्कर में दो युवकों की मौत, बाइक के उड़े परखच्चे



निज संवाददाता | गुमला

गुमला जिले में मंगलवार की दोपहर एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो नौजवानों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा चैनपुर थाना क्षेत्र के अनुमंडल कार्यालय के समीप उस समय हुआ, जब बाइक पर सवार होकर दो युवक चैनपुर से गुमला की ओर जा रहे थे। दूसरी ओर से एक यात्री बस तेज गति से रांची की ओर जा रही थी। तभी चैनपुर अनुमंडल कार्यालय के पास दोनों वाहनों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में मृतकों की पहचान लुपुंग नवाटोली के रहने वाले 21 वर्षीय अविनाश असुर और 27 वर्षीय अमित असुर के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि अविनाश असुर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल अमित असुर को आनन-फानन में चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे भी मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और घटनास्थल से बस को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं पहना था, जिससे सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से उनकी जान चली गई। वहीं, बस सवार यात्री भी इस हादसे से बेहद डरे और सहमे हुए नजर आए। गनीमत रही कि बस में सवार किसी यात्री को कोई गंभीर चोट नहीं आई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन हादसे होते हैं, लेकिन ट्रैफिक व्यवस्था पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस इलाके में गति सीमा को नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाए और सड़क सुरक्षा के नियमों का कड़ाई से पालन करवाया जाए।

## करंट लगने से किसान की मौत, गांव में मातम

निज संवाददाता | गढ़वा

गढ़वा जिले के मेराल थाना क्षेत्र अंतर्गत गोंदा गांव में मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक हादसे में एक किसान की जान चली गई। यह हादसा तब हुआ जब खेत की रखवाली कर रहे किसान नंदू कुशवाहा नीलगाय से सब्जी की फसल को बचाने के लिए खेत में बिछाए गए नंगे बिजली के तार की चपेट में आ गए। महज चंद पलों में यह हादसा इतना भयावह बन गया कि परिवार और गांव में कोहराम मच गया। मूल रूप से झूमेलवा टोला के निवासी 45 वर्षीय नंदू कुशवाहा अपने बड़े भाई लोकी महतो के साथ गांव के पास एक लाइन होटल से चाय पीकर सुबह के वक्त लौट रहे थे। दोनों भाई खेत के रास्ते होकर अपने घर की ओर जा रहे थे। खेत के उस हिस्से में सब्जी की खेती की गई थी और नीलगायों से बचाव के लिए बिजली के करंट वाले तार बिछा दिए गए थे। खेत में बारिश की वजह से जमीन पूरी तरह गीली थी, जिससे करंट का प्रभाव और भी अधिक हो गया था। जैसे ही दोनों भाई खेत के करीब पहुंचे, लोकी महतो ने आगे बिजली के तार को देखकर खुद को झुकाकर निकल गए। लेकिन पीछे चल रहे नंदू कुशवाहा की नजर तार पर नहीं पड़ी और वे सीधे उसकी चपेट में आ गए। जैसे ही उन्होंने तार को छुआ, उनके शरीर में तेज करंट दौड़ गया और वे जोर की चीख मारकर वहीं गिर पड़े। उनके भाई लोकी ने तुरंत पास से डंडा लाकर बिजली के तार को तोड़ा और उन्हें अलग करने की कोशिश की, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। नंदू कुशवाहा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गई और थोड़ी ही देर में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मृतक के शव को देखकर गांव में मातम पसर गया और परिजन बदहवास होकर रोने-बिलखने लगे। आक्रोशित ग्रामीणों ने खेत में लगाए गए नंगे तार का कड़ा विरोध किया और इसे गैरकानूनी और जानलेवा बताया। उन्होंने मृतक के परिवार को उचित मुआवजे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। घटना की सूचना पाकर मेराल थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों के गहने, नकदी और साइन किए चेक की चोरी

निज संवाददाता | जमशेदपुर



जमशेदपुर शहर के मानगो स्थित आज़ाद नगर थाना क्षेत्र में एक बड़ी चोरी की घटना ने इलाके के लोगों को सकते में डाल दिया है। यह वारदात सोमवार की रात उस समय हुई जब घर के सभी सदस्य बाहर गए हुए थे और घर पूरी तरह खाली पड़ा था। चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए पूरे इत्मीनान से घर में घुसकर लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी मंगलवार सुबह तब हुई जब पड़ोसियों ने फरहत जहां को सूचना दी कि उनके घर का मेन गेट खुला पड़ा है। जानकारी के अनुसार फरहत जहां गुरुवार को अपने मायके धातकीडीह गई हुई थीं। वे रविवार को ही वापस लौटी थीं, लेकिन घर में सब कुछ सामान्य लग रहा था। रात में वह घर में थीं, लेकिन सोमवार की देर रात चोरों ने सटीक योजना के तहत घर में सेंध लगाई। हैरानी की बात यह रही कि चोरों को घर में घुसने और कीमती सामान ले जाने में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हुई। घर के मुख्य दरवाजे को खोला गया, लेकिन किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। जब मंगलवार सुबह पड़ोसियों ने गेट खुला देखा, तो उन्होंने तुरंत फरहत जहां को सूचना दी। घर के भीतर जाने पर उनके होश उड़ गए। अलमारी और संदूक सब खुले हुए थे। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने तुरंत आज़ाद नगर थाने में इसकी सूचना दी। पुलिस के आने के बाद प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि चोर घर से करीब चार लाख रुपये मूल्य के सोने और चांदी के आभूषण ले गए हैं। इसके अलावा डेढ़ लाख रुपये नकद और कुछ साइन किए हुए चेक भी गायब हैं। चेकों का गायब होना पुलिस के लिए एक और चिंता का विषय बन गया है, क्योंकि इससे आगे आर्थिक अपराध होने की संभावना भी बनी हुई है। घटना के समय फरहत जहां की सास और देवरानी दरभंगा में थीं। पूरा घर खाली था और इसका फायदा चोरों ने बखूबी उठाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गहन छानबीन शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक सीसीटीवी फुटेज से कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस ने आसपास के इलाकों में लगे कैमरों की भी जांच शुरू की है, ताकि चोरों के आने-जाने की कोई तस्वीर या क्लू मिल सके। मानगो क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं, लेकिन इस बार चोरी की योजना और तरीके को देखकर लगता है कि चोरों ने पहले से पूरी रेकी कर रखी थी और उन्हें घर के हालात और समय की पूरी जानकारी थी। इलाके के लोगों में इस घटना के बाद डर और गुस्से का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से क्षेत्र में रात के समय गश्त बढ़ाने की मांग की है और आरोप लगाया कि पुलिस की लापरवाही के कारण इस तरह की घटनाएं हो रही हैं।

# मुखिया की हत्या की बड़ी साजिश नाकाम देसी पिस्टल के साथ दो युवक गिरफ्तार

निज संवाददाता | जमशेदपुर



जमशेदपुर के परसुडीह थाना क्षेत्र में एक बड़ी आपराधिक साजिश को समय रहते नाकाम कर दिया गया, जिससे एक जनप्रतिनिधि की जान बच गई। हरहरगुट्टू पंचायत के मुखिया चोटराई गोराई की हत्या की तैयारी कर रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से एक देसी पिस्टल भी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीपक कुमार और अजय कुमार के रूप में हुई है। पुलिस की तत्परता से एक बड़ी घटना टल गई और इलाके में शांति बनी रही। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बागबेड़ा स्थित दुर्गा पूजा मैदान में दो युवक किसी जनप्रतिनिधि की हत्या की योजना बना रहे हैं। जैसे ही यह सूचना मिली, परसुडीह थाना प्रभारी ने तत्काल एक टीम गठित की और बिना देर किए दुर्गा पूजा मैदान में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान दोनों युवकों को दबोच लिया गया। तलाशी में उनके पास से एक देसी पिस्टल बरामद हुआ, जो किसी गंभीर वारदात को अंजाम देने के इरादे से रखा गया था। पुलिस अधीक्षक (सिटी) कुमार शिवाशीष ने बताया कि कुछ दिनों पहले ही मुखिया चोटराई गोराई को जान से मारने की धमकी मिली थी। उसी समय से पुलिस सतर्क हो गई थी और मुखिया की सुरक्षा को लेकर कदम उठाए जा रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से मिली जानकारी पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को धर दबोचा गया। प्रारंभिक पूछताछ में यह सामने आया है कि आरोपी किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की तैयारी में थे। हत्या की साजिश पहले से रची जा चुकी थी और हथियार की व्यवस्था कर ली गई थी। गिरफ्तार किए गए दीपक कुमार और अजय कुमार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। दोनों से पूछताछ के आधार पर पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है। यह जानने की कोशिश हो रही है कि क्या इन युवकों के पीछे कोई बड़ा आपराधिक गिरोह सक्रिय है या फिर यह व्यक्तिगत रंजिश का मामला है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि मुखिया के खिलाफ इन लोगों के मन में इतना गुस्सा क्यों था कि वे हत्या तक की योजना बना बैठे। घटना के बाद हरहरगुट्टू पंचायत और आस-पास के क्षेत्रों में लोगों ने राहत की सांस ली है। लोग पुलिस की कार्रवाई की सराहना कर रहे हैं, क्योंकि अगर वक्त रहते पुलिस हरकत में नहीं आती तो एक जनप्रतिनिधि की हत्या की खबर से पूरे इलाके में तनाव फैल सकता था।

## ट्रैक्टर की टक्कर से दो युवक घायल

**साहिबगंज (नि.सं.)।** साहिबगंज जिले के शहरी क्षेत्र मटियाल, नयाबाजार में मंगलवार को एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रैक्टर ने दो पैदल युवकों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नया बाजार निवासी दिलीप हजारी का 22 वर्षीय पुत्र रोहित हजारी और रामचंद्र हजारी का 25 वर्षीय पुत्र शिवा हजारी दोनों एक साथ बाजार की ओर पैदल जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल लाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉक्टर सादिक अंसारी ने दोनों का प्राथमिक इलाज किया और कहा कि घायल फिलहाल खतरे से बाहर हैं, लेकिन पूरी तरह स्वस्थ होने में समय लगेगा। डॉक्टर अंसारी ने बताया कि घटना की जानकारी थाना पुलिस को दे दी गई है और अस्पताल में दोनों घायलों का मेडिकल परीक्षण भी किया गया है।

# पुलिस प्रशासन ने चलाया एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान

निज संवाददाता | साहिबगंज



साहिबगंज जिले के बरहेट थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन ने सोमवार की देर शाम एक विशेष एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया। यह अभियान बरहेट-बोरियो मुख्य सड़क पर स्थित बरहेट थाना के समीप थाना प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में चलाया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में बढ़ते अपराध पर नियंत्रण पाना और संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखना था। इस अभियान के तहत दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर बारीकी से जांच की गई। प्रत्येक वाहन की डिक्की, सीटों के नीचे के हिस्से और अन्य संदिग्ध स्थानों की गंभीरता से तलाशी ली गई। पुलिस टीम ने यह सुनिश्चित किया कि किसी वाहन में अवैध सामान या आपत्तिजनक वस्तुएं तो नहीं ले जाई जा रही हैं। साथ ही, चालकों से वाहन से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी, बीमा पत्र, प्रदूषण प्रमाणपत्र आदि की भी कड़ाई से जांच की गई। जांच के दौरान विशेष रूप से उन बाइक चालकों पर सख्ती बरती गई जो बिना हेलमेट के सड़कों पर फर्राटा भरते नजर आए। कई युवकों को बिना हेलमेट गाड़ी चलाते पकड़ा गया, जिन्हें मौके पर ही थाना प्रभारी पवन कुमार ने कड़ी फटकार लगाई और भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी देते हुए छोड़ा गया।

उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन न केवल खुद के लिए, बल्कि दूसरों के लिए भी खतरनाक हो सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आगे से बिना हेलमेट पकड़े जाने पर सीधा जुर्माना व कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने लोगों से अपील की कि वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें और वाहन से संबंधित सभी वैध दस्तावेज साथ रखें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के साथ-साथ कागजात भी हर समय अपडेट रहने चाहिए। अभियान के दौरान कई वाहनों को रोककर मौके पर ही दस्तावेज चेक किए गए और कुछ वाहनों को कागजात में कमी पाए जाने पर चेतावनी दी गई। इस वाहन जांच अभियान में बरहेट थाना के एसआई रघुवीर राम, पुलिस पदाधिकारी अशोक सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल की उपस्थिति रही। पुलिस बल पूरी मुस्तैदी के साथ वाहन जांच अभियान में जुटी रही और रातभर सड़क पर निगरानी बनाए रखी गई।

## चिकित्सा शिविर में 80 बच्चों का निः शुल्क इलाज

**देवघर (नि.सं.)।** नरेंद्र मोदी विकास मिशन व देवघर डेंटल क्लिनिक के सौजन्य से मंगलवार को रामपुर के चक्रवर्ती लेन एचपी गैस गोदाम समीप चंदा मेमोरियल स्कूल में स्वास्थ्य सह दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन नरेंद्र मोदी विकास मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार विद्यार्थी, देवघर डेंटल क्लिनिक के निदेशक डॉ. राजीव रंजन, डॉ. पूजा राय, विद्यालय की निदेशक शाहुल सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व भारत माता के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। शिविर में पहुंचे 80 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच व दांतों का इलाज कर निःशुल्क दवा वितरण कर उचित सलाह दिया गया। साथ ही विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के बीच ब्रस व पेस्ट निःशुल्क वितरित किया गया। मौके पर बच्चों के बीच सामुहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ व राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किया गया। साथ ही राष्ट्रीय झंडा के साथ तिरंगा यात्रा में सभी बच्चे शामिल हुए।

# बीपीओ ने रोजगार सेवकों के साथ की समीक्षा

निज संवाददाता | पाकुड़



पाकुड़ प्रखंड सभागार में मंगलवार को मनरेगा योजनाओं की प्रगति की समीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीपीओ जगदीश पंडित ने की, जिसमें प्रखंड के सभी पंचायतों से आए रोजगार सेवकों ने भाग लिया। बैठक में मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की पंचायतवार और ग्रामवार गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान बीपीओ ने विशेष रूप से बागवानी योजना के क्रियान्वयन पर फोकस किया और कहा कि जिन-जिन पंचायतों में यह योजना संचालित है, वहां कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि आगामी 7 दिनों के भीतर सभी बागवानी योजना से जुड़े स्थलों पर पिट खुदाई का कार्य हर हाल में पूरा किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके अलावा मिट्टी मोरम कार्य की भी समीक्षा की गई। बीपीओ ने कहा कि वर्षा ऋतु शीघ्र ही आरंभ होने वाली है, ऐसे में मिट्टी मोरम से संबंधित सभी निर्माणाधीन कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कर मनरेगा एमआईएस में फीडिंग पूरी की जाए, ताकि योजनाएं तकनीकी रूप से बंद हो सकें और मजदूरों को समय पर भुगतान मिल सके। बैठक में अबुआ आवास योजना में मास्टर रोल निर्गत करने की स्थिति, लंबित भुगतान, शून्य मास्टर रोल जैसी समस्याओं पर भी चर्चा की गई। बीपीओ ने निर्देश दिया कि शून्य मास्टर रोल की स्थिति से हर हाल में बाहर निकलें और मजदूरों को अधिक से अधिक दिन कार्य दिलाने पर फोकस करें। उन्होंने यह भी कहा कि कई योजनाएं तकनीकी कारणों से अटकी हुई हैं, जिसे दूर करने के लिए रोजगार सेवक पंचायत सचिव और संबंधित अभियंताओं के साथ मिलकर त्वरित कार्रवाई करें। बीपीओ ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूरे नहीं हुए तो संबंधित रोजगार सेवकों की जवाबदेही तय की जाएगी।

# दुकानदारों पर हमला, तीन लोग गंभीर रूप से घायल

निज संवाददाता | धनबाद



धनबाद के स्टेशन रोड पर एक बेहद खौफनाक और निंदनीय घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। रांगाटांड इलाके से जुड़े लगभग 40 असामाजिक तत्वों ने अचानक हमला बोलते हुए स्टेशन रोड पर फुटपाथ पर फूलों की दुकान लगाने वाले दुकानदारों पर लोहे की रॉड, ईंट-पत्थर और अन्य हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में तीन दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें आनन-फानन में स्थानीय नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना का प्रारंभ एक दिन पहले हुई एक मामूली झड़प से हुआ, जब रांगाटांड के 4-5 युवक रेलवे कॉलोनी में एक कर्मचारी के साथ मारपीट कर रहे थे। उस समय पास में मौजूद फूल दुकानदारों ने मानवता के नाते हस्तक्षेप किया और झगड़े को शांत करने की कोशिश की। लेकिन यह हस्तक्षेप कुछ लोगों को नागवार गुजरा। इसके बाद ही मामला और बिगड़ गया। अगले ही दिन, सोमवार की रात, भारी संख्या में लगभग 40 असामाजिक तत्व हथियारों से लैस होकर स्टेशन रोड पहुंचे और फूल दुकानदारों पर धावा बोल दिया। हमलावरों ने ना सिर्फ दुकानदारों को पीटा, बल्कि दुकानों में भी जमकर तोड़फोड़ की। दुकानों में रखे फूल, सामान, गमले आदि बुरी तरह बर्बाद कर दिए गए। हमला इतना बर्बर था कि दुकानदारों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। इतना ही नहीं, हमलावरों ने वहां खड़ी कई मोटरसाइकिलों को भी अपना निशाना बनाया और उन्हें तोड़ दिया। चारों तरफ अफरा-तफरी और डर का माहौल बन गया। लोग अपनी जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। बताया जा रहा है कि घटना के बाद SAP जवान ने सदर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस की ओर से किसी तरह की त्वरित कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस की इसी निष्क्रियता का फायदा उठाते हुए हमलावरों ने दोबारा हिम्मत दिखाई और अगले दिन और भी बड़ी संख्या में लौटकर हमला किया। इस बार हमला और भी संगठित और हिंसक था। दुकानों को लूटने की भी खबर है। हमले के बाद घायलों को नजदीकी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। दूसरी ओर, दुकानदारों ने सदर थाना में एक और एफआईआर दर्ज कराई है, जिसमें कई हमलावरों के नाम दर्ज किए गए हैं। आरोपियों में रवि मंडल, विष्णु मंडल, चंदन मंडल, मांझी मंडल, अमित कुमार, अरविंद मंडल, छोटू वर्मा, चंदन यादव, धीरज यादव, बैजू यादव, रवि हाड़ी और शुभम गुप्ता शामिल हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, इनमें से कई पर पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं और इनकी गिरफ्तारी की मांग लंबे समय से की जा रही है। घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों और दुकानदारों में भारी आक्रोश है। उन्होंने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और पीड़ितों को सुरक्षा देने की मांग की है। वहीं, व्यापार संघ ने चेतावनी दी है कि यदि पुलिस ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो वह धरना-प्रदर्शन और बाजार बंदी जैसे कदम उठाने पर विवश होंगे।

## अनुरक्षण के लिए बूम लिफ्टर का प्रयोग



निज संवाददाता | बोकारो

मंगलवार को बीएसएल के डी एन डब्ल्यू विभाग के 132 KV ट्रांसमिशन टावर के अनुरक्षण के लिए नई टेक्नोलॉजी पर आधारित बूम लिफ्टर का पहली बार प्रयोग किया गया। 132 KV ट्रांसमिशन टावर के अनुरक्षण के लिए बहुत अधिक ऊँचाई पर अनुरक्षण का कार्य किया जाता है जहाँ सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना आवश्यक होता है। बूम लिफ्टर के प्रयोग से 132 KV ट्रांसमिशन टावर के अनुरक्षण के कार्य को काफी सुरक्षित तरीके से इष्टतम समय में पूरा किया गया तथा अब भविष्य में भी इसकी मदद से अनुरक्षण के कार्य में मदद मिलेगी। महाप्रबंधक (डी एन डब्ल्यू) दिलीप कुमार गोंड के मार्गदर्शन में उप महाप्रबंधक(डी एन डब्ल्यू) भाष्कर चंद्र शाल, सहायक महाप्रबंधक (डी एन डब्ल्यू) अनिल कुमार हेमब्रम, कनीय प्रबंधक एस आर रजक, सीनियर ऑपरेटिव पंकज कुमार के टीम के द्वारा ट्रांसमिशन टावर के अनुरक्षण के कार्य को सुचारु और सुरक्षित तरीके से किया गया।

## स्कूल का गेट उखाड़ने पर कारवाई की मांग



निज संवाददाता | हरिहरगंज

राजकीयकृत सीता प्लस टू उच्च विद्यालय हरिहरगंज परिसर क्षेत्र का बाउंड्री (चारदीवारी) के दक्षिण साइड में बाउंड्रीवॉल में लगातार दो बार लोहे का गेट लगाया गया। परंतु असामाजिक तत्वों के द्वारा दोनों बार गेट को उखाड़ दिया गया। इस क्रम में लगायी गयी गेट को रात के अंधेरे का फायदा उठाकर तोड़ दिया गया। जब स्कूल प्रबंधन के लोगों को इसकी जानकारी हुई तो, स्कूल प्रबंधन गेट को लगवा दिया। परंतु दूसरे दिन भी रात के अंधेरे में सामाजिक तत्वों के द्वारा उखाड़ दिया गया। गेट को लगाने और उखाड़ने के सिलसिला पर गणमान्य लोगों ने कहा है कि स्कूल एक मंदिर होता है। ओर इसकी सुरक्षा हरहाल में जरूरी है। लोगों ने प्रशासन से असामाजिक तत्वों की पहचान कर कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही कहा है कि इस तरह का हरकत से पता चलता है कि कुछ लोग स्कूल की जमीन हड़पना चाह रहे हैं, लेकिन वे इस मुकाम में कभी कामयाब नहीं हो पाएंगे। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय प्रसाद राय ने हरिहरगंज थाना को लिखित आवेदन देकर गेट उखाड़ने वालों पर कारवाई की मांग की है।

# बीडीओ ने अबुआ आवास समेत विभिन्न योजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण, लाभुकों को जल्द कार्य पूर्ण करने का दिया गया निर्देश

निज संवाददाता | पाकुड़



पाकुड़िया प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को विकास योजनाओं की प्रगति का जायजा लेने प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी खुद गांव-गांव पहुंचे। बीडीओ ने बनियापसार पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांवों का भ्रमण कर अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप, मुख्यमंत्री पशुधन योजना समेत कई जनकल्याणकारी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ सोमनाथ बनर्जी ने अबुआ आवास योजना के लाभुकों से मिलकर उनके आवास की स्थिति देखी। बनियापसार गांव में उन्होंने नूनका देवी के आवास का निरीक्षण किया और जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही मानेल हांसदा, रेबका मुर्मू एवं जिसु हांसदा के अधूरे आवासों की स्थिति का जायजा लिया और संबंधित विभागीय कर्मियों को निर्देश दिया कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और लाभुकों को समय पर पक्का मकान उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा बीडीओ ने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बन रहे सिंचाई कूपों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि कुछ कूपों का निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है, जिस पर नाराजगी जताते हुए सहायक अभियंता को निर्देश दिया कि सभी कार्यों को प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही योजनाओं का लाभ समय पर लोगों को मिले, ताकि जीवन स्तर में सुधार हो सके। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के अंतर्गत लाभुकों से बातचीत के दौरान बीडीओ ने योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली और लाभुकों को जागरूक किया कि वे योजना का भरपूर लाभ लें तथा दिए गए पशुधन की देखभाल जिम्मेदारी से करें। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने ग्रामीणों से बातचीत कर योजनाओं को लेकर उनकी राय और समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सरकारी योजनाओं को लेकर किसी प्रकार की परेशानी होने पर वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। बीडीओ ने अधिकारियों और पदाधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि काम में किसी प्रकार की लापरवाही न हो, नहीं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने बीडीओ की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि अधिकारी अगर इसी तरह सीधे गांव में आकर कामों की निगरानी करें, तो योजनाओं में पारदर्शिता बनी रहेगी और वास्तविक लाभुकों को समय पर लाभ मिलेगा। बीडीओ ने अंत में सभी योजनाओं की सूचीवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी सप्ताह तक अधूरे कार्यों की स्थिति की पुनः समीक्षा की जाएगी, जिसमें प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई तो संबंधित कर्मियों पर जवाबदेही तय की जाएगी।

# बाइक और टोटो की जबरदस्त टक्कर में तीन लोग घायल

**साहिबगंज (नि.सं.)।** मंगलवार को साहिबगंज जिले के राजमहल-उधवा मुख्य मार्ग पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब प्रखंड कार्यालय के ठीक सामने एक तेज रफ्तार टोटो और बाइक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। जानकारी के अनुसार फुलवरिया गांव निवासी आमिर शेख (21), अलमश खातुन (22) और सात साल का मासूम हसनीम शेख बाइक से राजमहल की ओर किसी जरूरी काम से जा रहे थे। सभी लोग एक ही बाइक पर सवार होकर शहर की ओर बढ़ रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार राजमहल की तरफ से आ रहा एक टोटो तेज गति से आ रहा था और चालक ने अपना संतुलन खो दिया। टोटो अनियंत्रित होकर सीधा बाइक से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार तीनों लोग हवा में उछलकर सड़क पर गिर पड़े और बुरी तरह घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। कुछ लोग घायलों को उठाकर सड़क के किनारे लाए और तुरंत उनके परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के मौके पर पहुंचने के बाद तीनों घायलों को आनन-फानन में अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### शर्मनाक बयान

मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह की टिप्पणी केवल कर्नल सोफिया कुरैशी ही नहीं, पूरी भारतीय सेना के त्याग और बलिदान का अपमान है। उन्होंने उस सेना को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया, जो किसी जाति, धर्म से परे होकर देश की रक्षा में लगी हुई है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणियां बताती हैं कि यह मामला केवल 'जुबान फिसलने' या 'भावनाओं में बहने' का नहीं है। मंत्री ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कर्नल कुरैशी पर टिप्पणी की थी। उन्होंने नाम तो नहीं लिया, लेकिन इशारा समझने के लिए काफी था। संवैधानिक पद पर बैठे शख्स की ऐसी सोच हैरान करने वाली है। अब वह माफी मांग रहे हैं, लेकिन सवाल उनसे होना चाहिए कि यह नौबत ही क्यों आई और किस मानसिकता के तहत उन्होंने ऐसी टिप्पणी की। पहलगाम हमले के पीछे आतंकवादियों का मकसद देश में सांप्रदायिक तनाव फैलाना था। पूरे भारत ने एकजुटता दिखाकर आतंकी मंसूबों को नाकाम कर दिया। लेकिन, मंत्री के शब्द एकता और अखंडता पर चोट पहुंचाते हैं। हाई कोर्ट ने इस खतरे को समझा और कहा कि उनकी टिप्पणी अलगाववादी भावनाओं को बढ़ावा देती है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने नसीहत दी कि जब देश ऐसी स्थिति से गुजर रहा हो तो एक मंत्री की ओर से बोला गया हर शब्द जिम्मेदारी की भावना के साथ होना चाहिए। अफसोस, राजनेताओं में इस भावना का अभाव कई बार दिख जाता है। वोट बटोरने के चक्कर में वे ऐसी बातें कह जाते हैं, जो मर्यादा के दायरे से बाहर होती हैं। गैर-जिम्मेदारी में वे कभी सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ कुछ कह रहे होते हैं, तो कभी सेना के खिलाफ। ये हरकतें मजबूत संस्थाओं को कमजोर करने वाली हैं। हाई कोर्ट के आदेश पर मध्य प्रदेश पुलिस ने एफआईआर तो दर्ज कर ली, लेकिन उस पर अदालत ने जो सवाल उठाए हैं, वह भी कम चिंताजनक नहीं। जब हाई कोर्ट ने मामले का खुद संज्ञान लेकर रिपोर्ट दर्ज करने को कहा था, तो फिर यह नौबत नहीं आनी चाहिए थी, जहां उसे कहना पड़ा कि स्न्ढ्ढक्रड्राफ्ट कमजोर है। इससे यही सवाल उठता है कि पुलिस कहीं मंत्री जी को बचाने की कोशिश तो नहीं कर रही।

## रिश्वत लेकर सवाल पूछने का नेताओं काला इतिहास रहा है

(योगेंद्र योगी)

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा का मामला अभी भी देश के लोगों की स्मृति से मिटा भी नहीं है। महुआ मोइत्रा ने रियल एस्टेट कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के व्यवसायिक हितों की रक्षा के लिए संसद में सवाल पूछे। देश के नेताओं ने आजादी के बाद से भ्रष्टाचार के इतने काले कारनामे किए हैं कि यदि कोई नेता ईमानदारी से अच्छा भी काम करे तब भी उस पर सहज भरोसा करना मुश्किल होता है। देश के लोगों की याद से नेताओ के काले कारनामे की छाप मिटे, इससे पहले ही कोई न कोई नया कांड ऐसा सामने आता है और पूरे तंत्र की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो जाते हैं। नया मामला राजस्थान का है। भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के एक विधायक जयकृष्ण पटेल को राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने विधानसभा में सवाल पूछने के बदले 20 लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। राजस्थान की इस क्षेत्रीय पार्टी के दो विधायक और एक सांसद हैं। आदिवासियों के उत्थान के आहवान के साथ इस पार्टी का गठन किया गया। इस पार्टी ने 2023 के विधानसभा चुनाव मे कुल चार सीटें जीती, तीन सीटें राजस्थान मे और एक सीट मध्यप्रदेश मे जीती। बीएपी की टिकट पर डूंगरपुर बांसवाड़ा संसदीय सीट जीतने वाले राजकुमार रोत लोकसभा से सांसद बने। रिश्वत लेने के आरोपी बीएपी विधायक पटेल ने विधानसभा में बीते सत्र के दौरान 11 जुलाई 2024 को अवैध खनन, फार्म हाउस, वन्य जीव और नशा तस्करी को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कुछ सवाल किये गए थे। विधानसभा में इन्हीं खनन से जुड़े सवालों को हटवाने को लेकर रिश्वत का खेल शुरु हुआ। बीएपी विधायक ने इन सवालों को हटाने के लिए 10 करोड़ की डिमांड की थी। अंततः 20 लाख में सौदा तय हुआ और विधायक पटेल को रंगे हाथों दबोच लिया गया। यह पहला मौका नहीं है जब किसी जनप्रतिनिधि ने सदन की पवित्रता को तार-तार किया है। इससे पहले भी मामले सामने आ चुके हैं, जब विधानसभा हो या लोकसभा में सवाल पूछने या नहीं पूछने के ऐवज में रिश्वत मांग कर समूचे लोकतंत्र को कलंकित करने का काम किया गया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा का मामला अभी भी देश के लोगों की स्मृति से मिटा भी नहीं है। महुआ मोइत्रा ने रियल एस्टेट कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के व्यवसायिक हितों की रक्षा के लिए संसद में सवाल पूछे। आरोप था कि महुआ मोइत्रा ने हीरानंदानी के इशारे पर 61 सवालों में 50 में अंबानी और अडानी को टारगेट किया। दर्शन हीरानंदानी ने खुलासा किया कि महुआ मोइत्रा ने अपनी संसद लॉगिन और पासवर्ड उनके साथ साझा किया था। उन्होंने महुआ की ओर से सवाल पोस्ट किए थे। एथिक्स कमेटी ने 6-4 के बहुमत से महुआ मोइत्रा की संसद सदस्यता खत्म करने की सिफारिश कर दी। टीएमसी सांसद मोइत्रा से पहले भी जनप्रतिनिधियों के ऐसे कृत्यों से देश में राजनीतिक बवंडर उठ चुके हैं। वर्ष 2005 में ऐसे ही एक अन्य मामले में लोकसभा के 10 और राज्यसभा के एक सांसद की सदस्यता रद्द हुई थी। तब एक वेब पोर्टल ने स्टिंग ऑपरेशन किया था। स्टिंग में 11 सांसद सवाल के बदले में कैश का ऑफर स्वीकार करते दिखे थे। इनमें लोकसभा के 10 और राज्यसभा के 1 सदस्य को निष्कासित कर दिया गया था। तब केंद्र में डॉक्टर मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए-1 की सरकार थी। संसद की सदस्यता गंवाने वालों में 6 बीजेपी के थे, 3 बीएसपी के और 1-1 कांग्रेस के सांसद थे। स्टिंग में सबसे कम कैश 15000 रुपये की भाजपा सांसद छत्रपाल सिंह लोढ़ा के सामने पेशकश की गई थी जबकि सबसे ज्यादा कैश 1,10,000 रुपये आरजेडी के सांसद मनोज कुमार को ऑफर की गई थी। 24 दिसंबर 2005 को संसद में वोटिंग के जरिए आरोपी सभी 11 सांसदों को निष्कासित कर दिया गया। लोकसभा में प्रणब मुखर्जी ने 10 सांसदों के निष्कासन का प्रस्ताव रखा था जबकि राज्यसभा में तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह ने एक सांसद को निष्कासित करने का प्रस्ताव रखा था। वोटिंग के दौरान भाजपा वॉकआउट कर गई थी। पार्टी के वरिष्ठ नेता और तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष एलके आडवाणी ने कहा था कि सांसदों ने जो कुछ किया वह करप्शन कम, मूर्खता ज्यादा है। इसके लिए निष्कासन बहुत ही कठोर सजा होगी। जनवरी 2007 में सुप्रीम कोर्ट ने भी सांसदों के निष्कासन के फैसले को सही ठहराया था। उसी साल दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देश में दिल्ली पुलिस ने इस मामले में केस भी दर्ज किया था। न्यूज पोर्टल के दो पत्रकारों के खिलाफ भी चार्जशीट दाखिल हुई। संसद राज्यसभा हो या लोकसभा, सदन में सत्र की कार्यवाही के दौरान असहज कर देने वाली घटनाओं का पुराना इतिहास रहा है। पहले भी ऐसी कई घटनाओं का गवाह बना है चाहे वो पैसे के लेन-देन को लेकर आरोप लगाने का मामला हो या फिर नोटों की गड्डियां लहराने का। ऐसे कई किस्से हैं जब सदन की गरिमा को तार-तार किया गया। 22 जुलाई, 2008 को मनमोहन सरकार के विश्वासमत हासिल किए जाने के दौरान लोकसभा में एक करोड़ रुपए के नोटों की गड्डियां लहरा कर सनसनी फैला दी गई थी। नोट लहराने वालों में भाजपा के तीन सांसदों अशोक अर्गल, महावीर भागौरा और फग्गन सिंह कुलस्ते शामिल थे। तीनों सांसदों ने आरोप लगाया था कि समाजवादी पार्टी के तत्कालीन महासचिव अमर सिंह और कांग्रेस अध्यक्ष के राजनीतिक सचिव अहमद पटेल ने विश्वास मत में हिस्सा नहीं लेने के बदले रुपए देने की पेशकश की थी। जबकि इन दोनों ने इन आरोपों से इनकार किया था। इसी तरह राज्यसभा में 5 दिसंबर 2024 को कांग्रेस सांसद की बेंच से नोटों के बंडल मिलने का मामला सामने आया। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने इसे गंभीर मामला बताया। साथ ही इसकी जांच कराने की बात कही है। यह सीट तेलंगाना से सांसद अभिषेक मनु सिंघवी की थी। देश के लोकतंत्र पर कालिख पोतने वाली ऐसी घटनाओं से जाहिर है कि कानून बना कर देश चलाने वाले जनप्रतिनिधियो पर आम लोगों का पूरा भरोसा नहीं है। इस भरोसे के दरकने के लिए नेता जिम्मेदार हैं। दरअसल नेता और जनप्रतिनिधी जब तक खुद को कानून से ऊपर समझते रहेंगे तब तक ऐसी शर्मनाक पुनरावृत्ति से देश शर्मसार होता रहेगा।**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

*तीनों सांसदों ने आरोप लगाया था कि समाजवादी पार्टी के तत्कालीन महासचिव अमर सिंह और कांग्रेस अध्यक्ष के राजनीतिक सचिव अहमद पटेल ने विश्वास मत में हिस्सा नहीं लेने के बदले रुपए देने की पेशकश की थी। जबकि इन दोनों ने इन आरोपों से इनकार किया था।*

## अमृत भारत स्टेशनः परिवर्तन के प्रतीक, सांस्कृतिक पहचान के दर्पण



**जया वर्मा सिन्हा**
**पूर्व अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड**

**आज** का भारत तेज़ी से बदल रहा है यह परिवर्तन केवल नीतिगत दस्तावेज़ों या राजनीतिक बयानों में नहीं, बल्कि देश के भौतिक परिदृश्य में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। नए बनाए गए सड़क मार्ग, एक्सप्रेसवे और अंतरराष्ट्रीय स्तर के हवाई अड्डे इस बदलाव के साक्षी हैं। यह विकास भारत के शहरों को आपस में जोड़ने और लोगों को सशक्त बनाने की एक गहरी सोच को दर्शाता है। कभी उपेक्षित समझा जाने वाला रेलवे क्षेत्र अब इस बदलाव का प्रमुख हिस्सा बन रहा है, जो अब भीड़भाड़ और जर्जर छवि से उबरकर संस्कृति, कुशलता और नवाचार का प्रतीक बनता जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना इस परिवर्तन की केंद्रीय कड़ी है। भारतीय रेल द्वारा संचालित यह योजना देश भर के 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण करने का संकल्प है। लेकिन यह पहल केवल वास्तुशिल्प सुधार या तकनीकी उन्नयन तक सीमित नहीं है। यह सार्वजनिक अवसंरचना को देखने के दृष्टिकोण में एक मूलभूत बदलाव को दर्शाती है जहाa कार्यात्मकता के साथ समावेशिता, विरासत के साथ आधुनिकता और सुविधा के साथ स्थिरता को जोड़ा गया है। इस योजना में स्टेशन को केवल यात्रा के पड़ाव के रूप में नहीं, बल्कि एक जीवंत, समेकित स्थान के रूप में देखा गया है जो शहर की पहचान को दर्शाता है और उसके समुदाय की सेवा करता है। इस योजना की आत्मा में यह विचार निहित है कि गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक सेवाएं नागरिकों की गरिमा और कल्याण में सीधा योगदान देती हैं। पहले जहां स्टेशन केवल भीड़ को संभालने पर केंद्रित होते थे, अब उन्हें एक नागरिक केंद्र के रूप में देखा जा रहा है एक ऐसा स्थान जो संस्कृति, अर्थव्यवस्था और दैनिक जीवन को जोड़ता है। प्रत्येक स्टेशन के लिए एक विशेष मास्टर प्लान तैयार किया जाता है, जो उसके स्थान, यात्री संख्या और स्थानीय पहचान के अनुरूप होता है। ये योजनाएं लचीली होती हैं और भविष्य की तकनीकों, जनसंख्या वृद्धि और शहरी ज़रूरतों के अनुसार बदल सकती हैं। विकास चरणबद्ध तरीके से होता है जिससे मौजूदा संचालन पर न्यूनतम प्रभाव पड़े और नवाचार के लिए स्थान बना रहेयह योजना केवल बाहरी सजावट या प्लेटफार्म बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह रेलवे स्टेशन के पूरे उद्देश्य को ही पुनर्परिभाषित करती है। अब स्टेशन को एक ऐसे स्थान के रूप में देखा जाता है जो केवल यात्रा नहीं, बल्कि खरीदारी, पर्यटन, व्यापार और सामुदायिक गतिविधियों का केंद्र भी हो। हर डिज़ाइन निर्णय का केंद्र यात्रियों का अनुभव बेहतर बनाना है। प्रवेश और निकास के बिंदु पुनः संरचित किए जा रहे हैं ताकि भीड़ कम हो और आवाजाही सुचारू रहे विशेष रूप से बुजुर्गों, छोटे बच्चों वाले परिवारों और विकलांगों के लिए। स्टेशन के अंदर, आधुनिक प्रतीक्षालय, बेहतर रोशनी, वायु परिसंचरण और एर्गोनोमिक बैठने की व्यवस्था अब पुराने, संकरे और अंधेरे स्थानों की जगह ले रहे हैं। शौचालयों को उच्च स्वच्छता और सुविधा मानकों के अनुरूप बनाया जा रहा है। डिजिटल कियोस्क बहुभाषी सहायता प्रदान करते हैं और टिकट काउंटरों की कतारों को कम करते हैं, जिससे सभी यात्रियों के लिए पहुंच आसान होती है। विकलांगों और बुजुर्गों के लिए लिफ्ट, एस्केलेटर और स्पष्ट संकेतक लगाए जा रहे हैं, जिससे वे स्वावलंबी रूप से स्थान पर आवाजाही कर सकें। इस परियोजना में स्वच्छता, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और पर्यावरणीय चेतना पर भी ज़ोर दिया गया है। स्वच्छ स्टेशन केवल स्वच्छता का प्रतीक नहीं, बल्कि यात्रियों के प्रति सम्मान और गरिमा का प्रतीक माने जाते हैं। निःशुल्क वाई-फाई यात्रियों को, चाहे वे दूरदराज़ के क्षेत्रों से हों या आधुनिक पेशेवर, जोड़ता है और जानकारी की पहुंच सुनिश्चित करता है। योजना में हरित पथ और जलवायु- संवेदनशील हरियाली जैसी पर्यावरण-मित्र विशेषताओं को शामिल किया गया है। ये न केवल पर्यावरणीय प्रभाव को कम करते हैं बल्कि स्टेशन को अधिक सुंदर और आरामदायक बनाते हैं। ऊर्जा-कुशल प्रणालियाँ, बेहतर वायु प्रवाह और बिना गिट्टी वाली पटरियों का उपयोग शोर, प्रदूषण और रखरखाव की समस्याओं को कम करता है। जहाँ संभव हो, छतों पर प्लाज़ा बनाए जा रहे हैं जो सामुदायिक मिलन और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए स्थान प्रदान करते हैं। इस योजना की एक अनूठी विशेषता है "वन स्टेशन वन प्रोडक्ट" कार्यक्रम। यह स्टेशन को एक बाज़ार में बदल देता है जहाँ स्थानीय कारीगर अपने क्षेत्रीय हस्तशिल्प, हथकरघा, खाद्य और विशेष उत्पादों को प्रदर्शित और बेच सकते हैं। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलता है, पारंपरिक कला रूपों को पुनर्जीवित किया जाता है और यात्रियों व समुदायों के बीच एक गहरा संबंध बनता है। यह स्थानीय सरकारों और रेलवे के बीच बेहतर सहयोग को भी प्रोत्साहित करता है। जैसे-जैसे यह योजना आगे बढ़ रही है, स्टेशनों में कार्यकारी लॉन्ज, बैठक क्षेत्र और वास्तविक समय में डिजिटल अपडेट जैसी सुविधाएँ जोड़ी जा रही हैं, जो पर्यटकों, तीर्थयात्रियों और व्यावसायिक यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करती हैं। डिज़ाइन दर्शन मानव-केंद्रित सोच पर आधारित है यह सुनिश्चित करते हुए कि हर यात्री को स्वागत, सहयोग और प्रतिनिधित्व का अनुभव मिले। यह एक उपयोगितावादी डिज़ाइन मॉडल से हटकर उस मॉडल की ओर बढ़ता है जिसमें यात्री की सुविधा, नागरिक गौरव और दीर्घकालिक लचीलापन प्राथमिकताएं हैं। भारत के रेलवे स्टेशन अब केवल यात्रा की शुरुआत के स्थान नहीं रह गए हैं वे भावनात्मक और सामाजिक यात्राओं की भी शुरुआत बनते जा रहे हैं।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5737

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 3 | 2 | | |
| 9 | | | | | | 1 | 7 | |
| 8 | 4 | | | 1 | | 6 | | 9 |
| | | | | 2 | 5 | | | |
| 2 | 6 | | | | | | 8 | 3 |
| | | | 7 | 6 | | | | |
| 1 | | 3 | | 7 | | | 2 | 4 |
| | 9 | 7 | | | | | | 6 |
| | | 8 | 4 | | | 9 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5736

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 |
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 2 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 9 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 |
| 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 | 3 | 6 |
| 6 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन संतोष और शांति का है। आपको राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयास सफल होंगे। शासन और सत्ता से जुड़ने का लाभ मिल सकता है। किसी नए समझौते से आपकी पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और आपको शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। रात में कुछ अप्रिय लोगों से मिलने से आपको अनावश्यक परेशानी हो सकती है।

### वृष
आज कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव हो सकते हैं और आपको ऑफिस में प्रशंसा मिलने से आपके सहकर्मी परेशान हो सकते हैं। आपको दूसरों की मदद करने में खुशी मिलती है, इसलिए आप दूसरों के लिए भागदौड़ करते रहेंगे। अच्छे व्यवहार से आप माहौल को सामान्य बनाने में सफल रहेंगे और कारोबार में धन से जुड़ी आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी।

### कर्क
आज आफिस में सहयोगी आपकी बात नहीं मानेंगे। आपको किसी को भी सलाह देने से बचना चाहिए। सामाजिक मुद्दों पर आपके बयानों का गलत मतलब निकाला जा सकता है। पैसों के मामले में आज का दिन अच्छा रहेगा। माँ भगवती की आरधना करें मन के सभी विकार दूर हो जाएंगे। कहीं से आपकी अच्छी खबर मिलेगी।

### सिंह
आज आपको बिजनेस में सफलता मिलेगी। वे असंभव लगने वाले लक्ष्य को पाने की कोशिश करेंगे और उसे पूरा करके दिखाएंगे। कमाई के अच्छे मौके मिलेंगे। काम के प्रति आपका जुनून आपको सफलता दिलाने में मदद करेगा। आपकी समृद्धि बढ़ेगी। संतान के इच्छुक पति पत्नी को भी इस मामले में खुशी मिल सकती है।

### मिथुन
पिता के आशीर्वाद और अधिकारियों की कृपा से कोई मूल्यवान वस्तु या संपत्ति मिल सकती है और आपका दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा। फिजूलखर्ची से बचें। शाम से रात गाड़ी चलाने के मामले में काफी सावधान रहें। प्रिय और महान लोगों से मिलने से आपका मनोबल बढ़ेगा।

### कन्या
आज राजनीतिक क्षेत्र में बड़ी सफलता मिलेगी और आपको हर मामले में भाग्य का साथ मिलेगा। संतान के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करेंगे। आपको प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने के योग हैं। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। आपको धन संबंधी मामलों में लाभ होगा।

### तुला
आज दिन बहुत अच्छा है और आपको ग्रहों की शुभ दशा से आपको अचानक धन लाभ हो सकता है। इससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी और आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आपको जल्दबाजी में कोई भी फैसला लेने से बचना चाहिए वरना आपको बाद में पछताना पड़ सकता है।

### वृश्चिक
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपका हर कार्य सिद्ध होगा। अपने कार्यों में तेजी लाने से लाभ होगा। आपको अपने परिवार और रिश्तेदारों से सुख मिलेगा और आपको रचनात्मक कार्यों में भाग्य का साथ मिलेगा और किस्मत आपका साथ देगी। गुस्से पर काबू रखें। घर-परिवार की समस्या का समाधान हो जाएगा। आपको सरकारी मदद भी मिल सकती है।


### मकर
आज लाभ होगा और आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी। घर के सामान पर धन खर्च होगा, आपको सांसारिक सुखों की प्राप्ति होगी। किसी कर्मचारी या रिश्तेदार के कारण तनाव बढ़ सकता है। आपको पैसों के मामले में लेनदेन करने से बचने की सलाह है। सावधानी बरतें, वरना आपका धन फंस सकता है। शिक्षा प्रतियोगिता में आपको कल कामयाबी मिलेगी।

### कुंभ
आज आपका रवैया दूसरों के साथ उनके रिश्तों को बेहतर बनाने में मदद करेगा। आपके काम की तारीफ होगी। बेकार के कामों से ध्यान हटाकर अपने दिन को व्यवस्थित करने से आपको फायदा होगा। पैसों के मामले में आज का दिन अच्छा रहेगा। आप खुद को संवारने पर पैसे खर्च करेंगे। दिन में आपको सरकारी काम के लिए कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं, लेकिन अंत में आपकी जीत होगी।

### धनु
आज शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष सफलता मिलने की संभावना है। आपके लिए आय के नए स्रोत बनेंगे और धन लाभ होगा। आपको बोलने की कला से लाभ होगा। आपको हर कार्य में सम्मान की प्राप्ति होगी। भागदौड़ करने से आपकी सेहत पर बुरा असर हो सकता है। सावधान रहें, आपको अपने जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

### मीन
आज आर्थिक लाभ के योग हैं और आपके धन सम्मान में वृद्धि होने से मन प्रसन्न होगा। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे और प्रियजनों से मुलाकात होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें, वरना आपको मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। शाम को प्रियजनों से मुलाकात होगी और रात में घूमने-फिरने का मौका मिलेगा। आपके धन सम्+मान में वृद्धि होगी।

### वर्ग पहेली 5738



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. मजदूर दिवस इस महीने की पहली तारीख को मनाया जाता है (2)
3. पुराणानुसार एक प्रकार का सत्त जिसे पृथ्वी रूपी गौ से गंधवों ने दुहा था (2)
6. नहाने की क्रिया, स्नान (3)
8. भय, खौफ, भीत (2)
9. पिता, पैदा करने वाला (3)
10. श्राद्धपक्ष, पितृपक्ष (4)
12. गुलामी, दास का कार्य (3)
13. वाक्य, का अपभ्रंश, शब्द, वाणी (2)
14. एक देवर्षि जो ब्रह्मा के मानस पुत्र कहलाए (3)
15. सामने, उपस्थित, गोचर (3)
17. तल रहित, बिना पेंदे का (3)
19. शास्त्रीय संगीत में ताल का एक प्रकार (4)
21. साधारण, सामान्य (3)
23. किसी धातु को पीट और खींचकर बनाया गया पदार्थ, टेलीग्राम (2)
24. सिलवट, सिकुडन, ऐंठ (2)

**ऊपर से नीचे**
1. केवल, निरा, मात्रा, सिर्फ (3)
2. विश्वनीय, सच्चा (5)
3. नेपाल और बिहार में बहने वाली नदी जिसे नेपाल में नारायणी और सत्पगंडकी कहा जाता है (3)
4. पकड़ना, थामना (3)
5. वर्तमान दौर का एक न्यूज चैनल (4)
7. अभिप्राय, मतलब (4)
11. झरोखा, खिड़की (3)
14. कोमलता, नरमी (4)
15. पदार्थ का मूल तत्वा, सच्चाई, यथार्थता (2)
16. अधिक मास, पुरूषोत्तम मास (4)
17. पब्लिक, जनता (3)
18. बोझा ढोकर अपनी आजीविका चलाने वाला (2)
20. भिन्न का नीचे का अंक, प्रत्येक (2)
22. बुनियाद, नींव, जड़ (2)

### वर्ग पहेली 5737 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्या | मा | प्र | सा | द | मु | ख | र्जी |
| मा | ल | वा | | स्त | | ता | |
| च | | स | र | क | ना | | प |
| र | वि | | ह | | र | स | द |
| ण | | इ | म | दा | द | | क |
| शु | भा | | | स | पु | त्र | |
| क्ल | ब | | हु | | रा | य | ता |
| | रा | ह | त | | ण | | ज |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

# उपायुक्त की अध्यक्षता में स्पॉन्सरशिप एण्ड फोस्टर केयर अप्रूवल कमिटी की बैठक



**निज संवाददाता | दुमका**

दुमका में स्पॉन्सरशिप एण्ड फोस्टर केयर अप्रूवल कमिटी की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें 152 बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ने की मंजूरी दी गई। यह बैठक मंगलवार को उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य बच्चों के संरक्षण एवं कल्याण से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा और उनके सफल क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श करना था। बैठक में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र ने बताया कि इस बार विभिन्न प्रखंडों से कुल 152 बच्चों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन आवेदनों के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज नियमानुसार संलग्न थे। उन्होंने बताया कि इन सभी बच्चों का गृह सत्यापन, आर्थिक स्थिति की जांच और सामाजिक स्थिति की विस्तृत समीक्षा भी की जा चुकी है। जांच के दौरान यह पाया गया कि ये सभी बच्चे किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत सीएनसीपी श्रेणी में आते हैं, जिन्हें बाल कल्याण समिति ने भी सीएनसीपी के रूप में घोषित एवं अनुशंसित किया है। उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने बैठक में विशेष निर्देश दिए कि स्पॉन्सरशिप एण्ड फोस्टर केयर योजना खासतौर पर उन अनाथ, असहाय और अक्षम बच्चों के लिए है जो जीवन में विशेष सहायता के पात्र हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कहीं ऐसे बच्चे मिलते हैं, तो उन्हें प्राथमिकता के आधार पर इस योजना के तहत आच्छादित किया जाए ताकि वे स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण जैसी बुनियादी जरूरतों से वंचित न रहें। इससे बच्चों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी और वे समाज में सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकेंगे। इस बैठक में समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे, जिनमें जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी एवं सदस्य सचिव प्रकाश चन्द्र, गैर संस्थागत संरक्षण पदाधिकारी दीपा साहू, विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान के मैनेजर तारिक अनवर, सदस्य शकुंतला दुबे के साथ-साथ सहकर्मी मुबारक अंसारी एवं निक्कू कुमार साह शामिल थे। सभी सदस्यों ने बच्चों के कल्याण के लिए प्रभावी योजनाओं को लागू करने और बच्चों के हित में काम करने की प्रतिबद्धता जताई। इस प्रकार की बैठकें बच्चों के संरक्षण और उनकी बेहतर जीवन गुणवत्ता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाती हैं। स्पॉन्सरशिप और फोस्टर केयर योजना के तहत बच्चों को न केवल आर्थिक मदद मिलती है, बल्कि उन्हें बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं और सुरक्षित माहौल भी प्रदान किया जाता है। इससे बच्चे समाज में मजबूती से अपनी पहचान बना पाते हैं और जीवन में सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ते हैं। इस बैठक ने इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जिससे आने वाले समय में बच्चों के लिए और भी बेहतर अवसर और सुविधाएं सुनिश्चित होंगी।

## कालाजार मरीजों की करे खोज अभियान : डीसी

**निज संवाददाता | दुमका**



दुमका में जिला स्वास्थ्य समिति की अहम बैठक मंगलवार को उपायुक्त की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें जिले के स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक में सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी भी मौजूद थे, जिन्होंने अपने-अपने प्रखंडों की स्वास्थ्य सेवाओं और योजनाओं की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से जानकारी दी। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारना और विभिन्न बीमारियों के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए प्रभावी रणनीतियां बनाना था। बैठक की शुरुआत में स्वास्थ्य विभाग के सभी महत्वपूर्ण इंडिकेटरों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने एनीमिया की जांच को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए और कहा कि जिले के सभी प्रखंडों में एनीमिया की जांच नियमित रूप से कराई जाए ताकि इस बीमारी को जल्द से जल्द पहचाना और उपचार किया जा सके। इस संदर्भ में सिविल सर्जन ने बताया कि एनीमिया जांच के लिए आवश्यक उपकरण प्रखंड स्तर पर उपलब्ध कराने हेतु प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को खरीद प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए गए हैं, जिससे जांच का कार्य सुचारू रूप से चल सके। इसके बाद कालाजार रोग के मरीजों की खोज अभियान पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने जोर देकर कहा कि जिले में कालाजार से प्रभावित क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जाए, ताकि इस गंभीर बीमारी से ग्रस्त मरीजों का शीघ्र पता लगाकर उनका उपचार किया जा सके। उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इस खोज अभियान को प्रभावी तरीके से संचालित करें और कालाजार के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं। सिविल सर्जन ने पालोजोरी प्रखंड के मसलिया क्षेत्र में डिप्थीरिया बीमारी के बढ़ते मामलों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि पालोजोरी क्षेत्र में माइग्रेशन की वजह से डिप्थीरिया का संक्रमण तेजी से फैल रहा है और वहां कई जगह रिफ्यूशल भी देखने को मिला है। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां-जहां रिफ्यूशल यानी टीके से इनकार की स्थिति पाई गई है, वहां तत्काल प्रभाव से चिकित्सा पदाधिकारी भेजे जाएं। इन्हें विशेष रूप से पॉकेट क्षेत्रों की पहचान कर उनकी काउंसलिंग करनी होगी ताकि लोगों को टीकाकरण के महत्व को समझाया जा सके और वे टीका लगवाने के लिए प्रेरित हों। उपायुक्त ने यह भी कहा कि इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग को हर संभव संसाधन उपलब्ध कराए जाएं ताकि टीकाकरण का कार्य व्यापक स्तर पर और प्रभावी रूप से संपन्न हो सके।

# ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

- बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का विश्लेषण करना और आवश्यक दिशा-निर्देश देना था
- मामलों में तत्काल कार्रवाई कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए ताकि आवास निर्माण में देरी न हो

**निज संवाददाता | गोड्डा**

गोड्डा में उप विकास आयुक्त स्मिता टोप्पो की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों और प्रखंड समन्वयकों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का विश्लेषण करना और आवश्यक दिशा-निर्देश देना था। इस दौरान विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना, अबुआ आवास योजना जैसे प्रमुख आवासीय कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई। उप विकास आयुक्त ने इस बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि आवास योजनाओं के तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप स्वीकृत आवासों की संख्या, किस्तों का भुगतान, आवास निर्माण की पूर्णता, अंतिम किस्तों का भुगतान तथा लंबित आवासों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे सभी लाभुकों पर विशेष ध्यान दिया जाए जो 30 दिनों से अधिक समय से किस्त राशि प्राप्त कर चुके हैं लेकिन आवास निर्माण में रुचि नहीं ले रहे हैं। ऐसे मामलों में तत्काल कार्रवाई कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए ताकि आवास निर्माण में देरी न हो। इसके अलावा, सभी अपूर्ण आवास योजनाओं से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया गया ताकि विभागीय स्तर पर बेहतर योजना और निगरानी की जा सके। समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने मनरेगा योजना के तहत सृजित मानव दिवस की प्रखंडवार जानकारी ली और सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इस कार्य को गंभीरता से लेने तथा निर्धारित समय सीमा में इसे पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि जिले के प्रत्येक गांव में अधिक से अधिक योजनाएं चयनित की जाएं और मनरेगा के अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा मजदूरों को रोजगार दिया जाए। इससे न केवल ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आय का स्रोत मिलेगा बल्कि विकास कार्यों की गति भी तेज होगी। इसी के साथ उन्होंने सभी कनिष्ठ अभियंताओं को एमबी एंट्री का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए ताकि वित्तीय और तकनीकी प्रक्रियाएं सुचारू रूप से चल सकें। बैठक में बिरसा हरित ग्राम योजना की भी समीक्षा की गई, जिसमें उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को लक्ष्य के विरुद्ध शीघ्र कार्य प्रारंभ करने तथा उन्हें समय से पूरा करने का कड़ा निर्देश दिया। उन्होंने रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन, कार्ड वेरिफिकेशन, आधार सीडिंग, वीर शहीद फोटो हो विकास योजना और डोभा निर्माण जैसे कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर भी जोर दिया। इन सभी कार्यों के तेजी से पूर्ण होने से ग्रामीण विकास के क्षेत्र में बेहतर परिणाम हासिल होंगे। इसके अलावा, बैठक में 15वें वित्त आयोग से प्राप्त राशि का सही और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए खेल के मैदानों में चेंजिंग रूम बनाने और चिन्हित मनरेगा पार्कों में कार्य शुरू करने के निर्देश भी दिए गए। इस दिशा में काम के शीघ्र प्रारंभ से ग्रामीण क्षेत्रों में खेल-संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और लोगों के मनोरंजन एवं स्वास्थ्य के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा बैद्यनाथ उरांव, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण संजीव कुमार, सभी प्रखंडों के पीएमएवाई-जी से संबंधित अधिकारी और कर्मचारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। इस प्रकार की समीक्षा बैठकें विकास कार्यों की गुणवत्ता और गति को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और जिलाधिकारी के समन्वय में ग्रामीण विकास के लक्ष्य को प्रभावी ढंग से हासिल करने में सहायक होती हैं।

# युवती का अपहरण मामले में अभियुक्तों को साक्ष्य के अभाव में किया गया रिहा

**निज संवाददाता | गोड्डा**



बीते 3 अप्रैल 2019 को हनवारा थाना क्षेत्र में युवती के अपहरण का मामला दर्ज किया गया था जिसको लेकर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। वहीं अभियुक्तों के विरुद्ध कोर्ट में मामले पर सुनवाई की जा रही थी। उक्त मामले में अभियुक्त कुंदन दास, रुद्रदेव दास, रामदेव दास शादी पर शादी की नियत से युवती का अपहरण कर भगाने के मामले में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय के न्यायालय ने मंगलवार को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया। मामला 3/4/2019 को हनवारा थाना क्षेत्र में अपहृता का शादी की नियत से अपहरण कर लिया। सूचक पीड़िता के पिता के आवेदन पर न्यायालय के आदेश पर हनवारा थाना कांड संख्या 44/2019 दर्ज कराया गया।

(भादवि की धारा 366 के अंतर्गत) विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा कुल चार गवाहों का प्रतिपरीक्षण कराया गया। वहीं बचाव पक्ष के तरफ से अधिवक्ता कुन्दन कुमार ठाकुर पैरवी कर रहे थे। न्यायालय में उभय पत्रों द्वारा बहस सुनने के उपरांत जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय अनुपम कुमार ने अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्यों एवं तथ्यों का अवलोकन करने के पश्चात केस के तीनो अभियुक्तों को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया।

# जनता दरबार में मंईयां सम्मान योजना में मिले 16 आवेदन

**निज संवाददाता | गोपीकांदर**



प्रखंड सह अंचल कार्यालय गोपीकांदर में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें आम जनता की समस्याओं को सुनने और त्वरित समाधान के लिए बीडीओ सह सीओ विजय प्रकाश मरांडी की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के आवेदन प्राप्त किए गए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था कि आमजन की शिकायतों और आवश्यकताओं को तुरंत सुना जाए और उनका प्रभावी निस्तारण किया जाए, ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी देरी के मिल सके। इस दौरान जनता दरबार में कुल 28 आवेदन विभिन्न विभागों से संबंधित रूप में प्राप्त हुए, जिनमें सबसे अधिक संख्या मंईयां सम्मान योजना के तहत आवेदन की थी। कुल 16 आवेदन मंईयां सम्मान योजना के लिए आए, जो इस योजना के प्रति लोगों की बढ़ती जागरूकता और विश्वास को दर्शाता है। इसके अलावा, जन्म प्रमाण पत्र संबंधित तीन आवेदन, खाद्य आपूर्ति से जुड़े तीन आवेदन, पारिवारिक हित लाभ के दो आवेदन, बीपीएल सूची में नामांकन के दो आवेदन, प्रधानमंत्री आवास योजना के एक आवेदन, तथा कस्तूरबा गांधी नामांकन योजना से संबंधित एक आवेदन भी इस दौरान प्राप्त हुए। बीडीओ ने मौके पर ही इन आवेदनों की समीक्षा की और 19 आवेदनों को त्वरित कार्रवाई के तहत निष्पादित करने का निर्देश दिया।

इससे यह साफ हुआ कि प्रखंड प्रशासन आमजन की समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध है। जनता दरबार कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद थे, जिन्होंने हर आवेदन पर ध्यान दिया और आवेदकों के सवालों का जवाब दिया। इस दौरान प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी उमेश कुमार साह, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विशाल कुमार, प्रखंड मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी पवन कुमार सिंह, प्रखंड मनरेगा सहायक अभियंता सलीम मरांडी, अंचल निरीक्षक सुधांशु सुमन, प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक आनंद कुमार सिंह, प्रखंड लिपिक अनुज कुमार कोल, हल्का कर्मचारी पुष्पलता मुर्मू, रोजगार सेवक कालीदास किस्कू और सनातन हांसदा सहित अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे, जिन्होंने जनता के समक्ष अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

## छात्र-छात्राओं की हुई स्वास्थ्य जांच

**पाकुड़ (नि.सं.)।** पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मंगलवार को एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मध्य विद्यालय लाखीपोखर के सभी छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। यह स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम चिकित्सक गंगा शंकर साहा के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें स्कूली बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कई पहलुओं की गहराई से जांच की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को प्रारंभिक अवस्था में ही किसी भी प्रकार की बीमारी या विकार से बचाव और समय रहते उचित इलाज प्रदान करना है। इसके तहत प्रत्येक माह एक आंगनबाड़ी केंद्र और एक विद्यालय का चयन कर वहां उपस्थित सभी बच्चों की समग्र स्वास्थ्य जांच की जाती है।

# जिला मुख्यालय में कांग्रेसियों ने निकाली संविधान बचाओ रैली, नगर भवन में भव्य सभा का किया गया आयोजन

**निज संवाददाता | गोड्डा**



गोड्डा जिला मुख्यालय में मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के द्वारा एक भव्य "संविधान बचाओ रैली" का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं राज्य और जिला के कई बड़े नेता शामिल हुए। यह रैली देशभर में कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे उस राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा रही, जिसके माध्यम से संविधान को बचाने और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जनजागरण का प्रयास किया जा रहा है। रैली की शुरुआत सरकारी बस स्टैंड से हुई, जो कारगिल चौक, महिला महाविद्यालय, बाल विकास भवन, नेहरू चौक, असंबनी चौक, नहर चौक होते हुए नगर भवन, भतडीहा तक पहुंची। इस दौरान सड़कों पर कांग्रेसी झंडे-बैनर लेकर नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। कार्यकर्ताओं के जोशीले नारों और विशाल जनसैलाब से पूरे शहर का माहौल जोशपूर्ण और जागरूकता से भर उठा। नगर भवन पहुंचने के बाद एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें कांग्रेस विधायक दल के नेता सह पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव ने जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।

उन्होंने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार संविधान को कमजोर करने और उसकी आत्मा को खत्म करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार स्वतंत्र संस्थाओं जैसे ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है और संविधान के मूल ढांचे से खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रदीप यादव ने आगे कहा कि इसी के खिलाफ राहुल गांधी के निर्देश पर पूरे देशभर में कांग्रेस द्वारा संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जा रहा है और आज की रैली उसी श्रृंखला का हिस्सा है। सभा में प्रदेश अध्यक्ष केसव महतो, वरिष्ठ नेता कमलेश, बेला प्रसाद, प्रदीप बाल मुचु, बंधू तिर्की, शाहज़ादा अनवर, सुरेश बैठा, अभिजीत कुमार, जिलाध्यक्ष दिनेश यादव सहित सभी प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष और महिला कांग्रेस की कई प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी नेताओं ने अपने वक्तव्यों में केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की और जनता से अपील की कि वे संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट हों। रैली के दौरान शहर भर में यातायात व्यवस्था प्रभावित रही लेकिन सुरक्षा व्यवस्था चुस्त रही। प्रशासन की ओर से पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सका। कांग्रेस की यह रैली न केवल एक राजनीतिक प्रदर्शन रही बल्कि आम जनता के बीच जागरूकता फैलाने का प्रयास भी रही, जिसमें युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की भी भागीदारी दिखी।

## गोड्डा- देवघर मुख्य मार्ग के जर्जर होने से राहगीरों और आम लोगों की बढ़ी परेशानी

**गोड्डा (नि.सं.)।** जिला मुख्यालय स्थित गोड्डा- देवघर मुख्य मार्ग के पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण सड़क के किनारे बसे लोगों का जीना दुभर हो गया है। स्थानीय बिजली ऑफिस से लेकर सरकंडा चौक तक सड़क के गड्ढे में तब्दील होने के कारण लगातार दुर्घटनाएं घट रही है बावजूद जिला प्रशासन इस खबर से बेखबर है। शहर वासियों का कहना है कि जिला प्रशासन के द्वारा जिले में विभिन्न प्रखंडों में करोड़ों-करोड़ की भवन बनाई जा रही है जिसका कोई उपयोग नहीं है। जिला में ऐसे कई भवन है जो करोड़ों की लागत से बनाए गए हैं उन भवनों में आज लोग अपने पशुओं को बांध रहे हैं वहीं दूसरी तरफ बहुत सारे सरकारी भवनों के खिड़की और दरवाजे गायब हो गए हैं। कहते हैं कि कई प्रखंडों में बनाए गए ऐसे भवन में अपराधियों का बसेरा बन गया है।

# भारतीय सेना के सम्मान में निकाला गया तिरंगा यात्रा

**निज संवाददाता | मेहरमा**



मेहरमा में भारतीय सेना के प्रति अपार सम्मान और सम्मान प्रकट करने के लिए एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, जो मेहरमा भाजपा मंडल के तत्वाधान में आयोजित की गई थी। यह आयोजन मंगलवार को पूरे क्षेत्र में बड़ी धूमधाम से किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा की शुरुआत सिद्धू कान्हु की प्रतिमा से हुई, जहां उपस्थित लोगों ने पुष्प अर्पित कर अपने आदर और श्रद्धा भाव व्यक्त किए। इसके बाद तिरंगा फहराया गया, जो इस कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था और इससे भारतीय सेना के प्रति जनता की गहरी निष्ठा और देशभक्ति झलकती थी। तिरंगा यात्रा मेहरमा चौक से शुरू होकर फिरोजपुर पहुंची, जहां से यह बाईपास मार्ग से होकर वापस उसी कार्यक्रम स्थल पर पहुंची जहां से इसकी शुरुआत हुई थी। यात्रा के दौरान सभी प्रतिभागियों ने देशभक्ति के जज़्बे से ओत-प्रोत भारत माता की जय, वंदे मातरम, वीर सपूत अमर रहे, भारतीय सेना जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद जैसे नारों के साथ अपनी भावनाओं को जोरदार रूप से व्यक्त किया। यह नारे पूरे क्षेत्र में गूंजते रहे और लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना को नई ऊर्जा प्रदान की। कार्यक्रम में गोड्डा जिले के जिला अध्यक्ष सजीव मिश्रा, पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रिया सिंह, पटेल युवा मोर्चा के जिला महामंत्री रविंद्र कुमार, मेहरमा मंडल के अध्यक्ष उमेश पासवान, बलबड्डा मंडल अध्यक्ष जय कृष्ण, मेहरमा मंडल के मंडल महामंत्री राजेश सिंह, संथाल परगना के प्रमंडलीय प्रभारी हनीलाल कुशवाहा सहित राजेश झा, चंचल, संतोष सिंह, मनोज सिंह, राजेश लाल, बबलू भगत, सक्षम सिंह जैसे कई गणमान्य लोग मौजूद थे। इसके अलावा क्षेत्र की महिलाओं ने भी इस यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसने इस आयोजन की गरिमा को और भी बढ़ा दिया।

# बहाया आठ हजार लीटर पेट्रोल, पेट्रोल पंप पर जांच के लिए पांच दिनों से खड़ी थी गाड़ी, एक गिरफ्तार

**निज संवाददाता | जामताड़ा।**



बदमाशों ने पांच दिनों से खड़ी 12 हजार लीटर पेट्रोल से भरी टैंकर के दो ड्रेन नोजल खोल दिए। इससे करीब 8 हजार लीटर पेट्रोल पंप परिसर में फैल गया। जामताड़ा जिले के मिहिजाम थाना क्षेत्र में एनएच 419 स्थित गोरायनाला के गोल बायो ऑयल पेट्रोल पंप पर सोमवार रात एक बड़ी घटना सामने आई। बदमाशों ने पांच दिनों से खड़ी 12 हजार लीटर पेट्रोल से भरी टैंकर के दो ड्रेन नोजल खोल दिए। इससे करीब 8 हजार लीटर पेट्रोल पंप परिसर में फैल गया। गार्ड ने बताया कि एक कार में सवार कुछ संदिग्ध लोग पंप के पास रुके। उनमें से दो लोग टैंकर के पास गए। गार्ड के रोकने पर उन्होंने धमकाया और भागने को कहा। पंप मालिक और अन्य लोगों के पहुंचने तक बदमाश टैंकर का नोजल खोल भागने लगे। इस दौरान एक बदमाश को पकड़ लिया गया।

पंप मालिक राजू दत्ता के अनुसार, 14 मई को जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने टैंकर को जांच के लिए रोका था। बारिश होने के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। मिहिजाम पुलिस प्रभारी विवेकानंद दूबे और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। जेसीबी मशीन और बालू की मदद से बिखरे हुए तेल को ढंका गया। पेट्रोल की गंध काफी दूर तक फैल गई। पुलिस पकड़े गए बदमाश से पूछताछ कर रही है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। प्रारंभिक जांच में यह घटना जांच से बचने के इरादे से की गई प्रतीत हो रही है।

## 26 मई को मनाया जाएगा वट सावित्री व्रत

**गोड्डा (नि.सं.)।** वट सावित्री व्रत, जिसे सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और वैवाहिक सुख की कामना के लिए रखा जाता है, इस वर्ष 26 मई 2025 को मनाया जाएगा। इस दिन शनि जयंती और सोमवती अमावस्या का दुर्लभ संयोग भी बन रहा है, जिससे इस व्रत का महत्व और अधिक बढ़ गया है। पंडित नितेश कुमार मिश्रा के अनुसार वट सावित्री व्रत की शुरुआत पौराणिक पात्र सावित्री द्वारा अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस लाने के उपलक्ष्य में हुई थी। यह व्रत नारी शक्ति, भक्ति, साहस और समर्पण का प्रतीक है। मान्यता है कि सावित्री ने कठोर तपस्या और दृढ़ संकल्प के बल पर अपने मृत पति को पुनर्जीवन दिलाया। तभी से यह व्रत सुहागन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। इस वर्ष ज्येष्ठ अमावस्या की तिथि को लेकर कुछ भ्रम की स्थिति बनी हुई है।

# राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक की सड़क हादसे में मौत के बाद सड़क जाम, स्पीड ब्रेकर और अतिक्रमण हटाने की मांग

**निज संवाददाता | जामताड़ा**



जामताड़ा में शिक्षा जगत को एक गहरा आघात उस समय लगा जब जेबीसी हाई स्कूल के प्रभारी प्रधानाचार्य और राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक सुशील मरांडी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह हादसा न केवल दुखद था, बल्कि एक बार फिर से स्थानीय प्रशासन की लापरवाही को उजागर कर गया। 12 मई को यह हादसा उस समय हुआ जब वे विद्यालय के मुख्य गेट के समीप खड़े थे और एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। यह घटना स्कूल परिसर के ठीक बाहर घटी, जहां लंबे समय से स्पीड ब्रेकर की मांग की जा रही थी, परंतु अब तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया और गंभीर रूप से घायल शिक्षक को तत्काल आसनसोल के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए दुर्गापुर रेफर कर दिया गया। लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद 19 मई को उनका देहांत हो गया। इस खबर के फैलते ही पूरे शिक्षा समाज में शोक की लहर दौड़ गई और मंगलवार को स्कूल के शिक्षक, छात्र, अभिभावक और शहर के कई जागरूक नागरिक सड़कों पर उतर आए। उन्होंने स्कूल के सामने ही मुख्य सड़क को पूरी तरह से जाम कर दिया और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का स्पष्ट कहना था कि यदि प्रशासन समय रहते स्कूल के सामने स्पीड ब्रेकर बनवाता और अतिक्रमण हटाने की दिशा में ठोस कदम उठाता, तो यह हादसा टल सकता था। सड़क के दोनों ओर अस्थाई दुकानों का अतिक्रमण है, जिसके चलते न केवल दृश्यता कम हो जाती है बल्कि छात्र-छात्राओं को सड़क पार करने में भी भारी परेशानी होती है। तेज रफ्तार से दौड़ते वाहन आए दिन खतरा बनते जा रहे हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन अब तक मूकदर्शक बना हुआ है। जामताड़ा नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल, विभिन्न छात्र संगठनों के प्रतिनिधि, शहर के बुद्धिजीवी वर्ग और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने साफ तौर पर प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि सुशील मरांडी जैसे समर्पित शिक्षक की जान की कीमत पर अब और चुप नहीं बैठा जाएगा। शिक्षकों की ओर से उमेश चंद्र ने बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा था लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। वहीं प्रदर्शन के दौरान छात्र भी आक्रोशित नजर आए और उन्होंने शिक्षकों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। स्कूल के अध्यक्ष उत्तम कुमार रवानी ने चेतावनी दी कि जब तक स्पीड ब्रेकर नहीं बनाया जाता और अतिक्रमण नहीं हटाया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक शिक्षक की मौत का मामला नहीं है, बल्कि यह पूरे शिक्षा समुदाय की सुरक्षा और सम्मान से जुड़ा मुद्दा है। इस तरह की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अब ठोस और प्रभावी कदम उठाना अनिवार्य हो गया है। प्रदर्शन के दौरान मौके पर पहुंचे जामताड़ा थाना प्रभारी रंजीत कुमार मंडल ने लोगों को शांत कराने की कोशिश की और आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को जिला प्रशासन तक पहुंचाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार



### प्रोफेसर अली खान पर महिला आयोग का दावा- उनके परिवार का सदस्य पाकिस्तान में करता है फंडिंग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद की गिरफ्तारी पर महिला आयोग ने नए दावे किए हैं। हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने कहा ने इनके परिवार के एक सदस्य पाकिस्तान की किसी पार्टी को फंडिंग करते हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में भाटिया ने कहा, इंस्टाग्राम स्टोरी पर उन्होंने (प्रोफेसर खान) जो पोस्ट किया, उसका मायने निकालकर देखिए। क्या अंग्रेजी में लिखे हुए का हिंदी में मतलब बदल जाता है? क्या एक महिला का अपमान हिंदी में बोलने से अलग और इंग्लिश में बोलने से अलग हो जाता है? अगर किसी बेटी का अपमान हुआ है तो मैं ऐक्शन लूंगी। देश की बेटी का अपमान सहन नहीं किया जा सकता। मैं अपना दायित्व पूरी तरह से समझती हूं।

रेणु भाटिया ने कहा कि बॉर्डर से चंद किलोमीटर दूर बैठा यह व्यक्ति (प्रोफेसर खान) फ्रेम करने में लगा है। वो भी ऐसे समय जब ऑपरेशन सिंदूर चल रहा हो। हम सब यह देखने के लिए उत्सुक रहते हैं कि शाम को कब विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी आएंगी और ये बताएंगी कि युद्ध में क्या हुआ। आप इन बेटियों के लिए ऐसा बोल रहे हैं। आप उनकी सारी पोस्ट देखिए तो पता चलेगा कि वह किस तरह के व्यक्ति हैं। वह पहले भी ऐसी बातें कर चुके हैं। उन्होंने कहा, मैंने पढ़ा कि इनके परिवार के एक सदस्य पाकिस्तान की किसी पार्टी को फंडिंग भी करते हैं। इससे इनकी सोच का पता चलता है। एक तरफ ऑपरेशन सिंदूर, एक तरफ फंडिंग और एक तरफ देश की बेटी के लिए ऐसा बोलना। इन सबको मिलाकर देखिए तो पता चलेगा।

**यूनिवर्सिटी में चेकिंग को लेकर प्रदर्शन पर सवाल:** हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष ने प्रोफेसर महमूदाबाद की ओर इशारा करते हुए कहा कि राजा बाबू आप अपने घर पर होंगे। हम नहीं मानते। किसी भी पार्टी के व्यक्ति या पुरुष को किसी महिला के बारे में हल्का बोलने की छूट नहीं है। जो भी कार्रवाई होगी, वो की जाएगी। मैंने अपने हरियाणा में यह किया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, मैंने न्यूज में पढ़ा कि अशोका यूनिवर्सिटी में एक बार प्रोटेस्ट हुआ था और यह सिक्योरिटी को लेकर था। मैंने वाइस चांसलर और दूसरों से इस बारे पूछा तो पता चला कि उसमें भी अली खान शामिल थे। आखिर बच्चों ने चेकिंग के लिए प्रोटेस्ट क्यों किया? यूनिवर्सिटी में ऐसा क्या आता-जाता है कि बच्चे चेकिंग रोकना चाहते हैं? अगर ऐसा कुछ नहीं तो चेकिंग के खिलाफ प्रदर्शन क्यों किया गया? इसका जवाब दिया जाना चाहिए।

### क्या 65 की उम्र तक पढ़ाएंगे कॉलेज शिक्षक? हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने कॉलेज शिक्षकों की रिटायरमेंट उम्र को 60 वर्ष से 65 वर्ष तक बढ़ाने वाली याचिका पर नोटिस कर सरकार से जवाब मांगा। याचिकाकर्ता अशोक कुमार अग्रवाल की तरफ से उनके अधिवक्ता अक्षय दत्त शर्मा व सुप्रिय ने पैरवी की। अधिवक्ता अक्षय दत्त शर्मा ने बताया कि याचिका पर राज्य सरकार, विधि व उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, कॉलेज शिक्षा आयुक्त और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के चेयरमैन को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। अदालत ने पूछा है कि क्यों न प्रदेश के कॉलेज शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष कर दी जाए। यह आदेश हाईकोर्ट की खंडपीठ न्यायाधीश इन्द्रजीत सिंह और न्यायाधीश आनंद शर्मा ने सोमवार को दिया। प्रार्थीपक्ष की ओर से अधिवक्ताओं सुप्रिय और अक्षय दत्त शर्मा ने अदालत को बताया कि केंद्र सरकार और यूजीसी की ओर से कॉलेज शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष निर्धारित की गई है, जिसे देश के अनेक राज्यों ने अपनाया है।

# जज भी इंसान ही होते हैं और उनसे गलती हो जाना स्वाभाविक है: जस्टिस अभय एस ओका



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस अभय एस ओका ने कहा कि अदालत में फैसला करते समय भी गलती हो सकती है। उन्होंने कहा कि जज भी इंसान ही होते हैं और उनसे गलती हो जाना स्वाभाविक है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि बॉम्बे हाई कोर्ट के जज रहते हुए उनसे भी गलती हुई थी। साल 2016 में घरेलू हिंसा के एक मामले में उनसे सही बात समझने में गलती हो गई। जस्टिस ओका ने कहा कि जजों के लिए लगातार सीखने का सिलसिला चलता रहता है। जस्टिस ओका ने कहा कि यह मानते हुए कि सीआरपीसी की धारा 482 के तहत घरेलू हिंसा कानून की धारा 12 (1) के तहत दी गई याचिका को भी खारिज किया जा सकता है। हालांकि यह कानून कहता है कि कोई भी महिला भुगतान, मुआवजा या फिर अन्य राहत के लिए मजिस्ट्रेट का रुख कर सकती है। जस्टिस ओका और जस्टिस उज्जल भुयान की बेंच ने इस मामले में फैसला सुनाया था। वहीं जस्टिस ओका का विचार एकदम अलग था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हाई कोर्ट को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि घरेलू हिंसा के खिलाफ कानून महिलाओं को न्याय देने के लिए बनाया गया है। ऐसे में धारा 482 के तहत अगर अर्जी खारिज करने की बात आती है तो हाई कोर्ट को गहनता से विचार करना चाहिए। जब तक यह नहीं स्पष्ट होता है कि केवल कानून का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है या फिर केस पूरी तरह से गलत है, इस तरह की याचिका को खारिज नहीं करना चाहिए।

बेंच की तरफ से फैसला लिखने वाले जस्टिस ओका ने कहा, इस फैसले के साथ यह बताना जरूरी है कि मैं 27 अक्टूबर 2016 को बॉम्बे हाई कोर्ट के एक फैसले में भी शामिल था जिसमें कहा गया था कि घरेलू हिंसा के कानून के सेक्शन 12 (1) के मामले में सीआरपीसी की धारा 482 के तहत मुकदमा खारिज करने का प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा, मेरी इस बात पर हाई कोर्ट की पूरी बेंच सहमत नहीं थी। ऐसे में हमारा कर्तव्य था कि हम अपनी गलती को सुधारें।

जस्टिस ओका ने कहा कि उन्हें अपना फैसला सुधारना पड़ गया। उन्होंने कहा कि यह कहना कि घरेलू हिंसा के मामले में धारा 482 के तहत मुकदमा खारिज करने का प्रावधान ही नहीं है, एक तरह से गलत था। ऐसे में यह लगता था कि मामला केवल सिविल नेचर का ही होगा। हालांकि परिस्थिति के अनुसार धारा 482 के तहत फैसला किया जा सकता था। यह विचार सुप्रीम कोर्ट की बात से भी अलग था। सुप्रीम कोर्ट ने यह कहा था कि यह कानून महिलाओं को न्याय देने के लिए हैं। ऐसे में हाई कोर्ट का फैसला पूरी तरह से सही साबित नहीं होता था। इसमें सुधार किया गया।

### नई तकनीक ने कानून के अध्ययन में ला दी क्रांति- जस्टिस ओका

जस्टिस ओका ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में हजारों न्यायिक निर्णयों का देश की कई भाषाओं में अनुवाद किया गया है। टीएमसी लॉ कॉलेज की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में उनके हवाले से कहा गया, पिछले 30 वर्षों से महाराष्ट्र में जिला अदालत तक में मराठी में काम किया जा रहा है। जस्टिस ओका ने कहा कि नयी प्रौद्योगिकी ने कानूनी अध्ययन में क्रांति ला दी है। उन्होंने कहा, आज उपलब्ध सुविधाओं के साथ, कानून का अध्ययन करना, शोध करना, इसका अर्थ समझना और कम समय में कई निर्णयों को समझना बहुत आसान हो गया है। छात्रों को इनका प्रभावी ढंग से उपयोग करना चाहिए।

### सीएम भजनलाल शर्मा की बैठक में एसडीओ सस्पेंड एसडीएम और तहसीलदार पर गिरी गाज!



**जयपुर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान भ्रष्टाचार के मामलों पर सख्त रुख अपनाते हुए त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें कलेक्टर और एसपी सहित कई उच्चाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान रायपुर (ब्यावर) के एसडीओ गुलाब चंद वर्मा को भ्रष्टाचार की शिकायत के चलते तत्काल सस्पेंड कर दिया गया, वहीं रामसर (बाड़मेर) के एसडीएम अनिल कुमार जैन को एपीओ (अवैतनिक प्रतीक्षा आदेश) पर भेजा गया। साथ ही रायपुर (ब्यावर) तहसीलदार पुष्पेंद्र पंचाल और रामसर (बाड़मेर) तहसीलदार अशोक कुमार मेघवाल दोनों को एपीओ किया गया। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतें संज्ञान में आने के बाद बैठक के दौरान ही की गई, जिससे प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई। मुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।

## महाराष्ट्र में नई कार लेना हुआ मुश्किल, राज्य सरकार ने बना दिया नया नियम



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में अब नई कार लेना और भी ज्यादा मुश्किल होने वाला है। राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने सोमवार को यह घोषणा की है कि जब तक खरीदार संबंधित नगर निकाय में पार्किंग स्थान का प्रमाण पत्र नहीं दे देता, तब तक उसके नाम पर नए वाहन का पंजीकरण नहीं किया जाएगा। यह निर्णय मुख्य रूप से मुंबई महानगर क्षेत्र में बढ़ते पार्किंग संकट से निपटने के लिए लिया गया है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य की नई पार्किंग नीति पर हुई एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद यह घोषणा की गई है। बैठक के बाद मंत्री सरनाईक ने कहा, हम पार्किंग स्थल बनाने पर विचार कर रहे हैं। विकास नियमों का पालन किया जाना चाहिए और डेवलपर्स को फ्लैटों के साथ पार्किंग की जगह भी देनी चाहिए। अब जो नए खरीदार होंगे उनके पास यदि नगर निकाय से पार्किंग आवंटन प्रमाण पत्र नहीं है, तो उनके नाम से नए वाहनों का पंजीकरण नहीं किया जाएगा। मुंबई महानगर क्षेत्र में पार्किंग की जगह की भारी कमी को स्वीकार करते हुए कहा कि शहरी विकास विभाग शहर के बड़े मनोरंजन स्थलों के नीचे पार्किंग प्लाजा के निर्माण की अनुमति देने पर काम कर रहा है। इसके अलावा सरनाईक ने पॉड टैक्सी नेटवर्क को लेकर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि हम इस पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पॉड टैक्सी परियोजना पर एक डिजाइन मेरे सामने रखा गया था। मैंने वडोदरा का दौरा किया है, जो दुनिया की पहली पॉड–कार परियोजना की मेजबानी करने को तैयार है।

## अमृत भारत योजना के तहत पीरपैंती रेलवे स्टेशन का हुआ कायाकल्प

**विशेष संवाददाता | कोलकाता**

भारतीय रेलवे की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हाल ही में बिहार के भागलपुर जिले में स्थित पीरपैंती रेलवे स्टेशन में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। एनएसजी-5 श्रेणी में वर्गीकृत पीर पैंती स्टेशन, पूर्व रेलवे क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, जहां यात्रियों की बढ़ती माँगों को पूरा करने के लिए आधुनिक बुनियादी ढाँचे को अपग्रेड करना ज़रूरी था। पुनर्विकास की प्रमुख विशेषताएं अमृत भारत स्टेशन योजना के पहले चरण के अंतर्गत, पीरपैंती स्टेशन के लिए 18.93 करोड़ के पुनर्विकास कार्यों को मंजूरी दी गई है। इस व्यापक कार्य योजना में सिविल, इलेक्ट्रिकल, सिग्नलिंग और दूरसंचार (एस एंड टी), साइनेज, लिफ्टों की स्थापना और रूफ प्लाजा के साथ 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का विकास शामिल है। इसके अतिरिक्त, स्टेशन की कार्यक्षमता और दृश्य सौंदर्य को बढ़ाने के लिए अलग-अलग आगमन और प्रस्थान ब्लॉक, पैदल यात्री मार्ग, आकर्षक मूर्तियां, मानक आंतरिक सज्जा और सौंदर्यपूर्ण प्रकाश व्यवस्था के साथ एक आधुनिक अग्रभाग(फसाड) को भी शामिल किया गया है। **पुनर्विकास के तहत निम्नलिखित प्रमुख सुविधाएं प्रदान की गई हैं :**

सौंदर्यपूर्ण प्रकाश व्यवस्था के साथ एक आधुनिक अग्रभाग का निर्माण।









प्रथम श्रेणी और द्वितीय श्रेणी के प्रतीक्षालय, एक आरक्षित लाउंज, एक कार्यकारी लाउंज और एक महिला प्रतीक्षालय का विकास। कंकोर्स क्षेत्र और आगमन खंड का पूर्ण निर्माण। यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए परिसंचारी क्षेत्र का विकास। गतिशील यात्री सूचना के लिए बड़े आकार की इनडोर और आउटडोर वीडियो दीवारों की स्थापना। स्टेशन नेविगेशन को सुव्यवस्थित करने के लिए व्यापक साइनेज का कार्यान्वयन। सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए दिव्यांगजन-अनुरूप बुनियादी ढाँचे का प्रावधान। स्टेशन का डिज़ाइन और इंटीरियर स्थानीय कला और आस-पास के ऐतिहासिक स्मारकों से प्रेरित है, जो आधुनिक वास्तुकला को क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत के साथ जोड़ता है। यह मिश्रण पीरपैंती स्टेशन को एक अलग पहचान प्रदान करता है, जो बिहार की समृद्ध परंपराओं को दर्शाता है। पीरपैंती रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए आधुनिक बुनियादी ढांचे के माध्यम से यात्री अनुभव को बढ़ाने के लिए भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

## आगरा-ग्वालियर हाईवे पर 2 ट्रकों की टक्कर के बाद लगी आग, एक का ड्राइवर जिंदा जला



**आगरा, एजेंसी।** आगरा-ग्वालियर हाईवे पर दो ट्रकों की भिड़ंत के बाद लगी आग में एक ट्रक का ड्राइवर जिंदा जल गया। यह हादसा, आगरा के सैंया थाना क्षेत्र में हुआ है। एक ट्रक आगरा से धौलपुर की ओर जा रहा था। उसकी दूसरे ट्रक से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद ट्रक में आग लग गई। इस दौरान एक ट्रक में ड्राइवर अंदर ही फंसा रह गया। आग में जलकर उसकी मौत हो गई।

ग्वालियर हाईवे पर हुए इस हादसे के बाद सड़क पर जाम लग गया। आग की ऊंची-ऊंची लपटें और धुएं का गुबार देख आसपास से लोग दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे। लोग, आग की भयावहता से हैरान थे। इसी बीच किसी ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दूसरे ट्रक के ड्राइवर और एक क्लीनर को सैंया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर इलाज के लिए पहुंचाया। यह हादसा, मंगलवार को भोर में करीब साढ़े 5 बजे के आसपास हुआ। जिस जगह पर ट्रकों की भिड़ंत हुई वो सैंया थाना क्षेत्र के बीरई गांव के पास है। मिली जानकारी के अनुसार आगरा की ओर से आ रहे ट्रक में परचून का सामान लदा था। जबकि दूसरे ट्रक में हार्डवेयर का सामान लोड था।

हादसे के बाद ट्रक में आग लग गई और एक ट्रक के ड्राइवर को बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला। वह आग की लपटों के बीच घिर गया। ट्रक के अंदर ही वह आग की चपेट में आ गया। ड्राइवर की ट्रक के अंदर जलकर दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने परचून के सामान से लोड ट्रक से ड्राइवर और क्लीनिर को बाहर निकाला। उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जिस ट्रक पर हार्डवेयर लोड था उसका ड्राइवर अंदर ही फंसा रह गया। आग से जलकर उसकी मौत हो गई। आग बुझाए जाने के बाद पुलिस ने उसके शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

## संस्कृत को जन-जन तक पहुंचाने का लिया गया संकल्प

» **विशिष्ट अतिथि डॉ बलदेवानन्द सागर जी ने अपने वक्तव्य में सभी को बताया की संस्कृत भाषा कितनी वैज्ञानिक तथा महान है।**

**विशेष संवाददाता | गुरुग्राम (हरियाणा)**

एमिटी विश्वविद्यालय गुरुग्राम हरियाणा द्वारा दो महीने संस्कृत सम्भाषण शिविर का समापन समारोह आनलाईन आयोजित किया गया। यह संस्कृत सम्भाषण शिविर 16 मार्च 2025 से प्रारम्भ हुआ था और इसका समापन समारोह दिनांक 20 मई 2025 को हुआ। समापन समारोह के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रपति पुरस्कार तथा पद्मश्री पुरस्कार से पुरस्कृत एवं डीडी न्यूज संस्कृत वार्ता के मुख्य प्रवाचक डॉ बलदेवानन्द सागर थे तथा मुख्य अतिथि के रूप में डॉ प्रमोद शास्त्री, प्रान्त मंत्री, संस्कृत भारती, हरियाणा प्रान्त तथा संस्कृत प्रवक्ता हरियाणा सरकार रहे। इस सम्भाषण शिविर में मुख्य शिक्षक के रूप में डॉ मुकेश कुमार ओझा, अध्यक्ष विहार संस्कृत संजीवन समाज तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के रूप में थे। जिन्होंने दो महीने तक विद्यार्थीयों एवं शिक्षकों को संस्कृत सम्भाषण करना सिखाया। इस समापन समारोह के अवसर पर एमिटी स्कूल आफ लिब्रल आर्ट्स, एमिटी विश्वविद्यालय गुरुग्राम हरियाणा के निदेशक प्रो. डॉ. संजय झा ने अतिथियों एवं आगंतुकों का स्वागत करते हुए संस्कृत भाषा के महत्व तथा इस शिविर के उपयोगिता के बारे में भी सभी को अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि डॉ बलदेवानन्द सागर जी ने अपने वक्तव्य में सभी को बताया की संस्कृत भाषा कितनी वैज्ञानिक तथा महान है। उन्होंने कहा कि संस्कृत है तभी हमारी भारतीय संस्कृति भी रहेगी इसी भारतीय संस्कृति द्वारा हमारी पहचान सम्पूर्ण विश्व में है। अतः इस देव भाषा को जन जन तक पहुंचाने का यत्न करना चाहिए। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ प्रमोद शास्त्री जी ने कहा कि संस्कृत भाषा बहुत सरल और सुलभ भाषा है। संस्कृत भाषा को हमें अपने दैनिक जीवन में उतारना चाहिए तथा अपने जीवन में उसे धारण भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आगामी समय में सम्पूर्ण देश में जनगणना प्रारम्भ होने वाली है अतः आप सभी जनगणना फार्म में अपनी मातृभाषा संस्कृत ही लिखें। सम्भाषण शिविर के मुख्य शिक्षक डॉ मुकेश कुमार ओझा जी ने इस शिविर के पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस सम्पूर्ण शिविर में प्रतिदिन लगभग 30 छात्र एवं शिक्षक संस्कृत सम्भाषण सीखने आते थे तथा सभी इस शिविर से लाभान्वित भी हुए। समापन समारोह के अन्त में डॉ ओझा जी ने छात्रों के मध्य संस्कृत प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया। इस सम्पूर्ण शिविर में संचालक के रूप में डॉ अखिलेश त्रिपाठी की मुख्य भूमिका रही।

## भारत-पाक संघर्ष के दौरान नहीं दिखा परमाणु हमले का सिग्नल

### विदेश सचिव ने खारिज किया ट्रंप का दावा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने सोमवार को संसदीय समिति को बताया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में खत्म हुआ संघर्ष पारंपरिक तरीके तक ही सीमित रहा और पड़ोसी देश की ओर से परमाणु हमले के कोई संकेत नहीं दिए गए थे। सूत्रों ने बताया है कि विक्रम मिस्त्री ने सरकार के इस रुख को भी दोहराया है कि सैन्य कार्रवाई रोकने का फैसला द्विपक्षीय स्तर पर लिया गया था। इसके साथ ही विक्रम मिस्त्री ने संघर्ष रोकने में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा गए दावों को भी खारिज किया है।

बता दें कि इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप कई बार यह कह चुके हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता कर इस संघर्ष को खत्म करवाया। ट्रंप के यह दावा भी किया है कि अगर वह भारत-पाक के बीच समझौता नहीं करवाते तो यह संघर्ष परमाणु युद्ध में बदल सकता था। इसे लेकर संसदीय दल में मौजूद कुछ विपक्षी सांसदों ने सवाल भी उठाए। हालांकि भारत ने यह स्पष्ट किया है कि दोनों देशों के बीच हुई सीधी बातचीत के बाद ही सीजफायर पर निर्णय लिया गया।

**दोनों देशों के बीच हुई थी सीधी बात**

विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने सोमवार को संसदीय पैनल को ऑपरेशन सिंदूर पर जानकारी देते हुए दोहराया कि संघर्ष विराम पर पहुंचने का निर्णय द्विपक्षीय स्तर पर लिया गया था। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच छ्तस्छ्र स्तर पर हुई बातचीत के बाद 10 मई को सभी सैन्य कार्रवाइयों को रोकने पर सहमति बनी थी।

**चीनी हथियारों पर क्या बोले?**

कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता में विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति की इस बैठक में ञ्रस्ष्ट के अभिषेक बनर्जी, कांग्रेस के राजीव शुक्ला और दीपेंद्र हुड्डा,ृ ढ्डस्ढ्डरू प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और भाजपा की अपराजिता सारंगी और अरुण गोविल सहित कई सांसदों ने हिस्सा लिया। विदेश सचिव ने इस दौरान यह भी कहा कि हमले के दौरान पाकिस्तान ने चीनी हथियारों का इस्तेमाल किया या नहीं किया यह महत्वपूर्ण नहीं है। विक्रम मिस्त्री ने कहा कि इससे ज्यादा अहम यह है कि सशस्त्र बलों ने भारत के सैन्य ठिकानों और नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों का करारा जवाब दिया है।

## राउत को शरद पवार की नसीहत- आतंकवाद के खिलाफ केंद्र के अभियान में लोकल पॉलिटिक्स न घसीटें

**पुणे, एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (स्क्क) के अध्यक्ष शरद पवार ने सोमवार को शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद और नेता संजय राउत को एक तरह से आड़े हाथों लेते हुए उन्हें भारत के वैश्विक संपर्क प्रयासों में 'स्थानीय स्तर की राजनीति' नहीं लाने की सलाह दी है। पवार ने ऑपरेशन सिंदूर के सिलसिले में विदेश भेजे गए भारतीय सांसदों के राजनयिक प्रतिनिधिमंडल के बारे में शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत की टिप्पणी की आलोचना की है। दरअशल, संजय राउत ने एक दिन पहले विभिन्न देशों में प्रतिनिधिमंडल भेजने के केंद्र के कदम का बहिष्कार करने का आह्वान किया था।

पवार ने याद दिलाया कि वह पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव द्वारा भाजपा नेता अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र में भेजे गए प्रतिनिधिमंडल के सदस्य थे। पूर्व रक्षा मंत्री ने बारामती में संवाददाताओं से कहा, ''जब अंतरराष्ट्रीय मुद्दे सामने आते हैं तो पार्टी स्तर की राजनीति नहीं करनी चाहिए। आज केंद्र ने कुछ प्रतिनिधिमंडल गठित किए हैं और उन्हें कुछ देशों में जाकर पहलगाम हमले पर भारत के रुख और उसके बाद पाकिस्तान की ओर से की गई गतिविधियों के बारे में जानकारी देने का काम सौंपा गया है।

### संजय राउत ने बहिष्कार का किया था आह्वान

राउत ने रविवार को कहा था कि विपक्षी गुट 'इंडिया' के घटक दलों को विभिन्न देशों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने के केंद्र सरकार के कदम का बहिष्कार करना चाहिए। राउत ने दावा किया कि वे सरकार के 'पापों और अपराधों' का बचाव करेंगे। पवार ने कहा कि राउत को अपनी राय रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा, ''लेकिन उनकी पार्टी (शिवसेना–उबाठा) का एक सदस्य प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा है। मुझे लगता है कि स्थानीय स्तर की राजनीति को इस मुद्दे में नहीं लाया जाना चाहिए।''

### प्रतिनिधिमंडल में शिवसेना और एनसीपी की भी एक-एक सांसद

महाराष्ट्र में विपक्षी दल महा विकास आघाडी (एमवीए) में शिवसेना (उबाठा), कांग्रेस और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) शामिल हैं। राकांपा (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष और बारामती से सांसद सुप्रिया सुले ऐसे एक प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं जिसमें उनके साथ शिवसेना (उबाठा) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी भी हैं।

### IPL 2025 का 63वां मैच फाइनल से नहीं होगा कम

# दिल्ली-मुंबई के बीच महामुकाबला आज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग(आईपीएल) 2025 का 63वां मैच किसी फाइनल से कम नहीं होने वाला है। इस मैच का परिणाम तय करेगा कि कौन सी टीम प्लेऑफ की रेस में आगे जाएगी। दरअसल, आईपीएल 2025 में आरसीबी, गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स पहले ही प्लेऑफ की रेस पार कर चुकी हैं।

चौथी टीम कौन सी होगी, इसका फैसला अभी तक नहीं हो पाया है। चौथी टीम बनने के लिए बुधवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच महामुकाबला होना है। इस मैच में अगर दिल्ली कैपिटल्स मुंबई को घर पर हरा देती है, तो उसकी उम्मीद प्लेऑफ में जाने की बरकरार रहेगी। लेकिन, अगर मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स पर जीत हासिल की, तो दिल्ली कैपिटल्स का प्लेऑफ में जाने का सपना टूट जाएगा। आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स ने 12 मैचों में 6 जीत के साथ 13 अंक अर्जित किए हैं। उसे प्लेऑफ में जाने के लिए बाकी दोनों मैचों में जीत हासिल करनी होगी। वहीं, मुंबई इंडियंस के पास 12 मैचों में 14 अंक हैं।




अगर मुंबई दिल्ली के सामने मैच हार भी जाती है, तो उसके पास 16 अंकों तक पहुंचने के लिए एक और मौका होगा। लेकिन, दिल्ली को हर हाल में मुंबई के सामने जीत चाहिए होगी। दिल्ली जहां मुंबई के सामने हर हाल में जीत सुनिश्चित करना चाहेगी, वहीं मुंबई अपने बाकी दोनों मैचों को जीतकर अच्छे नेट रन रेट की मदद से टूर्नामेंट में खुद को टॉप-2 में खत्म करना चाहेगी।

आईपीएल में इस सीजन में लखनऊ सुपर जायंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद, कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं। गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स प्लेऑफ में जाने वाली पहली तीन टीम बनी हैं। बता दें कि मुंबई इंडियंस के लिए पूर्व कप्तान रोहित शर्मा, कप्तान हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव पर मुंबई फैंस की नजर रहने वाली है। क्योंकि, इन तीनों खिलाड़ियों पर मुंबई इंडियंस की टीम काफी हद तक निर्भर रहती है।

सूर्यकुमार यादव का रिकॉर्ड भी वानखेड़े में काफी अच्छा है। वानखेड़े में एक हाई स्कोरिंग मैच की उम्मीद की जा रही है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल, कप्तान अक्षर पटेल और कुलदीप यादव के प्रदर्शन पर दिल्ली के फैंस की उम्मीदें होंगी।

## पंत पर चोपड़ा का बड़ा बयान, टी20 टीम में जगह बनाने के लिए गंवा दिया महत्वपूर्ण अवसर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि ऋषभ पंत को टी20 क्रिकेट में अपने दृष्टिकोण का पुनर्मूल्यांकन करने की आवश्यकता है क्योंकि उन्होंने आईपीएल के दुःस्वप्न सत्र में भारत के टी20 सेट-अप में जगह बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर गंवा दिया। भारत की टी20 टीम में नियमित रूप से शामिल नहीं होने वाले पंत से इस सत्र में अपनी छाप छोड़ने की उम्मीद थी। हालांकि लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ने 27 करोड़ रुपए की भारी भरकम कीमत में खरीदे जाने के बाद 12 मैचों में केवल 135 रन बनाए। एलएसजी सोमवार रात सनराइजर्स हैदराबाद से हार के बाद प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। चोपड़ा ने कहा, सफलता आपको कुछ चीजें सिखा सकती है। हालांकि असफलताएं वास्तव में आपकी मानसिकता को बदल देती हैं और अक्सर अच्छे के लिए। वह भारतीय टी20 टीम में नियमित नहीं है, इसलिए यह सीजन महत्वपूर्ण था। अपनी छाप छोड़ने और एक मजबूत इकाई बनाने का मौका। यह उस तरह नहीं हुआ। उनका खुद का फॉर्म असंगत रहा है, अपने आप में एक और सबक। पूर्व क्रिकेटर ने कहा, क्या वह टी20 में इसी दृष्टिकोण पर टिके रहते हैं या अनुकूलन करते हैं? जब आप खराब दौर से गुजरते हैं, तो ऐसा लगता है कि कुछ भी काम नहीं करता। रातें लंबी लगती हैं, दिन और भी लंबे। तब आप सीखते हैं और वापसी करते हैं। यह एक बुरा सपना रहा है। बुरे सपनों के बारे में अच्छी बात यह है कि आप अंततः जाग जाते हैं।

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने चोपड़ा के विचार को दोहराते हुए कहा कि पंत अनिश्चित दिखे और उन्हें फॉर्म हासिल करने के लिए अपने दृष्टिकोण पर फिर से विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा, एलएसजी उन पर निर्भर थी, खासकर मध्य क्रम में। मार्श को छोड़कर, कोई भी वास्तव में रन नहीं बना सका। पंत शुरू से ही अनिश्चित दिखे और इस सीजन में कभी भी वास्तव में नहीं चल पाए। यह खिलाड़ी के खराब फॉर्म का संकेत है।

## गुजरात - दीव के घोघला ब्लू फ्लैग बीच पर बीच गेम्स 2025 का हुआ शुभारंभ

**दीव, एजेंसी।** केंद्र शासित प्रदेश दादर एवं नागर हवेली और दमन एवं दीव में दीव के खूबसूरत घोघला ब्ल्यू फ्लैग बीच पर सोमवार को राष्ट्रीय बीच गेम्स 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। इस आयोजन में देशभर से 1,000 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जो विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। समुद्र तट की प्राकृतिक सुंदरता और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच शुरू हुए इस समारोह में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और दीव-दमन के प्रशासक प्रफुल्ल पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। क

ई राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी इस अवसर पर मौजूद थे, जिन्होंने आयोजन को और गौरवशाली बनाया। इस बीच गेम्स में कबड्डी, रस्साकशी, बीच वॉलीबॉल, बीच फुटबॉल, बीच बॉक्सिंग सहित कई रोमांचक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य देश में बीच स्पोर्ट्स को बढ़ावा देना और युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित



करना है। मनसुख मांडविया ने कहा, बीच गेम्स न केवल खेलों को बढ़ावा देने का एक मंच है, बल्कि यह देश के तटीय क्षेत्रों की सुंदरता को भी दुनिया के सामने लाता है। दीव जैसे खूबसूरत स्थान पर इस तरह के आयोजन से पर्यटन और खेल दोनों को बढ़ावा मिलेगा।

केंद्रीय खेल मंत्री ने आईएएनएस से बात करते हुए अरब सागर के तट पर दीव में आयोजित खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 के शुभारंभ पर उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में देश भर से 1,350 से अधिक एथलीट विभिन्न खेल विधाओं में भाग ले रहे हैं। यह दूसरा अवसर है जब खेलो इंडिया बीच गेम्स का आयोजन किया जा रहा है और दीव को इसके लिए एक आदर्श गंतव्य बताया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता के तहत दीव को भविष्य में भी बीच गेम्स के आयोजन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसका उद्देश्य दीव को न केवल एक पर्यटन स्थल, बल्कि स्पोर्ट्स टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना है। अगले छह दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में भाग लेने वाले सभी एथलीटों को शुभकामनाएं। यह नया भारत केवल सपने नहीं दिखाता, बल्कि उन सपनों को साकार करने का अवसर भी प्रदान करता है। खेलो इंडिया बीच गेम्स जैसे आयोजन देश के युवा एथलीटों को अपनी प्रतिभा को दिखाने, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और भारत का नाम रोशन करने का मंच प्रदान करते हैं।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर जोगिंदर शर्मा ने दीव में आयोजित खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 के दौरान युवाओं के उत्साह की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि युवाओं का यह जोश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो युवाओं को कड़ी मेहनत के साथ अंतर्राष्ट्रीय मंच पर देश का झंडा बुलंद करने के लिए प्रेरित करता है। हमारे युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का झंडा ऊंचा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

## यूएई ने रिकॉर्ड 206 रन चेज करके बांग्लादेश को हराया

- **मोहम्मद वसीम ने 42 गेंदों पर 82 रन बनाए; सीरीज 1-1 की बराबरी पर**

**यूएई, एजेंसी।** यूएई ने बांग्लादेश के खिलाफ शारजाह में खेले गए टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में 2 विकेट से जीत हासिल की। इसके साथ ही तीन टी-20 मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी भी कर ली है। पहला टी-20 मैच बांग्लादेश ने 27 रन से जीता था। यूएई




की यह बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 में पहली जीत है। इस जीत के लिए यूएई ने 206 रन का बड़ा टारगेट चेज किया। टी×20 में यह यूएई का सबसे बड़ा रनचेज है।

यूएई ने टॉस जीतकर चुनी थी गेंदबाजी यूएई के कप्तान मुहम्मद वसीम ने बांग्लादेश के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। बांग्लादेश ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 205 रन बना डाले। बांग्लादेश की शुरुआत काफी बेहतरीन रही। पहले विकेट के लिए ओपनर तजिंद हसन और लिटन दास के बीच 55 गेंदों पर 90 रन की साझेदारी हुई। साबिर खान ने तंजिद हसन को आउट का पार्टनरशिप तोड़ी। बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा तंजिद हसन ने 33 गेंदों पर 59 रन बनाए। कैप्टन लिटन दास ने 32 गेदों पर 40 रन बनाए, जबकि तौहीद हृदोय ने 24 गेंदों पर 45 रन बनाए। वहीं यूएई के लिए सबसे ज्यादा 3 विकेट मुहम्मद जवाद उल्लाह ने लिए।

मोहम्मद वसीम ने यूएई के लिए बनाए 82 रन 205 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी यूएई को कप्तान मोहम्मद वसीम और मोहम्मद जोहब ने अच्छी शुरुआत दी। दोनों के बीच 63 गेंदों पर पहले विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी हुई। मोहम्मद जोहब ने 34 गेंदों पर 38 रन बना कर आउट हो गए।

## आईपीएलः हर्षल पटेल ने बुमराह-मलिंगा को भी छोड़ा पीछे, 150 विकेट चटकाकर बनाया ये खास रिकॉर्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) का 61वां मैच आज सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ के बीच खेला गया. इस मैच में हैदराबाद ने लखनऊ को 6 विकेट से मात दी और लखनऊ की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को भी चकनाचूर कर दिया. इस मैच में एसआरएच के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने आईपीएल इतिहास में सबसे तेज़ 150 विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है.

उन्होंने इस उपलब्धि के साथ लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़ दिया है. हर्षल पटेल ने यह उपलब्धि मैच के 16वें ओवर में हासिल की, जब उन्होंने एडन मार्करम को 61 (38 गेंदों) पर क्लीन बोल्ड किया. इस विकेट के साथ उन्होंने आईपीएल में 2381 गेंदों में 150 विकेट पूरे किए. उन्होंने लसिथ मलिंगा (2444 गेंदें) और युजवेंद्र चहल (2543 गेंदें) जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ते हुए रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया. हर्षल इस सीजन में अब तक 11 पारियों में 15 विकेट लेकर संयुक्त रूप से 5वें सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं. उनका औसत 24.26 है और उन्होंने दो बार चार विकेट लिए हैं.

### 150 आईपीएल विकेट सबसे कम गेंदों में

1.2381 गेंदें – हर्षल पटेल
2.2444 गेंदें – लसिथ मलिंगा
3.2543 गेंदें – युजवेंद्र चहल
4.2656 गेंदें – ड्वेन ब्रावो
5.2832 गेंदें – जसप्रीत बुमराह

बता दें कि हर्षल पटेल दो बार पर्पल कैप जीत चुके हैं. 2021 में आरसीबी के लिए खेलते हुए 32 विकेट लिए और 2024 में पीबीकेएस के लिए उन्होंने 24 विकेट लिए थे.

## उदयपुर डिविजन चेंबर ऑफ कॉमर्स का क्रिकेट महाकुंभ 24 मई से, 52 टीमों के बीच होगा मुकाबला

### क्रिकेटर अजय जडेजा करेंगे शुभारंभ

**उदयपुर, एजेंसी।** चेंबर ऑफ़ कॉमर्स उदयपुर डिवीजन द्वारा पहली बार शहर में एक भव्य रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 24 मई से 31 मई 2024 तक फील्ड क्लब मैदान पर होगा, जिसमें उदयपुर के विभिन्न व्यापारिक एसोसिएशनों की 52 टीमें भाग लेंगी। इस ऐतिहासिक आयोजन का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर अजय जाडेजा, चितौड़गढ़ सांसद सी.पी. जोशी, लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ द्वारा किया जाएगा। चेंबर अध्यक्ष पारस सिंघवी ने बताया कि उदयपुर में पहली बार चैंबर में रजिस्टर विभिन्न व्यापारिक संगठनों की सामूहिक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु सर्वसम्मति से संजय भंडारी को संयोजक नियुक्त किया है। सिंघवी ने बताया कि प्रतियोगिता 24 मई से प्रारंभ होकर 31 मई तक आयोजित की जाएगी। इस आयोजन के लिए गठित कोर कमेटी में पारस सिंघवी, राजमल जैन, हिम्मत बडाला, संजय भंडारी, अशोक काबरा, कैलाश सोनी, देवनारायण धायभाई, राकेश जैन, हरीश चावला, अजय पोरवाल, भंवरलाल सुहालका, बृजलाल सोनी, हिमांशु गुप्ता, जगदीश मेनारिया, नितिन सेठ मनोज जैन, जयेश चंपावत को सम्मिलित किया गया है। अजय जाडेजा, सी पी जोशी, राजपरिवार सदस्य लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ करेंगे शुभारंभ। क्रिकेट प्रतियोगिता संयोजक संजय




भंडारी ने बताया कि प्रतियोगिता के शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर अजय जाडेजा, चितौड़गढ़ सांसद सी.पी. जोशी, लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ द्वारा किया जाएगा इस दौरान राज्य सभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, उदयपुर सांसद मन्ना लाला रावत, उदयपुर ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़, कांग्रेस जिलाध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ भी उपस्थित रहेंगे। पूर्व क्रिकेटर अजय जाड़ेजा को चेंबर अध्यक्ष पारस सिंघवी द्वारा विशेष निमंत्रण भेजा गया जिसको स्वीकार कर उन्होंने इस महाकुंभ के शुभारंभ हेतु अपनी अनुमति प्रदान की है। अजय जाडेजा अपने समय के प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर रहे हैं।

आपसी संबंध स्थापित करेगा यह आयोजन।

प्रचार प्रसार मंत्री राकेश जैन ने बताया कि चेंबर से संबंधित व्यापार मंडल के सदस्य ही इसमें खेल पाएंगे, यह आयोजन शुद्ध रूप से व्यापारिक समारोह है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में दर्शक मैच का आनंद लेंगे। यह आयोजन उदयपुर में व्यापारिक संगठनों के बीच नए संबंध की इमारत स्थापित करेगा। उद्घाटन एवं समापन पर चेंबर पूरी कार्यकारिणी एवं उदयपुर का संपूर्ण व्यापार जगत की उपस्थिति रहेगी। अभी तक 52 व्यापार मंडलों की क्रिकेट टीमों की स्वीकृति सफल आ चुकी है।

**नियमों की कठोरता से होंगी पालन**

प्रतियोगिता सहसंयोजक कैलाश सोनी एवं अशोक काबरा ने बताया कि प्रतियोगिता को सफल एवं निर्विवाद बनाने के लिए सामूहिक रूप से नियम एवं शर्तें तय की गई है नियमों के विपरीत किसी भी प्रकार से कोई भी निर्णय नहीं लिया जाएगा एव सभी संगठनों को नियमों की पालना करनी होगी।

## दिग्वेश-अभिषेक पर गिरी गाज, एक पर बैन तो दूसरे पर भारी जुर्माना, चलते मैच में हाथापाई करने चले थे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिनर दिग्वेश राठी और सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को सोमवार को आईपीएल 2025 के मैच के दौरान हुई तीखी नोकझोंक के लिए सजा मिली है। दोनों खिलाड़ियों के बीच नोकझोंक इस कदर बढ़ गई थी कि हाथापाई तक पहुंच गए थे। लेकिन साथी खिलाड़ी बीच बचाव में आ गए और स्थिति संभल गई। आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए दिग्वेश पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह इस सीजन में अनुच्छेद 2.5 के तहत स्ग्त्त स्पिनर का तीसरा लेवल 1 अपराध था और इसलिए उनके दो डिमिट पॉइंट मिले जिसके परिणामस्वरूप उन पर एक मैच का बैन लग गया।

लखनऊ सुपर जायंट्स (स्ग्त्त) के गेंदबाज दिग्वेश सिंह पर सोमवार को एकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह इस सीजन में अनुच्छेद 2.5 के तहत उनका तीसरा लेवल 1 अपराध था और इसलिए उन्हें दो डिमेरिट अंक मिले हैं, इसके अलावा उन्होंने पहले तीन डिमेरिट अंक जमा किए थे 01 अप्रैल 2025 को पंजाब किंग्स के खिलाफ एक डिमेरिट अंक और 04 अप्रैल 2025 को मुंबई इंडियंस के खिलाफ दो डिमेरिट अंक। चूंकि अब उनके पास इस सीजन में पांच डिमेरिट अंक हैं जिसके परिणामस्वरूप एक गेम का निलंबन बनता है, दिग्वेश अब स्ग्त्त के 22 मई 2025 को अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ होने वाले मैच के लिए निलंबित रहेंगे। इस बीच, एसआरएच के बल्लेबाज पर मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और एक डिमेरिट अंक दिया गया है, बयान में कहा गया, सनराइजर्स हैदराबाद के ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा पर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

## 11 साल तक प्लेऑफ नहीं खेलने वाली पंजाब किंग्स के लिए वरदान बना कोच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण महौल के बीच आस्ट्रेलिया के दिग्गज पूर्व कप्तान और पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पॉन्टिंग ने एक ऐसा फैसला लिया जिसको सुनकर सबको आश्चर्य होगा। जिस समय भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात हो गए थे उस समय सभी खिलाड़ी अपने देश जाने के लिए घबराए हुए थे इसी बीच रिकी रिकी पॉन्टिंग ने भी अपनी प्लाइट में बैठ गए थे। तभी एक खबर आई कि सीज फायर हो गया है। इस खबर को सुनते ही उन्होंने आखिरी क्षणों में विमान से उतरने का फैसला किया। इस साहसिक कदम ने पॉन्टिंग न सिर्फ प्रतिबद्धता को दर्शाया, बल्कि पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों में भी नई जान फूंक दी।

पिछले कुछ दिनों में भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कई विदेशी खिलाड़ी भारत छोड़कर अपने



देश लौट रहे थे। इस अनिश्चितता ने ढ्क्कके मौजूदा सीजन पर भी सवालिया निशान लगा दिए थे। कई टीमें अपने प्रमुख खिलाड़ियों के बिना अधूरी हो रही थीं और पंजाब किंग्स भी इस संकट से अछूती नहीं थी। लेकिन रिकी पॉन्टिंग ने अपने दम पर स्थिति को संभाला और अपने खिलाड़ियों को एकजुट रखने के लिए असाधारण नेतृत्व का परिचय दिया। पॉन्टिंग, जो दिल्ली में पंजाब किंग्स के साथ थे उन्होंने युद्धविराम की खबर सुनते ही अपने देश लौटने का विचार त्याग दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने तुरंत अपने खिलाड़ियों से संपर्क किया और उन्हें वापस भारत लौटने के लिए प्रेरित किया। उनके इस फैसले ने न केवल टीम का मनोबल बढ़ाया, बल्कि पंजाब किंग्स को एक बार फिर पूर्ण ताकत के साथ मैदान पर उतरने का मौका दिया।

### नवजोत सिंह सिद्धू की भविष्यवाणी बताया

## कौन जीतेगा आईपीएल 2025 का खिताब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग सीजन 18 के प्लेऑफ के लिए 3 टीमें कन्फर्म हो चुकी है. इनमें गुजरात टाइटंस ही है, जिसने आईपीएल खिताब जीता हुआ है. जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स ने अभी तक खिताब नहीं जीता है.



चौथे स्पॉट के लिए दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच लड़ाई है. अब दिग्गज भविष्यवाणी करने लगे हैं कि इस बार आईपीएल कौन जीतेगा? भारत के पूर्व क्रिकेटर और वर्तमान में आईपीएल 2025 में कमेंटरी कर रहे नवजोत सिंह सिद्धू ने भविष्यवाणी करते हुए बताया है कि आईपीएल 2025 का टाइटल कौन जीतेगा. उन्होंने श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स की तारीफ़ करते हुए उन्हें खिताब का प्रबल दावेदार बताया. नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि श्रेयस अय्यर और रिकी पोंटिंग की इस टीम ने वो कर के दिखा दिया जिसकी किसी को उनसे उम्मीद नहीं थी. उनका मानना है कि इस टीम को कम आंका जा रहा था लेकिन उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया. उन्होंने कहा, टीम में वही प्लेयर्स हैं, प्रभसिमरन सिंह, अर्शदीप सिंह, नेहाल वढेरा. प्रियांश आर्य तो अभी लीग से आ रहा है.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## न्यूज बाइट्स

### सड़क दुर्घटना में दो घायल, रेफर

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड के खैरी मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में कर्मी गांव निवासी 40 वर्षीय धर्मा कुमार एवं कोच प्रखंड के सीता बिगहा निवासी डॉ तपेश्वर कुमार दोनों बाइक से गिरकर घायल हो गए। घायल के साथ मे आये परिजन ने बताया कि तिवारी बिगहा से तिनेरी मोड़ जाने के क्रम में चार पहिया वाहन व बाइक की टक्कर हो गई। बाइक पर सवार दोनों गिर कर घायल हो गए। दोनों को 112 डायल के पुलिस ने आनन- फानन में रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टर संतोष कुमार ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर किया।

### कॉलेजों में लॉटरी से प्राचार्यों की तैनाती पर हाईकोर्ट की रोक

**पटना (नि.सं.)।** पटना हाई कोर्ट ने बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग की ओर से चयनित प्राचार्यों की लॉटरी से कॉलेजों में तैनाती के कुलाधिपति सचिवालय के 16 मई के आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट इस मामले पर अगली सुनवाई जुलाई में करेगा। इस बीच जवाबी हलफनामा दायर करने के भी आदेश दिए गए हैं। राजभवन की अधिसूचना को प्रोफेसर सुहेली उर्फ सुहेली मेहता एवं अन्य ने अर्जी दायर कर चुनौती दी। आवेदकों की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ प्रसाद ने पक्ष रखते हुए ग्रीष्मकालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश कुमार वर्मा को बताया कि कॉलेज में स्थानीय प्राचार्य की तैनाती लॉटरी से किए जाने की अधिसूचना जारी की गई है। विश्वविद्यालय कानून को नजरअंदाज कर ऐसा किया जा रहा है। वहीं कुलाधिपति के अधिवक्त राजीव रंजन कुमार पाण्डेय ने अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि प्राचार्यों की तैनाती कानून के तहत की जा रही है। तैनाती में पूरी पारदर्शिता रहे इसलिए यह नीति अपनाई गई है। कोर्ट ने कुलाधिपति सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। साथ ही कहा कि अगर कुलाधिपति चाहे तो अधिसूचना में सुधार कर पुनः नये सिरे से कानून के तहत प्राचार्यों की तैनाती की अधिसूचना जारी कर सकते हैं।

### बिहार के विकास को रोकना चाह रहा राजद : सुमन

**पटना (नि.सं.)।** हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा कि अपराध पर गलतबयानी कर राजद बिहार के विकास को रोकना चाहता है। बीते 24 वर्षों में बिहार में हत्या की दर घट कर आधी रह गई है। फिर भी राजद हाय तौबा मचा कर बिहार की जनता को डराना व उनमें दहशत पैदा करना चाहता है। उसे बिहार का चतुर्दिक विकास पच नहीं रहा। श्री सुमन ने कहा कि 2001 में प्रति लाख आबादी पर हत्या की दर 4.4 के मुकाबले 2024 में यह घटकर 2.1 हो गयी है। देश के 20 से अधिक राज्यों में क्राइम का ग्राफ बिहार से ज्यादा है। कोरोना काल के वर्ष 2021 को छोड़ दें तो पिछले छह वर्षों में हत्या के मामलों में उल्लेखनीय कमी आयी है।

### तीन नक्सली और तीन वांछित समेत 10 गिरफ्तार

**पटना (नि.सं.)।** बिहार एसटीएफ ने तीन नक्सली और तीन जिलों के टॉप 10 अपराधियों समेत 10 को गिरफ्तार किया है। बिहार पुलिस के मुताबिक एसटीएफ ने नवादा जिले के वांछित नक्सली लालबाबू यादव को कल्पा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। उस पर सिरदला थाने के निर्माणाधीन खरौंध रेलवे पुल को जलाने तथा पुलिस बल पर फायरिंग का आरोप है। वहीं, गया के वांछित नक्सली राम खेलावन उर्फ खिलावन यादव की इमामगंज थाना क्षेत्र से गिरफ्तारी हुई है। उस पर जिले के कई थानों में कई नक्सल कांड दर्ज हैं। साथ ही औरंगाबाद के वांछित नक्सली शिव कुमार को मदनपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। वहीं, एसटीएफ ने पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) के 20 हजार के इनामी विजय कुमार उर्फ विजय दास को उसके सहयोगी वांछित अपराधी संजय कुमार दूबे के साथ गिरफ्तार किया है। विजय दास पर पूर्वी चंपारण के कई थानों में एनडीपीएस एक्ट सहित कई कांड दर्ज हैं।

---

बिहार-झारखंड सीमा पर स्थित हरिहरगंज थाना क्षेत्र के खड़गपुर गांव का मामला

# पेड़ से गिरकर आम तोड़ रहे युवक की हुई मौत, गांव में छाया मातम

निज संवाददाता | अंबा (औरंगाबाद)

जिले के अंबा प्रखंड क्षेत्र से है, जहां बिहार-झारखंड सीमा पर स्थित हरिहरगंज थाना क्षेत्र के खड़गपुर गांव में पेड़ से गिरने की एक दर्दनाक घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान खड़गपुर गांव निवासी कामाख्या सिंह के 35 वर्षीय पुत्र धीरज कुमार सिंह के रूप में की गई है। यह हादसा मंगलवार की दोपहर का है, जब धीरज आम तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा हुआ था।

परिजनों के अनुसार, मंगलवार को पूरा परिवार बगीचे में आम तोड़ने गया हुआ था। धीरज पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा था, जबकि परिवार के अन्य सदस्य नीचे जमीन पर आम इकट्ठा कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह सीधे पेड़ से नीचे गिर गया। घटना इतनी अप्रत्याशित थी कि मौके पर चीख-पुकार मच गई।

घायल धीरज को परिजनों ने तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरगंज पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देखते हुए उसे औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने धीरज को मृत घोषित कर दिया। जैसे ही परिजनों को उसकी मौत की सूचना मिली, पूरे परिवार में कोहराम मच गया। अस्पताल में मौजूद अन्य लोगों ने किसी तरह परिजनों को ढांढस बंधाया।

धीरज का शव जब गांव पहुंचा, तो पूरे गांव में मातम छा गया। हर कोई इस असमय और दर्दनाक घटना से स्तब्ध है। गांव में शोक की लहर दौड़ गई और लोगों ने दुखी मन से धीरज को श्रद्धांजलि दी। स्थानीय प्रशासन द्वारा आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## देसी कट्टा व दो जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



**नबीनगर(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** जिले के नबीनगर प्रखंड से है, जहां नरारी कला खुर्द थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान बेनी बीघा गांव निवासी हरेंद्र कुमार सिंह उर्फ उदय राणा के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि हरेंद्र कुमार सिंह उर्फ उदय राणा किसी आपराधिक वारदात की योजना बना रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी के घर पर छापेमारी की, जहां से उसे एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि हरेंद्र कुमार सिंह पूर्व में दहेज हत्या के एक मामले में भी आरोपित रह चुका है। फिलहाल पुलिस ने बरामद हथियारों को जब्त कर लिया है और आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में लोगों ने राहत की सांस ली है। स्थानीय प्रशासन ने इस तरह की गुप्त सूचनाओं पर सख्त कार्रवाई जारी रखने का संकेत दिया है।

## राज्य के 20.5 लाख लोगों के निःशुल्क इलाज पर एनडीए सरकार ने किए 2670 करोड़ रुपये खर्च : मंगल पांडेय

निज संवाददाता | पटना



बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समितिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से राज्य में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत नव सूचीबद्ध 68 निजी अस्पतालों का उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन पटना में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने किया। श्री पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि हर गरीब को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्राप्त हो और इसी उद्देश्य से इस योजना की शुरुआत की गई। उसी क्रम में प्रदेश में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में गरीबों व वंचितों को योजनाअंतर्गत लाभ मिल रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि 26, 27 और 28 मई 2025 को बिहार में पंचायत स्तर तक आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

श्री पांडेय ने कहा कि 2018 में शुरू हुई आयुष्मान योजना में अब तक राज्य में 1173 अस्पताल सूचीबद्ध हो चुके हैंए जिनमें 587 निजी और 586 सरकारी अस्पताल शामिल हैं। छह वर्षों में योजना ने 20.5 लाख लोगों को इलाज मुहैया कराया हैए जिसमें अब तक 2670 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। सिर्फ 2024.25 के वित्तीय वर्ष में ही राज्य के अंदर 1000 करोड़ रुपये खर्च कर गरीबों का इलाज किया गया। बिहार में अब तक 3.75 करोड़ आयुष्मान कार्ड बन चुके हैंए जिसमें से 2.8 करोड़ कार्ड केवल पिछले 14 महीनों में बने। बिहार पूरे देश में आयुष्मान कार्ड निर्माण में तीसरे स्थान पर है। मंत्री ने नए सूचीबद्ध 68 अस्पतालों से अपील की कि वे योजना के हर पहलू को समझें और अपने अस्पतालों में भी उन्मुखीकरण सत्र आयोजित करें ताकि स्टाफ योजना की बारीकियों को समझकर पारदर्शिता से सेवा कर सके।

श्री पांडेय ने कहा कि योजना के तहत पिछले 6 वर्षों में कई उपलब्धियां हासिल की गई हैं। बिहार में अबतक कुल 1.57 करोड़ परिवारों एवं 3.75 करोड़ पात्र लाभार्थी को आयुष्मान कार्ड से आच्छादित किया जा चुका है। अबतक 70 वर्ष से अधिक उम्र के कुल 2.33 लाख पात्र लभुकों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड से आच्छादित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि देश में 29 हजार सूचीबद्ध अस्पताल हैं जहां आयुष्मान कार्ड के तहत मुफ्त इलाज होता है। बिहार में अब तक 2.3 लाख पर वय वंदना कार्ड बनाया जा चुके हैं। बिहार में 1.79 करोड़ परिवार आयुष्मान योजना के लाभुक हो गए हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इस उन्मुखीकरण कार्यशाला में आए हुए सभी लोगों को इस योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। अपने संबोधन में शशांक शेखर सिन्हाए मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से सभी नागरिकों को निःशुल्कए सुलभ और गुणवत्ता.युक्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के महत्व को दोहराया।

इस अवसर पर मनोज कुमार सिंह सचिवए स्वास्थ्य विभाग बिहार सुहर्ष भगत कार्यपालक निदेशक राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार शशांक शेखर सिन्हा मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति आदित्य प्रकाशए अपर सचिव स्वास्थ्य अमिताभ सिंह स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव राजेश कुमार प्रशासी पदाधिकारी राज्य स्वास्थ्य समिति शैलेश चन्द्र दिवाकर प्रशासी पदाधिकारी बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति एवं बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के राज्य एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी सलाहकार तथा कर्मी मौजूद रहे।

## पुलिस केंद्र में पदोन्नत पुलिसकर्मियों को लगाया गया बैच

**औरंगाबाद (एसवीवी सं.)।** मंगलवार को पुलिस केंद्र, औरंगाबाद में एक गरिमामयी समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान हाल ही में पदोन्नति प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानपूर्वक बैज पहनाकर नई जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद के साथ-साथ अन्य वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में सभी पदोन्नत पुलिसकर्मियों को बैज पहनाया गया। कार्यक्रम के दौरान वरीय अधिकारियों ने उन्हें नई भूमिका में कर्तव्यों के प्रति सजग रहने और जनता की सेवा में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि पदोन्नति केवल अधिकार नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने पुलिसकर्मियों से अपेक्षा की कि वे अपने कार्यों के माध्यम से समाज और विभाग की प्रतिष्ठा बढ़ाएं। सभी पुलिसकर्मियों को उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल पुलिस सेवा के लिए शुभकामनाएं भी दी गईं। इस आयोजन से पुलिसकर्मियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ।

## घर से भागा युवक उत्तर प्रदेश के ललितपुर से सकुशल बरामद

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

जिले के रफीगंज प्रखंड अंतर्गत कासमा थाना क्षेत्र से है, जहां अपहरण के कथित मामले में गुमशुदा युवक को उत्तर प्रदेश के ललितपुर रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर लिया गया है। पुलिस की तत्परता से इस मामले में बड़ा खुलासा हुआ है कि युवक का अपहरण नहीं हुआ था, बल्कि वह मानसिक तनाव के चलते घर से खुद फरार हो गया था। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 मई को भदुकी खुर्द गांव निवासी मुमताज आलम ने अपने पुत्र के अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि 13 मई को दुकान से अज्ञात लोगों द्वारा युवक का अपहरण कर लिया गया। मामले में कांड संख्या 60/2025 के तहत जांच शुरू की गई।

इस बीच उत्तर प्रदेश के ललितपुर रेलवे स्टेशन से आरपीएफ के माध्यम से कासमा थाना को सूचना मिली कि एक युवक वहां मौजूद है जो खुद को अपहृत बता रहा है। सूचना मिलते ही कासमा थाना की पुलिस दल-बल के साथ ललितपुर पहुंची और युवक को सकुशल बरामद कर थाना ले आई।

पूछताछ के दौरान युवक ने बताया कि उसका सीमेंट, बालू और छड़ का खुद का व्यवसाय है। दुकान की एक डायरी जिसमें करीब 25 से 30 लाख रुपये का लेनदेन दर्ज था, वह कहीं खो गई थी। इस कारण घर में परिजनों से उसे डांट सुननी पड़ी, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हो गया और बिना किसी को बताए घर से भाग गया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रारंभिक जांच में अपहरण की बात निराधार निकली। युवक के बयान के आधार पर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस अब इस मामले की विधिसम्मत निष्पादन की प्रक्रिया में जुटी है। इस घटना ने यह स्पष्ट किया है कि मानसिक तनाव की स्थिति में जल्दबाजी में लगाए गए आरोप कई बार तथ्य से परे भी हो सकते हैं। पुलिस ने संयम और संवेदनशीलता के साथ मामले को सुलझाया, जिससे एक बड़ा विवाद टल गया।

## एसपी ने जनता दरबार में सुनी लोगों की शिकायतें, समाधान का दिया निर्देश



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

पुलिस अधीक्षक द्वारा आयोजित जनता दरबार में बड़ी संख्या में आमजन अपनी शिकायतों को लेकर उपस्थित हुए। दरबार में विभिन्न समस्याओं को लेकर आए लोगों की बातें पुलिस अधीक्षक ने गंभीरता और धैर्यपूर्वक सुनीं। जनता दरबार में भूमि विवाद, पारिवारिक कलह, आपराधिक घटनाएं, थानों में लंबित मामलों की जांच, तथा अन्य सामाजिक और प्रशासनिक समस्याओं से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। सभी शिकायतकर्ताओं को अपनी बात खुलकर रखने का अवसर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने हर एक फरियादी की समस्याओं को पूरी गंभीरता से लेते हुए संबंधित थाना प्रभारियों और अन्य विभागीय पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी शिकायत को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा और पारदर्शिता के साथ हर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने आमजनों से अपील की कि वे किसी भी तरह की परेशानी होने पर बेहिचक जनता दरबार में आएं, उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। जनता दरबार में विभिन्न थानों के अधिकारी भी मौजूद रहे और मौके पर ही कई मामलों का समाधान भी किया गया। इस पहल से आम नागरिकों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है और लोगों ने पुलिस अधीक्षक की संवेदनशीलता और सक्रियता की सराहना की।

## राज्यभर में 51 हजार बढ़े डाकघर में नये खाताधारी

- डाक विभाग के बिहार सर्किल के मुताबिक, राज्य के 16 जिलों में एक हजार से ज्यादा नये खाताधारी जुड़े हैं।

निज संवाददाता | पटना

डाकघर में खाता खुलवाने के लिए आम लोगों की रुचि काफी बढ़ी है। इस वित्तीय वर्ष की बात करें तो पूरा अप्रैल और 19 मई तक 51 हजार लोगों ने डाकघरों में खाता खुलवाया है। इसमें सबसे ज्यादा सीवान जिले में खाताधारी शामिल है। सीवान जिले में छह हजार के लगभग लोगों ने खाते खुलवाये हैं। वहीं पूर्वी चंपारण और दरभंगा में भी चार हजार से अधिक लोगों ने खाते खुलवाये हैं। डाक विभाग बिहार सर्किल की मानें तो इस वर्ष दो लाख 30 हजार 775 लोगों ने खाता खुलवाये हैं। वहीं एक लाख 89 हजार 653 लोगों ने अपने खाते को बंद करवाया है। इसमें 51 हजार नये खाताधारी शामिल हुए हैं। सबसे ज्यादा सुकन्या समृद्धि योजना, जीवन बीमा, ग्रामीण जीवन बीमा, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में खाताधारी की संख्या बढ़ी है। राज्य के 16 ऐसे जिले है जहां एक हजार से ज्यादा खाताधारी बढ़े हैं। इसमें सीवान में 5906, पूर्वी चंपारण में 4298, दरभंगा में 4283, भोजपुर में 3812, वैशाली में 3771, सहरसा में 2468, मधुबनी में 2154, सारण में 1969, पटना में 1783, सीतामढ़ी में 1767, रोहतास में 1684, समस्तीपुर में 1478, पश्चिम चंपारण में 1410, कटिहार में 1299, बेगूसराय में 1192, औरंगाबाद में 1016 खाताधारी हैं।

## कलेक्ट्रेट में जर्जर छज्जा टूटकर गिरा जिला योजना पदाधिकारी घायल



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद कलेक्ट्रेट में मंगलवार दोपहर को अचानक जर्जर छज्जा का एक हिस्सा टूटकर जिला योजना पदाधिकारी अविनाश कुमार के ऊपर गिर गया। चोट लगने से अविनाश कुमार घायल हो गए। हादसे के बाद सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शनी उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंची।

अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने ड्रेसिंग के लिए ओटी में भेज दिया। ओटी में मौजूद ड्रेसर चंदन कुमार पदाधिकारी को बेड पर लेटने को कहा। गंदा होने के चलते पदाधिकारी ने कहा कि कुर्सी पर बैठेंगे। इस पर ड्रेसर ने कहा कि कुर्सी मरीज के लिए नहीं है। इस बात पर रत्ना प्रियदर्शनी भड़क गई। फटकार लगाते हुए कहा कि तुम हमलोगों को नहीं जानते हो। अधिकारियों के साथ इस तरह का व्यवहार किया जा रहा है। यहां बहुत गंदगी है, इसकी शिकायत डीएम से करूंगी। मामले की जानकारी मिलते ही न्यूज कवर करने पहुंचे पत्रकारों को डीपीएम ने मना कर दिया। उन्होंने कहा कि दोषी के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। ड्रेसर को अधीक्षक कक्ष में बुलाकर जमकर पटकार लगाई।

## एसपी ने पुलिस केंद्र का किया निरीक्षण, जवानों की समस्याएं सुनीं और दिए समाधान के निर्देश



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

लाइन डे के अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस केंद्र, औरंगाबाद का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके समाधान हेतु संबंधित शाखा को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों की ड्यूटी, स्वास्थ्य, आवास, राशन, वर्दी, वेतन संबंधी विषयों पर जानकारी ली। जवानों ने भी खुलकर अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें कुछ मामलों पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए, वहीं अन्य जटिल मामलों को गंभीरता से लेकर जल्द समाधान का भरोसा दिया गया। उन्होंने पुलिस केंद्र में साफ-सफाई, अनुशासन, बैरक की स्थिति, भोजन व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया और कई आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिसकर्मियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाएगा ताकि वे पूरी निष्ठा और मनोबल के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें।

## बीपीएससी टीआरई के तहत 11801 महिला शिक्षिकाओं का अंतर-जिला स्थानांतरण

निज संवाददाता | पटना

बिहार के शिक्षा विभाग ने बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई) के पहले और दूसरे चरण के तहत चयनित 11,801 महिला शिक्षिकाओं का अंतर-जिला स्थानांतरण कर दिया है। यह स्थानांतरण मुख्य रूप से दूरी के आधार पर किया गया है। इस प्रक्रिया की जानकारी शिक्षिकाओं को ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर लॉगिन कर या उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से दी गई है। इस बार विभाग ने पारंपरिक तरीके से कोई सार्वजनिक सूची जारी नहीं की है, बल्कि व्यक्तिगत स्तर पर जानकारी उपलब्ध कराई गई है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने स्पष्ट किया है कि आगे से ट्रांसफर की सूची सार्वजनिक नहीं की जाएगी। इस निर्णय का उद्देश्य शिक्षकों की गोपनीयता बनाए रखना है। हालांकि, इस कदम पर बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दीपांकर गौरव ने पारदर्शिता की कमी को लेकर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि कुछ शिक्षिकाओं को दूरस्थ क्षेत्रों में स्थानांतरित किया गया है, जबकि कुछ को अपेक्षाकृत नजदीकी स्थान मिले हैं, जिससे चयन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं।

गौरव ने यह भी मांग की है कि पुरुष शिक्षकों के स्थानांतरण पर भी विभाग जल्द निर्णय ले। उन्होंने बताया कि कई पुरुष शिक्षक लंबे समय से स्थानांतरण की प्रतीक्षा कर रहे हैं, और केवल महिला शिक्षकों को प्राथमिकता देना भेदभावपूर्ण है। शिक्षा विभाग ने बताया कि स्थानांतरण प्रक्रिया सोमवार की मध्यरात्रि तक पूरी कर ली गई थी। शिक्षिकाएं अपने नए जिला आवंटन की जानकारी ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर लॉगिन कर या एसएमएस के माध्यम से प्राप्त कर सकती हैं। हालांकि, अभी तक स्कूल आवंटन की जानकारी साझा नहीं की गई है, जिससे शिक्षिकाओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इस स्थानांतरण प्रक्रिया का उद्देश्य शिक्षकों की बेहतर तैनाती सुनिश्चित करना है, ताकि राज्य के विभिन्न जिलों में शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। हालांकि, पारदर्शिता और निष्पक्षता को लेकर उठ रहे सवालों के बीच विभाग को शिक्षकों की चिंताओं का समाधान करना होगा।

## बेमौसम बारिश और झुलसती गर्मी ने सब्जी फसलों को किया बर्बाद, महंगाई बढ़ने की आशंका

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



मौसम के बदले मिजाज और बढ़ते तापमान ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। इस बार ग्रीष्मकालीन सब्जी फसलों पर मौसम की दोहरी मार पड़ी है। एक तरफ जहां तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, वहीं दूसरी ओर अचानक हुई बेमौसम बारिश ने फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। इससे सब्जियों के उत्पादन में भारी कमी की आशंका जताई जा रही है, जिसका सीधा असर आम लोगों की थाली पर पड़ने वाला है।

कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ. अनूप चौबे के अनुसार, गर्मियों की फसलें सामान्य तौर पर 25 से 35 डिग्री सेल्सियस के तापमान में ही बेहतर रूप से पनपती हैं। लेकिन इस बार तापमान असामान्य रूप से ज्यादा होने के कारण फसलों की वृद्धि रुक गई है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि भीषण गर्मी के कारण फूल झड़ने लगे हैं और परागण प्रक्रिया पर असर पड़ रहा है, जो उत्पादन में सीधी गिरावट का कारण बन सकता है। इसके अलावा, अत्यधिक गर्मी के चलते पौधों में पानी की आवश्यकता बढ़ गई है। मिट्टी से नमी तेजी से उड़ रही है, जिससे जड़ें सूखने लगी हैं और पौधों की स्थिति कमजोर होती जा रही है। ऐसे में किसान सिंचाई का बोझ उठा नहीं पा रहे हैं। दूसरी ओर, तापमान बढ़ने के साथ-साथ कीट और फफूंद जनित रोगों का प्रकोप भी तेजी से बढ़ा है, जिससे फसलें और भी अधिक प्रभावित हो रही हैं। डॉ. चौबे ने यह भी बताया कि कुछ इलाकों में हुई बेमौसम बारिश से फसलों पर और अधिक बुरा असर पड़ा है। बारिश के कारण फूल गलने लगे हैं और सब्जियों की गुणवत्ता गिर गई है। टमाटर, भिंडी, बैंगन और लौकी जैसी फसलें सीधे तौर पर प्रभावित हो रही हैं, जिससे उत्पादन में भारी गिरावट की संभावना है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि मौसम का यह रूख अगर आगे भी जारी रहा, तो बाजार में सब्जियों की भारी किल्लत देखने को मिल सकती है और कीमतें आसमान छू सकती हैं। किसानों को सलाह दी गई है कि वे अपनी फसलों को बचाने के लिए उचित सिंचाई प्रबंधन करें, छायादार जालों का उपयोग करें और कीट नियंत्रण के उपाय अपनाएं। फिलहाल, खेतों में पसरा सन्नाटा और बाजार में सब्जियों की कीमतों में हलचल इस बात का संकेत दे रही है कि आने वाले दिन किसानों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए कठिन हो सकते हैं।

## 50 हजार मखाना उत्पादक किसानों को मिलेगा ऋण

**पटना (नि.सं.)।** मखाना पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मखाना को मां का खाना बताया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा घोषित मखाना बोर्ड का सकारात्मक प्रभाव दिखने लगा है। लगभग 50 हजार मखाना उत्पादक किसानों को सीधे ऋण मिलेगा। राजधानी पटना के एक होटल में मंगलवार को आयोजित संगोष्ठी में उन्होंने मखाना-सिंघाड़ा, मखाना-पान, मखाना-मछली की चक्रीय खेती को बढ़ावा देने की भी बात कही। मखाना के पोषण और आर्थिक महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि देश में कुल मखाना उत्पादन का 85 प्रतिशत तथा विश्व के कुल उत्पादन का 60 प्रतिशत हिस्सा बिहार से आता है। उन्होंने कहा कि मखाना का भी न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित होना चाहिए। संगोष्ठी का आयोजन बिहार कृषि विज्ञान अकादमी (डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर), कृषि अर्थशास्त्र अनुसंधान एसोसिएशन तथा आईएफपीआरआई ने किया।

## डकैती की कोशिश नाकाम कर बहादुरी दिखाने वाले जवानों को मिला सम्मान



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

मंगलवार को बिहार पुलिस मुख्यालय के अपर पुलिस महानिदेशक कुन्दन कृष्णन के द्वारा एक महत्वपूर्ण समारोह में असाधारण साहस का प्रदर्शन करने वाले तीन वीर जवानों को सम्मानित किया गया। बिहार रेजिमेंट केंद्र के नायक धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, सिपाही राज कुमार दास और सिपाही पिंटू कुमार को एक बैंक कर्मचारी पर डकैती डालने की कोशिश कर रहे हथियारबंद बदमाश को पकड़ने और बड़ी घटना को टालने में निर्णायक भूमिका निभाने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन जवानों की सतर्कता और साहसिक कार्य ने जहां एक बड़ी आपराधिक वारदात को टाल दिया, वहीं आम जनता की सुरक्षा और भरोसे को भी मजबूत किया है। यह घटना उस वक्त हुई जब बैंक के पास संदिग्ध गतिविधि देख कर जवानों ने फुर्ती से कार्रवाई की और डकैत को धर दबोचा। हथियार से लैस अपराधी को काबू में कर उन्होंने साबित किया कि सेना और पुलिस बल के जवान सिर्फ सीमाओं की सुरक्षा ही नहीं करते, बल्कि आम जीवन में भी लोगों की रक्षा में तत्पर रहते हैं। सम्मान समारोह में झारखंड एवं बिहार सब एरिया के कर्नल (प्रशासन) सुमित सूद और बिहार रेजिमेंट सेन्टर, दानापुर के मेजर डी. एस. बिष्ट भी उपस्थित रहे।

## शिक्षा समिति के सदस्यों को जून से मिलेगा प्रशिक्षण

**पटना(नि.सं.)।** स्कूल के प्रबंधन और विकास का काम देखने वाले विद्यालय शिक्षा समिति (वीएसएस) के सदस्यों का प्रशिक्षण जून में शुरू होगा। जिले के तीन हजार से अधिक समेत राज्य के 68571 शिक्षा समितियों के छह-छह सदस्यों यानी कुल 4 लाख 11 हजार 426 सदस्यों को प्रशिक्षण मिलेगा। विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों को चरणबद्ध प्रशिक्षण दिया जाना है। वीएसएस में प्रत्येक स्कूल से छह सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। एक बैच में सात विद्यालयों के कुल 42 सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण अगस्त 2025 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। जिन छह सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जाएगा उनमें एक अध्यक्ष, सचिव, प्रधानाध्यापक के अतिरिक्त अनुसूचित जाति-जनजाति और अत्यंत पिछड़ा वर्ग और पिछड़ा वर्ग के एक-एक प्रतिनिधि भाग लेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन दिनों का होगा। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने इस संबंध में पटना समेत सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखा है।